सुप्रभात
रांची, सोमवार
04.03.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, नवमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 231



12 आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ेंगे पवन सिंह

## न्यूज डायरी

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में भारत फिर शीर्ष पर पहुंचा

**दुबई।** वेलिंगटन टेस्ट में रविवार को ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद न्यूजीलैंड के दो पायदान नीचे खिसकने से भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। तालिका में 64.58 अंक प्रतिशत हैं। ऑस्ट्रेलिया तीसरे स्थान पर है। बंगलादेश चौथे स्थान और पाकिस्तान पांचवें स्थान पर है।

### धनबाद में सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन

**धनबाद।** झरिया के तारा बागान नीचे धौड़ा में शनिवार शाम एक युवक की गला रेत कर हुई हत्या से गुस्साये परिजनों और ग्रामीणों ने रविवार को झरिया के ऊपर कुली मुख्य मार्ग पर शव को रख सड़क जाम कर दिया। वे आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शन में मौजूद महिलाएं शव के साथ सड़क पर बैठ गयीं। काफी देर तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। 30 वर्षीय युवक मो अकबर अली की अज्ञात अपराधियों ने गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी थी।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात शव बरामद

**रांची।** तुपुदाना-बालसीरिंग रेलवे ट्रैक में रविवार को एक अज्ञात व्यक्ति (44) का शव पुलिस ने बरामद किया है। अबतक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। आशंका है कि व्यक्ति की हत्या कर साक्ष्य छुपाने के लिए अपराधियों ने रेलवे ट्रैक में शव को फेंका दिया होगा। सिर का पूरा हिस्सा क्षत विक्षित होने के कारण अबतक शव की पहचान नहीं हो सकी है।

### घर के पास युवक की गोली मारकर हत्या

**मेदिनीनगर।** शनिवार की देर रात श्याम सुंदर साव की अपराधियों ने घर के ही पास गोली मार कर हत्या कर दी। वह शहर थाना क्षेत्र के कांदू मुहल्ला के रहने वाले थे। एक माह के दौरान जिले में फायरिंग की यह चौथी घटना है। गोली चलने की इन घटनाओं से पुलिसिया व्यवस्था पर सवाल उठने लगा है। बताया जाता है कि अपराधी भी उसी मुहल्ले के रहने वाले ही हैं। वह देर शाम में श्याम सब्जी लेकर घर के पास पहुंचे ही थे कि अपराधियों ने घेर कर इनपर गोली चला दी। गोली लगते ही श्याम मोटरसाइकिल से गिर पड़े। चार की संख्या में अपराधी दो मोटरसाइकिल से आये थे।

### विवादित बयान और डीपफेक से बचें : मोदी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठकमें कहा, योजनाओं पर बोलें, लेकिन विवादित बयान देने से बचें। उन्होंने मंत्रियों से कहा कि आप जो भी बोलें, सोच-समझकर ही बोलें। पीएम ने एक बार फिर से डीप फेक को लेकर चिंता जतायी और मंत्रियों से इसके शिकार होने से बचने का निर्देश दिया। सूत्रों के अनुसर मोदी ने मंत्रिपरिषद के साथ विकसित भारत 2047 के विजन दस्तावेज और अगले 5 वर्षों के लिए विस्तृत कार्य योजना पर विचार-विमर्श किया। बताया गया कि 100-दिवसीय एजेंडे पर भी काम किया गया।

## पटना रैली में बोले लालू- हिंदू नहीं हैं मोदी, नीतीश पर भी निकाली भड़ास

# अबकी सब मिल कर भाजपा को नेस्तनाबूद कर देंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** ऐतिहासक गांधी मैदान में आयोजित जन विश्वास महारैली में राजद सुप्रीमो लालू यादव एक बार फिर पुराने रंग में नजर आये। उन्होंने पीएम मोदी और नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। अपने भाषण में उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी हिंदू नहीं हैं। वहीं नीतीश कुमार के पलटी मारने पर व्यंग कसते हुए कहा, हमलोगों ने उन्हें गाली थोड़े दी थी। पलटासन तो उनका स्वभाव है। हमलोगों ने ही पहचानने में भूल की। लालू ने दावा किया कि इसबार लोकसभा चुनाव में भाजपा को नेस्तनाबूद कर देंगे। राजद सुप्रीमो ने कहा हेमंत सोरेन, राहुल गांधी और अखिलेश यादव के साथ बाकी विपक्ष के नेता मिलकर नरेंद्र मोदी को विदा करेंगे। भाईयों दिल्ली के ऊपर कब्जा करना है। आप लोग हाथ उठाइये। तब तक हाथ उठाइये जब तक नरेंद्र मोदी देख न ले। जाइये और चुनाव की तैयारी कीजिए। रविवार को आयोजित जनविश्वास रैली भारी भीड़ थी। रैली को राहुल गांधी, खड़गे, अखिलेश यादव, सीताराम येचुरी समेत कई नेताओं ने संबोधित किया।



### लागल-लागल झुलनिया में धक्का बलम कलकत्ता पहुंच गये...

नीतीश कुमार के बारे में बोलते हुए लालू यादव ने कहा कि उन्हें हमने कोई को गाली-गलौज नहीं दिया था। लालू यादव ने कहा कि जब वह पहली बार यहां से निकले थे, तो हमने उन्हें गाली नहीं दिया था, उनको सिर्फ यही कहा था कि वो पलटू राम हैं। उन्हें नहीं पलटना चाहिए था, लेकिन जब ये दोबारा आये तो हमसे गलती हो गयी। तेजस्वी से गलती हो गयी। हमारे पलटू भाई फिर नरेंद्र मोदी के चरणों में चले गये। इसलिए हम लोग कहते हैं *लागल-लागल झुलनिया में धक्का बलम कलकता पहुंच गये।* उन्होंने कहा, आज की रैली की भीड़ को देखकर नीतीश को पता नहीं और कौन-कौन सी बीमारी हो जायेगी।

### मोदी को दिल्ली से विदा करना है

राजद सुप्रीमो ने कहा कि अखिलेश यादव, हेमंत सोरेन और राहुल गांधी के साथ बाकी विपक्ष के नेता मिलकर नरेंद्र मोदी को विदा करेंगे। भाईयों दिल्ली के ऊपर कब्जा करना है। लालू यादव ने कहा कि आज गांधी मैदान की रैली से मैं आह्वान करता हूं कि आने वाले लोकसभा चुनाव में हम बीजेपी को नेस्तनाबूद कर देंगे। उन्होंने कहा कि बिहार जो निर्णय लेता है, वही देश करता है। उन्होंने कहा कि मोदी कहे थे कि मेरी सरकार आएगी तो सबके खाते में 15-15 लाख रुपए आयेंगे। हम भी विश्वास कर लिया। सबका जन धन का खाता भी खुला, लेकिन मोदी सबको ठेंगा दिखा दिया। लालू ने कहा कि इस बार सब मिलकर चुनाव लड़ेंगे और मोदी को विदा कर देंगे। हम लोगों को दिल्ली पर कब्जा करना है। भाजपा को नेस्तनाबूद कर देंगे।

### कई दिग्गजों का जुटान

जनविश्वास रैली में देश के दिग्गज नेताओं का जुटान हुआ। रैली में मंच पर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सीपीआइ (माले) के नेता दीपांकर भट्टाचार्य, सीपीआइ (एम) नेता सीताराम येचुरी, सपा नेता अखिलेश यादव, और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित अन्य दिग्गज नेता मौजूद थे।

## अपने जन्मदिन पर जेल में जा कर हेमंत से मिली कल्पना

# 18 साल में पहली बार साथ नहीं हैं पति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 3 मार्च को कल्पना सोरेन का जन्मदिन है, ऐसे में रविवार की दोपहर वे अपने पति से मिलने के लिए रांची के बिरसा मुंडा जेल पहुंची। आवश्यक कार्य के बाद वह अपने पति हेमंत सोरेन से मिली और उनसे शुभकामनाएं लीं। हेमंत सोरेन की तरफ से कल्पना सोरेन को जन्मदिन के अवसर पर जेल में एक गुलदस्ता भी दिया गया। पति से मुलाकात के बाद कल्पना सोरेन ने एक पर पोस्ट करते हुए यह लिखा है कि 'आज मेरे जन्मदिन के अवसर पर हेमंत जी से जेल में मुलाकात की। हेमंत की तरफ से अप्रीतम पुष्प गुच्छ भी उन्हें मिला है। अपने पोस्ट में लिखा '18 वर्षों में यह पहला अवसर है जब जन्मदिन के अवसर पर हेमंत जी परिवार के साथ नहीं हैं।

### बाबा और मां से लिया आशीर्वाद



### राजनीति के मैदान में उतरेंगी कल्पना सोरेन

सोशल मीडिया पर कल्पना सोरेन ने लिखा, झारखंडवासियों और झामुमो परिवार के असंख्य कार्यकर्ताओं की मांग पर सोमवार से मैं सार्वजनिक जीवन की शुरूआत कर रही हूं। जब तक हेमंतजी हम सभी के बीच नहीं आ जाते तब तक मैं उनकी आवाज बनकर आपके बीच उनके विचारों को आपसे साझा करती रहूंगी, आपकी सेवा करती रहूंगी। बाबा और मां से आसीर्वाद ले कर जा रही हूं। विश्वास है, जैसा स्नेह और आशीर्वाद आपने अपने बेटे और भाई हेमंत को दिया है, वैसा ही स्नेह और आशीर्वाद, मुझे भी देंगे। कल्पना ने केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए लिखा है कि केंद्र की भाजपा सरकार के षड्यंत्र कर हेमंत जी को अपनी जनता से दूर रखा है। जेल में रहने के बावजूद भी वह हरपल झारखंड के बारे में ही सोचते रहते हैं। उन्होंने लिखा, हेमंत जी का संघर्ष, उनका आत्मविश्वास और राज्यवासियों के प्रति अविचल प्रेम और समर्पण को देख झारखंड का हर घर एक ही उद्घोष कर रहा है, कि हेमंत है तो विश्वास है, हेमंत है तो हिम्मत है, झारखंड झुकेगा नह, जय जोहार, जय झारखंड!

### आज गिरिडीह जायेंगी कल्पना

**रांची।** झामुमो गिरिडीह जिला का 51वां स्थापना दिवस समारोह चार मार्च को आक्रोश दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इसमें सीएम चंपाई सोरेन के साथ-साथ पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी शामिल होंगी। गिरिडीह झंडा मैदान में मुख्य समारोह होगा। मुख्य अतिथि में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन होंगे।

## सड़क मार्ग से गढ़वा पहुंचे सीएम चंपई सोरेन, दी कई सौगात

# राज्य के विकास की जो लकीर खींची है, पीढ़ियां गर्व करेंगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची, गढ़वा।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन खराब मौसम के कारण रविवार को सड़क मार्ग से गढ़वा करीब चार घंटे विलंब से पहुंचे। उन्होंने गढ़वा को 93 करोड़ की 5 योजनाओं की सौगात दी। सीएम ने गढ़वा के नवनिर्मित समाहरनालय भवन समेत पांच योजनाओं का उद्घाटन किया। खराब मौसम के कारण वह जनसभा को संबोधित नहीं कर सके। इस संबंध में ट्वीट कर जनसभा को संबोधित न कर पाने का अफसोस जताया। बारिश थमने का बहुत इंतजार किया, पर आपसे नहीं मिल सका। यह दिन गढ़वा के लिए ऐतिहासिक है। हमारी सरकार ने विकास की जो लकीर खिंची है, आने वाली पीढ़ियां उस पर गर्व करेंगी। उन्होंने कहा कि बादल चाहे कितना भी घना हो सूर्य को हमेशा के लिए नहीं ढक सकता है। एक दिन सच्चाई सामने आयेगी और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन बहुत जल्द सलाखों से बाहर आयेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य में विकास की लंबी लकीर खींची है। गढ़वा में कार्यक्रम के बाद मौसम साफ होते ही सीएम हेलीकॉप्टर हेलीकॉप्टर लौट आये। क्योंकि दोबारा मौसम खराब होने का अंदेशा था । गढ़वा से ही मुख्यमंत्री इस दौरान अधिकारियों को कई निर्देश दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, गढ़वा डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय समेत कई अधिकारी मौजूद थे। सीएम के गढ़वा पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद पारंपरिक झारखंडी गीत व नृत्य से उनका स्वागत हुआ। समय की कमी की वजह से चंपाई सोरेन ने यहां कोई भाषण नहीं दिया। शाम करीब 5:30 बजे वह हेलीकॉप्टर से रांची रवाना हो गये।



### बैद्यनाथ को मंत्री बनाने की खुशखबरी जल्द देंगे

गढ़वा जाने के क्रम में सीएम चंपई सोरेन कुछ देर लातेहार में रूके। यहां मीडिया के साथ बात करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय बैद्यनाथ राम को मंत्री बनाने की खुशखबरी हम जल्द देंगे। लातेहार में पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पत्रकारों ने उनसे बैजनाथ राम को लेकर कई सवाल पूछे। उन्हें मंत्री बनाये जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रक्रिया चल रहा है, जल्द ही इस पर निर्णय लिया जायेगा। वहीं लातेहार में सरकारी डिग्री कॉलेज की कमी और साइंस की पढ़ाई नहीं होने के मामले में सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि यहां सरकारी कॉलेज का उद्घाटन हो चुका है और जल्द ही पढ़ाई भी आरंभ हो जायेगी। इसके अलावा भी कई अन्य प्रश्नों के मुख्यमंत्री ने जवाब दिये। लातेहार परिसदन में सीएम ने करीब 30 मिनट तक विश्राम किया। इसके बाद वो गढ़वा के लिए सड़क मार्ग से ही रवाना हो गये।

## 8-8 आइएएस बदले, वंदना फिर बनीं कैबिनेट सचिव

# घोलप रमेश चतरा और कुमुद जामताड़ा के डीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में एक के बाद एक ताबड़तोड़ तबादले किये जा रहे हैं। राज्य सरकार ने एक बार फिर भारतीय प्रशासनिक सेवा के आठ अधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल को अपने कार्यों के साथ प्रधान सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग (कैबिनेट सचिव) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं, प्रमंडलीय आयुक्त कोल्हान प्रमंडल चाईबासा के पद पर पदस्थापित मनोज कुमार को स्थानांतरित करते हुए सचिव महिला बाल विकास विभाग सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड रांची के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। अपर सचिव स्कूली शिक्षा में साक्षरता विभाग कुमुद सहाय को स्थानांतरित करते हुए जामताड़ा का डीसी नियुक्त किया गया है। इसी तरह वित्त विभाग के संयुक्त सचिव घोलप रमेश गोरख को चतरा का डीसी बनाया गया है। इसी तरह चतरा डीसी के पद पर स्थापित अबू इमरान को स्थानांतरित करते हुए प्रबंध निदेशक या झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड रांची का पद पर नियुक्त किया गया है।( शेष 11पर)

# गडकरी कल आयेंगे खूंटी, करोड़ो की देंगे सौगात

खबर मन्त्र संवाददाता

**खूंटी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 5 मार्च को अपने झारखंड दौरे पर खूंटी आ सकते हैं। वह खूंटी, दुमका और रांची से लोहरदगा तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास करेंगे। फिलहाल उनके दौरे को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गयी है, लेकिन केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सांसद प्रतिनिधि ने कहा है कि नितिन गडकरी खूंटी आयेंगे। चुनाव की घोषणा से पहले ही खूंटी संसदीय क्षेत्र में 1100 करोड़ रुपये की योजना का शिलान्यास कार्यक्रम प्रस्तावित है। राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी खूंटी समेत रांची को लोहरदगा से जोड़ने वाली मुख्य सड़क, रांची से बंदगांव को जोड़ने वाली सड़क और दुमका में करोड़ों की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास करेंगे। जानकारी के मुताबिक रघुवर दास के कार्यकाल में खूंटी बाइपास सड़क के निर्माण को मंजूरी दी गयी थी, लेकिन राजनीतिक साजिश और उदासीन रवैये के कारण अधिकारियों ने सड़क निर्माण पर रोक लगा दी। अर्जुन मुंडा के सांसद बनने के बाद बाइपास निर्माण की मांग तेज हो गयी और अर्जुन मुंडा ने खूंटीवासियों को बाइपास देने का वादा किया।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

तीसरी आंख




# पीएम बनते ही शहवाज ने भारत के खिलाफ उगला जहर


## कश्मीरियों और फिलिस्तीनियों के लिए 'आजादी' की वकालत की

एजेंसी

**कराची।** पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनते ही शहबाज शरीफ ने कश्मीर को लेकर जहर उगलना शुरू कर दिया है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, शहबाज ने रविवार को सदन में कश्मीर और फिलिस्तीन का मुद्दा उठाया। वह कश्मीरियों और फिलिस्तीनियों के लिए 'आजादी' की वकालत करते नजर आये। उन्होंने इस पर द्विदलीय प्रस्ताव लाने की मांग रखी। शहबाज ने कहा कि गाजा की मौजूदा स्थिति पर 'वैश्विक चुप्पी' देखी जा सकती है। पाकिस्तानी पीएम ने कहा, 'आयेए हम सब एक साथ आयें। नेशनल असेंबली को कश्मीरियों और फिलिस्तीनियों की आजादी के लिए प्रस्ताव पारित करना चाहिए। शहबाज को सोमवार को राष्ट्रपति निवास ऐवान-ए-सद्र में पद की शपथ दिलायी जायीगी। आम चुनाव कराने के लिए संसद भंग किए जाने से पहले शहबाज ने अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक प्रधानमंत्री के रूप में गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया था। (शेष 11 पर)

### मुश्किल है, लेकिन नामुमकिन नहीं

नवनिर्वाचित पीएम शहबाज ने कहा कि इस संसद में ऐसे प्रतिभाशाली लोग बैठे हैं, जो पाकिस्तान की नैया पार लगा सकते हैं। इनमें पत्रकार, बुद्धिजीवी, नेता, धार्मिक नेता शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सामने एक बड़ी चुनौती और अवसर था। उन्होंने कहा, अगर हम एक साथ आते हैं और पाकिस्तान के भाग्य को बदलने का फैसला करते हैं, तो इंशाअल्लाह हम इन चुनौतियों को परास्त करेंगे। पाकिस्तान को उसके सही मुकाम तक लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह काम मुश्किल है, लेकिन नामुमकिन नहीं है।



### अच्छे दिनों का नारा पाक में भी गूंजा

पीएमएल-एन ने दोनों नेताओं की तस्वीरों के साथ एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विकास के पुराने अच्छे दिनों की वापसी। नवाज का विजन, शहबाज का मिशन। उसने एक अन्य पोस्ट में कहा कि सरपरस्ती का दूसरा नाम मुहम्मद शहबाज शरीफ है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) समर्थित सांसदों के हंगामे और नारेबाजी के बीच नई संसद का सत्र बुलाया गया था। शहबाज ने अपने भाषण में यह भी कहा कि यह मुल्क पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और बिलावल भुट्टो जरदारी के नाना जुल्फिकार अली भुट्टो के बलिदानों को हमेशा याद रखेगा। जब शहबाज शरीफ ने बोलना शुरू किया, तो पीटीआई समर्थित सदस्यों ने चोर के नारे लगाने शुरू कर दिये।

## विदेशी महिला से गैंग रेप की जांच में तेजी

# फॉरेंसिक, सीआइडी टीम ने जुटाये साक्ष्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरमाहाट गांव के पास स्पेनिश महिला से सामूहिक दुष्कर्म मामले की जांच में तेजी आ गयी है। फोरेंसिक जांच और रांची से पहुंची सीआईडी टीम ने घटनास्थल की गहन जांच की गयी। अधिकारियों ने अपने स्तर पर वहां मौजूद कुछ साक्ष्य भी जुटाये, हालांकि उन्होंने इस बात की जानकारी नहीं दी कि उन्हें क्या मिला। गैंगरेप मामले में पुलिस ने अबतक तीन आरोपियों को धर दबोचा है। वहीं महिला आयोग की सदस्य ने पीड़िता से मुलाकात की और दोषियों को शीघ्र पकड़ कर सख्त सजा देने की मांग की।

### पीड़िता ने सुनायी आपबीती

स्पेन से भारत घूमने आई महिला के साथ दरिंदगी की खौफनाक वारदात से हर कोई सन्न है। महिला अपने पति के साथ बाइक टूर पर भारत आयी थी। दुमका में 7 लोगों ने महिला के साथ उस वक्त दरिंदगी की जब वह टेंट में अपने पति के साथ सो रही थी। इस बीच महिला का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह रो-रोकर अपने साथ हुई इस दरिंदगी के बारे में बताती नजर आ रही हैं। उन्होंने बताया भारत में मेरे साथ कुछ ऐसा हुआ दो मैंने कभी नहीं चाहा। यहां 7 लोगों ने मेरा रेप किया, हमें मारा और हमें लूट लिया। उन्होंने कहा, हमारे पास ज्यादा कुछ नहीं था, वो लोग बस मेरा रेप करना चाहते थे।

## चार माह में आ जायेगा फैसला, अब सरकार को नहीं देने होंगे अतिरिक्त पैसे

# ठेकेदार और अभियंता-विभागों के बीच विवादों का निपटारा अब न्यायाधिकरण के जिम्मे होगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड लोक कार्य संविदा विवाद मध्यस्थम न्यायाधिकरण विधेयक 2024 को विधानसभा से मंजूरी मिल गयी है। अब, जल्द ही इसे विधि विभाग अधिसूचित कर देगा। इस विधेयक के पहले जो नियम था उसके अनुसार ठेकेदार और इंजीनियरों-विभाग के बीच पेमेंट को लेकर कोई विवाद होता था तो संवेदक सिविल सूट फाइल करता था। इसके बाद जो आदेश पारित होता था उसके अनुरूप भुगतान होता था। इसके लिए लंबी कानूनी प्रक्रिया चलती थी।

### देने होते थे ब्याज के अतिरिक्त पैसे

आदेश सरकार के खिलाफ गया तो बड़ी राशि ब्याज के रूप में अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता था। इससे संबंधित विभाग को काफी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ता था। अब नये विधेयक में उस नियम में संशोधन किया गया है। अब एक ट्रिब्यूनल का गठन किया जायेगा और विवादित सभी मामले इसी न्यायाधिकरण में भेजे जायेंगे। वहां जो निर्णय होगा, उसे लागू किया जायेगा। यह माना जा रहा है कि इसके होने से सरकार को अतिरिक्त सूद की राशि का जो भुगतान करना पड़ता था, उससे बचा जा सकता है। सरकार का कहना है कि राजय सरकार, सरकारी कंपनियों तथा स्थानीय निकायों को बड़ी संख्या में विकास एवं अन्य परियोजनाओं का निष्पादन करने की आवश्यकता होती है, ओर चूंकि ऐसी परियोजनाएं कार्य संविदा करारों के तहत की जाती है।

### पक्षकारों के बीच अक्सर होता है विवाद

बताते चलें कि संविदा के पक्षकारों के बीच अक्सर विवाद होता है। ऐसे में अब एक न्यायाधिकरण का गठन किया जायेगा, जिसमें अध्यक्ष व सदस्य होंगे। हाइकोर्ट के जज या पांच साल से अधिक समय से जिला न्यायाधीश रहे हों, वे इसके अध्यक्ष होंगे। सचिव स्तर के पदाधिकारी, अभियंता प्रमुख या दो साल से अधिक समय से मुख्य अभियंता इसके सदस्य होंगे। अध्यक्ष व सदस्य का कार्यकाल चार वर्ष या अधिकतम 70 वर्ष होगा। विवादों का निपटारा अधिकतम चार माह के अंदर कर लेना होगा। पक्षकारों को न्यायाधिकरण का आदेश मानना होगा।

### संविदा पर मुख्य रूप से ये काम होंगे

सरकार या किसी लोक उपक्रम के द्वारा किसी भवन, सुपर स्ट्रक्चर बांध, महाबांध, नहर, जलाशय, तालाब, झील, सड़क सभी प्रकार के पुलों-पुलिया, कारखाना या कार्यशालाओं अथवा यथास्थिति राज्य सरकार या लोक उपक्रम के ऐसे अन्य कार्य इस प्रकार के अन्य संरचना, जिसे राज्य सरकार के द्वारा दिया जाये। मरम्मत, अनुरक्षण के सारे कार्य, सामग्री की आपूर्ति, परामर्शी सेवा, पर्यवेक्षण परियोजना, गुणवत्ता सुनिश्चितकरण, प्रबंधकीय सेवा आदि से जुड़े मामले इस न्यायाधिकरण के अधीन होंगे।

# लोकसभा चुनाव : मतदाता सूची में नाम चेक करने का आज से चलेगा अभियान

**सोशल मीडिया पर भी आज से चलेगा आई एम वेरीफाइड वोटर अभियान**

### मतदान केंद्र पर मौजूद रहेंगे बीएलओ




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूरे राज्य भर में मतदाता सूची में अपना नाम सत्यापित करने के लिए आज से अभियान चलाया जाएगा। इसे लेकर सोमवार को सभी बीएलओ को बूथ पर रहने के निर्देश दिया गया है। लोगों से अपील की जा रही है कि बूथ जाकर मतदाता सूची में अपना नाम जरूर चेक कर लें और जो लोग नाम चेक करने के लिए सोमवार को बूथ नहीं जा सकते हैं वे कम से कम इतना कार्य जरूर करें कि गूगल प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर उसमें अपना नाम जरूर सत्यापित कर लें। किसी भी विसंगति की स्थिति में अपने बीएलओ को बताएं या निर्वाचन हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल करें। अपना नाम सत्यापित करने के उपरांत मतदाता इस बात का जिक्र अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर भी जरूर कर दें, कि उन्होंने अपना नाम चेक कर लिया है, ताकि उनसे अन्य लोग भी प्रेरणा ले सकें। इस दौरान उनसे अपनी पोस्ट में हैशटैग#आईएम वेरिफाईड वोटर का भी प्रयोग करने की अपील की गई है।

# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए झारखंड भी है तैयार : बाबूलाल

## युवा इंटक नेता कुमार रवि चौबे ने भाजपा की सदस्यता ली



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि पीएम नमो के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए झारखंड भी तैयार है। श्री मरांडी रविवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर युवा इंटक नेता रवि चौबे ने अपने समर्थकों संग भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। श्री मरांडी ने कहा कि लोग लगातार भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं। जनता का भरोसा मोदी जी पर बढ़ता ही जा रहा रहा है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प सत्ता के लिए नहीं बल्कि गांव, गरीब, किसान, मजदूर महिला, आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी वर्गों की सेवा के लिए है। उन्होंने कहा कि जनता के समर्थन से 400 पार का संकल्प पूरा होगा। झारखंड में 14 लोकसभा सीट पर एन डी ए की जीत होगी। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा पार्टी नही परिवार है। रवि चौबे के पार्टी में आने से पार्टी और मजबूत होगी। युवाओं के बीच पार्टी का जनाधार और बढ़ेगा। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में राहुल प्रभात, अंजनी पांडे, सखर आलम, बिलाल शेख, रिजवान अंसारी, अजित टुडू, विश्वनाथ मरांडी, अजय मरांडी, जय प्रकाश, राज शुक्ला, विनोद पासवान, भीम सिंह, विश्वजित सिंह, अजीत टुडू, विश्वनाथ मरांडी, नवीन प्रकाश, राज शुक्ला, रविरंजन प्रसाद, मंतोष पाठक, सत्यजीत गुरु, रोशन झा, अश्विनी मिश्रा, अमित कुमार, अजय मरांडी, जयप्रकाश महतो, राजेश गोराई, संतोष यादव, संतन शर्मा, मधुसूधन शर्मा, विद्या ओझा, संजीव कुमार, रूपलाल मांझी, फागु सोरेन आदि शामिल हैं।

# झारखंड की झामुमो नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने समाज के हर वर्ग को दुखी किया : सुदेश महतो

**आम आदमी पार्टी रांची महानगर अध्यक्ष सतेंद्र सिंह ने सहयोगियों के साथ थामा आजसू पार्टी का दामन**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** आजसू पार्टी के के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य में वर्तमान हालात अच्छे नहीं हैं। इससे समाज का हर वर्ग दुखी और निराश है। साथ ही गलत नीति निर्धारण से विकास भी अवरुद्ध हुआ है। सुदेश महतो रविवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह बोल रहे थे। इस दौरान आम आदमी पार्टी के रांची महानगर अध्यक्ष सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में आप के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी का दामन थामा।

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य में सकारात्मक राजनीतिक परिवर्तन लाने के लिए इच्छाशक्ति का होना आवश्यक है। हम सभी को मिलकर प्रदेश को फिर से अविराम गति से तरक्की के पथ पर लेकर जाना है।

मौके पर सतेंद्र सिंह ने कहा कि झारखंड के विकास के उद्देश्य से आजसू पार्टी में शामिल हुआ हूं। झारखंड राज्य के समस्त समस्यओं को दूर करने का प्लेटफार्म आजसू है। आजसू युवाओं, मूलवासियों के कल्याण करने वाली पार्टी है। पूरी प्रतिबद्धता के साथ झारखंड के नवनिर्माण करेंगे। 2024 में हमारी सरकार बनेगी। मिलन समारोह में अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, महासचिव मुकुंद चंद्र मेहता, पार्टी केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत, राजेन्द्र मेहता, तरुण गुप्ता, मोसिन खान, रांची जिला अध्यक्ष संजय महतो, वीणा देवी, एस अली मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**इन्होंने ली सदस्यता :** आम आदमी पार्टी रांची महानगर सचिव विनय भूषण, महानगर उपाध्यक्ष सतेंद्र साहू, अशोक पांडेय, बिनोद सिंह, आलोक सिंह, आदित्य सिंह, राजकमल कुमार, मिथिलेश सिंह, आशुतोष सिंह आदि लोग हैं।

## भाजपा प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में हुआ मंथन




**रांची।** हरमू रोड स्थित भाजपा मुख्यालय में प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने की। इसमें चुनाव प्रचार, बूथ मैनेजमेंट आदि विषयों पर विमर्श किया गया। इसमें चुनावी रणनीति पर विचार किया गया। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा, विधायक सीपी सिंह, भानु प्रताप शाही, बिरंची नारायण और अमित मंडल समेत चुनाव प्रबंधन समिति के कई सदस्य शामिल थे।

# लोस चुनाव 2024 : आईपीएस अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण

**सभी जोनल आइजी, रेंज के डीआईजी और जिलों के एसएसपी और एसपी के लिए प्रशिक्षण का आयोजन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर अब झारखंड पुलिस को चुनाव मोड में लाने की तैयारी शुरू हो गयी है। पुलिस मुख्यालय ने जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी और सभी जिलों के एसपी को तैयार रहने का आदेश दिया है। चुनाव प्रशिक्षण के लिए रविवार को सभी जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी और जिलों के एसएसपी व एसपी के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आईपीएस ए वी होमकर, मयुर पटेल, अश्विनी सिन्हा और धनंजय सिंह सभी पुलिस अधिकारियों को चुनाव से संबंधित प्रशिक्षण दिया।



### चुनाव आयोग ने जारी किये निर्देश

लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष प्रशिक्षण चल रहा है. इस दौरान लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति, खासकर नक्सली इलाकों में मतदान कैसे कराया जाये, पिछले दिनों चुनाव के दौरान किस तरह की गड़बड़ी का सामना करना पड़ा, किन इलाकों में कौन से नक्सली ग्रुप सक्रिय हैं और उनसे कैसे निपटना है, चुनाव आयोग ने इस संबंध में निर्देश दिये हैं। यह सब बातें झारखंड पुलिस के आईजी अभियान सह राज्य पुलिस के नोडल पदाधिकारी अमोल होमकर ने प्रशिक्षण सत्र में पुलिस अधिकारियों को विस्तार से बताया।

### वीआइपी सुरक्षा प्रोटोकॉल की जानकारी दी

झारखंड पुलिस के आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार लोकसभा चुनाव के दौरान वीआईपी सुरक्षा के नोडल पदाधिकारी हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री से लेकर कई वीआईपी और स्टार प्रचारकों का आना-जाना रहेगा। ऐसे में वीआईपी सुरक्षा में किस तरह के प्रोटोकॉल का पालन करना है, इसकी जानकारी भी प्रशिक्षण सत्र में अधिकारियों को दी गयी है।

### चुनाव आयोग के मैनुअल के तहत प्रशिक्षण पर दिया जा रहा जोर

लोकसभा चुनाव स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में कराया जाना है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से जारी मैनुअल के तहत ही प्रशिक्षण पर जोर दिया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में प्रतिनियुक्त जवानों को मतदानकर्मियों की सुरक्षा से लेकर बूथ की निगरानी तक की रणनीति से अवगत कराया जायेगा। उन्हें मतदान सामग्री की सुरक्षा, असामाजिक तत्वों, उपद्रवियों से निपटने के तरीके से भी बताये जायेंगे. मतदाताओं को असुविधा न हो, उन्हें कोई मतदान से वंचित न कर पाये और उन्हें अपने पक्ष में मतदान के लिए कोई दबाव बनाये, वैसे लोगों से कैसे निपटना है, उन्हें यह भी बताया जायेगा।

# कांग्रेस नेता संतोष कुमार सोनी ने अपने समर्थकों के साथ जदयू का दामन थामा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ओबीसी विभाग के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सह पश्चिम बंगाल प्रभारी एवं एसएफसी मोटिया मजदूर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सोनी रविवार को जदयू में शामिल हुए। हरमू स्थित स्वागतम बैंक्वेट हाल में आयोजित मिलन समारोह में जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने उन्हें जदयू की सदस्यता ग्रहण कराई। मौके पर जदयू के प्रदेश महासचिव भगवान सिंह, तपन रजवार, सागर कुमार, संजय सिंह, ब्रम्हदेव प्रसाद, मनोज सिन्हा, राजू महतो, रामजी प्रसाद एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



खीरू महतो ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में मजदूरों की भूमिका अहम है और जदयू मजदूर हित में निरंतर कार्य करती रहेगी साथ ही उनकी मांगों को लेकर संघर्ष करेगी।

मजदूर नेता संतोष कुमार सोनी ने कहा कि जिस तरह नीतीश सरकार में बिहार का विकास हुआ, वैसे ही झारखंड के सभी प्रखंडों में प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो के नेतृत्व में संगठन को मजबूत करेंगे और साथ ही साथ राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो के सहयोग से 8314 रजिस्टर्ड मजदूरों को उसका अधिकार दिलाने में सहयोग लेंगे।

श्री सोनी के संग तपन रजवार, सिकंदर जी, राजकुमार पंडित, जी यादव, मुकेश कुमार, रामकुमार राम, आर्यन वर्मा, संजय कुमार, इदरीश अंसारी, पंकज कुमार सहित सैकड़ों ने जदयू की सदस्यता ग्रहण की।

## 1952 से अब तक सबसे अधिक छह बार कांग्रेस ने जीता है चुनाव

# पलामू लोस सीट पर रोमांचक रहा है राजनीतिक दलों का सफर

**उदय चौहान**

**रांची।** आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सभी पार्टियां तैयारी में पसीना बहा रही है। पलामू लोकसभा सीट पर अभी भाजपा का कब्जा है। इस बार भाजपा के ही बीडी राम उम्मीदवार बनाये गये हैं लेकिन इस सीट पर 6 बार से ज्यादा कांग्रेस जीत चुकी है। उल्लेखनीय है कि झारखंड की पलामू लोकसभा सीट का इतिहास काफी पुराना है। आजाद भारत के पहले आम चुनाव के बाद से ही पलामू राजनीति के केंद्र में रहा है। पलामू सीट पर पहले कांग्रेस का कब्जा रहा। फिर राजद और अब यह सीट भाजपा के पाले में है। भाजपा ने पांच बार इस सीट पर कब्जा किया है। पलामू लोकसभा सीट का गठन भारत की आजादी के बाद हुआ। पहले इस लोकसभा सीट का नाम पलामू-हजारीबाग-रांची था। 1952 में हुये पहले लोकसभा चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने यहां से जीत हासिल की। हालांकि, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जेठन सिंह खरवार भी मैदान में थे। झारखंड पार्टी की उम्मीदवार एलिस कुजूर तीसरे स्थान पर रहीं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गजेंद्र प्रसाद सिंह को 18.4 फीसदी वोट मिले जबकि झारखंड पार्टी को 15.9 फीसदी वोट मिले।




1957 के चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गजेंद्र प्रसाद सिंह फिर से यहां से विजयी हुये। इस चुनाव में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को कुल 40.8 प्रतिशत वोट मिले। छोटा नागपुर संथाल परगना जनता पार्टी के उम्मीदवार राम अवतार शर्मा को 24.8 फीसदी वोट मिले, जबकि झारखंड पार्टी को 15.1 फीसदी वोट मिले। वर्ष 1962 के चुनाव में स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार शशांक मंजरी पलामू के सांसद बने। उन्हें कुल 56.1 फीसदी वोट मिले। 1977 के लोकसभा चुनाव में पलामू में बदलाव हुआ। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की लगातार दो बार विजयी रहीं कमला कुमारी को इस बार हार का सामना करना पड़ा। पलामू सीट पर भारतीय लोक दल के उम्मीदवार रामधनी राम ने जीत हासिल की। उन्हें कुल 76.01 फीसदी वोट मिले। वहीं 1980 के चुनाव में कांग्रेस ने एक बार फिर अपनी खोई हुई सीट पर कब्जा कर लिया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) की कमला कुमारी को 47 प्रतिशत वोट मिले जबकि रामधनी राम को 30.5 फीसदी वोट मिले। उन्होंने पार्टी बदल ली थी और जनता पार्टी से चुनाव लड़ा था। 1984 के चुनाव में कांग्रेस दोबारा जीतकर आई। कांग्रेस की कमला कुमारी को 71.2 फीसदी वोट मिले जबकि जनता पार्टी के रामसुंदर दास यहां से चुनाव मैदान में थे और उन्हें 19.5 फीसदी वोट मिले।

### झारखंड गठन के बाद बदला पलामू लोकसभा का समीकरण

झारखंड गठन से पहले भाजपा पलामू सीट पर लगातार चार लोकसभा चुनावों में विजयी रही थी। 1991, 1996, 1998 और 1999 के लोकसभा चुनाव में पलामू सीट भाजपा के पास रही लेकिन, बिहार-झारखंड के बंटवारे के बाद 2004 में हुये पहले लोकसभा चुनाव में पलामू सीट राजद के खाते में चली गयी। 2004 के लोकसभा चुनाव में राजद के मनोज कुमार भुइयां ने 32.2 फीसदी वोट पाकर पलामू सीट से जीत हासिल की थी। 2009 के लोकसभा चुनाव में राजद पलामू से हार गई। यहां राजद ने अपना उम्मीदवार बदल दिया था। राजद ने घूरन राम को अपना उम्मीदवार बनाया था। इस चुनाव में पलामू लोकसभा सीट से झामुमो के कामेश्वर बैठा ने जीत हासिल की। इन्हें कुल 25.8 फीसदी वोट मिले। इधर, 2024 के लिए बन रहे चुनावी समीकरण में .ाजपा का दावा मजबूत माना जा रहा है। हालांकि 2024 में जनता किसे चुनती है ये तो आने वाले समय में ही पता चलेगा। लेकिन 2014 में मोदी की लहर, 2019 में मोदी का असर और फिर 2024 में मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ने में जुटी भाजपा के लिए पलामू सीट सुरक्षित मानी जा रही है।

1989 के लोकसभा चुनाव में पलामू में एक बार फिर परिवर्तन हुआ और यह सीट जनता दल के खाते में चली गयी। जनता दल के जोरावर राम ने सीट पर कब्जा जमाया। इन्हें कुल 36.5 फीसदी वोट मिले, जबकि भाजपा के रामदेव राम को 27.9 फीसदी वोट मिले। जबकि कांग्रेस आई की कमला कुमारी को 22.8 फीसदी वोट मिले। वहीं 1991 के लोकसभा चुनाव में पलामू सीट पर एक बार फिर परिवर्तन हुआ। 1991 के लोकसभा चुनाव में यह सीट भाजपा के खाते में गयी। भाजपा के रामदेव राम को कुल 37.3 फीसदी वोट मिले। दूसरे स्थान पर जनता दल के जोरावर राम रहे। इन्हें कुल 31.6 फीसदी वोट मिले। जबकि इंडियन नेशनल कांग्रेस की कमला कुमारी को 13.4 फीसदी वोट मिले। 1996 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 42.4 फीसदी वोट पाकर इस सीट पर फिर कब्जा कर लिया। हालांकि, भाजपा ने यहां से अपना उम्मीदवार बदल दिया था। 1991 में भाजपा के सांसद रामदेव राम की जगह ब्रजमोहन राम को टिकट दिया गया। जबकि दूसरे स्थान पर जनता दल से उदय नारायण चौधरी चुनाव लड़े थे। उन्हें कुल 31.20 वोट मिले थे। जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राधा कृष्ण किशोर को केवल 10.5% वोट ही मिल सके। इसके बाद 1998 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पलामू सीट पर जीत हासिल की। भाजपा के ब्रजमोहन राम को कुल 52.6 फीसदी वोट मिले। जबकि राजद के उदय नारायण चौधरी को कुल 39.20 वोट मिले थे। 1999 लोकसभा चुनाव में पलामू सीट भाजपा के कब्जे में ही रही। यहां से भाजपा के ब्रजमोहन राम को 52.6 फीसदी वोट मिले। वहीं इस बार राजद ने अपना उम्मीदवार बदल कर जवाहर राम को टिकट दिया था। जवाहर राम को यहां कुल 36.01 फीसदी वोट मिले।

# लोहरदगा लोकसभा सीट पर कांग्रेस का रहा दबदबा

**पिछले तीन चुनावों 2009, 2014 और 2019 में भाजपा ने जीत हासिल की है**

**1957 में जब यहां पहली बार चुनाव हुये थे तो यह बिहार का हिस्सा था।**

**2009 के बाद लगातार यहां से भाजपा उम्मीदवार सुदर्शन भगत जीत रहे हैं...**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोहरदगा सीट कांग्रेस के मजबूत गढ़ के रूप में मानी जाती रही है। हालांकि पिछले तीन चुनावों से यहां भाजपा जीत हासिल की है। 1957 से 2019 तक हुये 15 चुनावों में कांग्रेस ने यहां 7 बार जीत दर्ज की है। हालांकि इन चुनावों में भाजपा ने कांग्रेस को कांटे की टक्कर दी है। लोहरदगा में पिछले तीन लोकसभा चुनावों 2009, 2014 और 2019 में भाजपा ने जीत हासिल करते हुए हैट्रिक लगाई है। ऐसे में कांग्रेस की पारंपरिक सीट मानी जानी वाली लोहरदगा सीट को एक बार फिर से उस सीट को हासिल करने के लिए मेहनत करना पड़ रही है। 1957 में जब यहां पहली बार चुनाव हुये थे तो यह बिहार का हिस्सा था। तब यहां से झारखंड पार्टी के इग्नेस बेक ने जीत हासिल की थी। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार जतम खेरवार को हराया था।1962 के चुनावों में भी कांग्रेस को यहां हार का सामना करना पड़ा। यहां से स्वतंत्र उम्मीदवार डेवि मुंजनी ने जीत हासिल की। हालांकि 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के बाद बदली हुई परिस्थिति में कांग्रेस ने यहां जीत हासिल की। हालांकि 1977 में कांग्रेस यहां से हार गई। इसके बाद 1980, 84 और 1989 में कांग्रेस ने यहां फिर से जीत हासिल की। इसके बाद 1989 और 2004 में भी कांग्रेस ने यहां से जीत हासिल की।

2009 के बाद लगातार यहां से भाजपा उम्मीदवार सुदर्शन भगत जीत हासिल कर रहे हैं। ऐसे में 2024 में एक बार फिर से इस सीट को हासिल करने के लिये कांग्रेस को काफी मेहनत करना पड़ रहा है। अब ये देखने वाली बात होगी कि क्या एक बार फिर कांग्रेस अपनी कोई हुई सीट हासिल कर पायेगी या नहीं?

# झारखंड कई जिलों में आज बारिश के साथ वज्रपात

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में सोमवार को बारिश के साथ वज्रपात भी होगा। इसका असर राज्य के कई जिलों में पड़ेगा। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। यह जानकारी रांची एयरपोर्ट स्थित मौसम केंद्र ने रविवार को दी है। वहदीं राज्य में अगले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 4 से 6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले दो दिनों में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। अगले 5 दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

**आज यहां हो सकती है बारिश :** मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को उत्तर-पूर्वी, दक्षिण और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना है। इसका असर गोड्डा, साहिबगंज, दुमका, पाकुड़, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, कोडरमा, हजारीबाग, धनबाद, लोहरदगा, बोकारो, रामगढ़, रांची, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम जिले में पड़ने की संभावना है।

**6 मार्च को बारिश :** 6 मार्च को दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा की उम्मीद है। रांची, बोकारो, गुमला, खूंटी, रामगढ़, सिमडेगा, गुमला, पूर्वी सिंहभूम, प. सिंहभूम, लोहरदगा और सरायकेला-खरसावां जिलों में पड़ने की संभावना है।

**7 मार्च को यहां बारिश :** 7 मार्च को राज्य के दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा और गर्जन की उम्मीद है। केंद्र ने गोड्डा, साहिबगंज, दुमका, पाकुड़, दुमका, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, कोडरमा, हजारीबाग, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, रांची, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम जिले में कहीं-कहीं गर्जन के साथ वज्रपात की आशंका है।

# शराब दुकानदार ने सब इंस्पेक्टर के साथ की मारपीट व आइडी छीना, दुकान के कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लालपुर थाना के सर्कुलर रोड स्थित एक शराब दुकानदार ने सब इंस्पेक्टर सुमन कुमार शर्मा से मारपीट की घटना को अंजाम दिया। सब इंस्पेक्टर को पीटने के बाद दुकानदारों ने उनका आईडी कार्ड भी छीन लिया। इस मामले में सब इंस्पेक्टर ने शराब दुकान डोज के कर्मी सुमित नायक व अन्य के खिलाफ थाना में एफआईआर दर्ज कराया है।

**प्रिंट रेट से अधिक कीमत ले रहा था दुकानदार :** सब इंस्पेक्टर अपने मित्र शुभांशु, भरत उरांव और सुमित कुमार के साथ शनिवार रात 8 बजे डोज शराब दुकान बियर लेने गये थे। दुकानदार प्रिंट रेट से अधिक कीमत ले रहा था। इसका विरोध करने पर डोज कर्मी ने इन सभी को धमकी दी और विरोध करने पर जमकर पिटाई कर दी। हालांकि सब इंस्पेक्टर सुमन कुमार शर्मा ने अपना परिचय दिया। जिसके बाद भी डोज कर्मी इनकी बात नहीं माने और पिटाई करते रहे।

## खबर एक नजर में

### सीएम को महाशिवरात्रि का दिया आमंत्रण



**रांची।** सुरेश्वर महादेव मंदिर का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को मुख्यमंत्री चंपइ सोरेन से मिला और 8 मार्च को महाशिवरात्रि के अवसर पर होने वाले महोत्सव में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया। उन्होंने निमंत्रण को स्वीकार किया और महोत्सव मे आने की बात कही। मिलने वालो में मंदिर का अध्यक्ष सुरेश साहू, महासचिव संतोष कुमार, महाशिवरत्रि संचालन समिति के अध्यक्ष दिलीप साहू, रामशरण विश्वकर्मा, कृष्णा साहू समेत कमिटी अन्य सदस्य उपस्तिथ थे।

### सर्कुलर रोड पर धूल से लोग परेशान

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सर्कुलर रोड पर पूरे रास्ते पर धूल और मिट्टी से सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है। सुबह, दोपहर स्कूली बच्चे को स्कूल जाने और आने के समय बहुत परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रदूषण से सांस की बीमारी होगी। प्रसाद ने कहा कि गैस पाइपलाइन बिछाने के लिए वर्दवान कंपाउंड क्षेत्र में गड्ढा खोदा गया था, लेकिन पाईप लाइन बिछाने के बाद समतलीकरण नहीं किया गया। इस कारण सड़क पर चलने पर परेशानी हो रही है और वाहनों से जाम लग जाता है।

### पीडीएस डीलर शरण तिर्की का लाइसेंस सस्पेंड

**रांची।** सरकारी खाद्यान्न की हेराफेरी के आरोप में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने एक पीडीएस डीलर का लाईसेंस सस्पेंड कर दिया है। शिकायत की जांच के बाद डीएसओ प्रदीप भगत ने नगड़ी प्रखंड के एक पीडीएस डीलर शरण तिर्की का लाइसेंस (अनुज्ञप्ति संख्या-02/96) निलंबित कर दिया है। डीएसओ को पीडीएस डीलर के के खिलाफ कार्डधारी से राशन कार्ड प्रिंट कराने के नाम पर पैसे वसूली की शिकायत मिली थी। राशन कार्डधारियों को डिजिटल वेइंग मशीन की जगह तराजू से तौलकर खाद्यान्न दिया जा रहा था।

### बुढ़मू के कई युवा भाजपा में शामिल

**रांची।** बुढ़मू प्रखंड के हाहे गांव से संजय यादव और सोनू यादव के साथ आये दो दर्जन से ज्यादा युवाओं भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा नेता फिरंगी साव के नेतृत्व में स्थानीय सांसद संजय सेठ के आवास पर भाजपा ज्वाइन किया। मौके पर सांसद संजय सेठ ने सभी को माला एवं भाजपा का पट्टा पहनाकर उनका स्वागत, अभिनंदन किया। फिरंगी साव ने बताया कि भाजपा का दामन थामने वाले कार्यकर्ता केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है।

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने लोअर बाजार थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान सैकी दीन उर्फ सैकी कच्छप (28 वर्ष) पिता, सामुएल कच्छप के रूप में हुई है। वह पुरुलिया रोड एजी चर्च के पास कांटाटोली का रहनेवाला है। पुलिस ने उसके पास से एक 7.065 बोर की पिस्टल, दो मैगजीन, तीन जिंदा गोली बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी सैंकी पर डोरंडा थाना में आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है। वह गुमला से भी जेल जा चुका है।

### सेट फाउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर



**रांची।** आईसीएसआई के ईआईआरसी के रांची चैप्टर ने एनजीओ सेट फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से रविवार को हरमू स्थित लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। सेट फाउंडेशन के स्वयंसेवकों की मदद से नेक काम के लिए शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। रांची चैप्टर के अध्यक्ष सीएस बिनोद, केआर बख्शी ने सेट फाउंडेशन को धन्यवाद दिया। सेट फाउंडेशन के डायरेक्ट रोहित प्रकाश प्रीत ने कहा कि हमारी एनजीओ आगे आने वाले दिनों में स्वस्थ जागरूकता के लिए एक अभियान की शुरूआत करने जा रही है जिसमे सीएस इंस्टीट्यूट की सहयोग की भी जरूरत पड़ेगी। इस मौके पर एनजीओ के डायरेक्टर अभिजीत वर्मा,शशि भूषण, सीए आशीष कुशवाहा, ओम प्रकाश प्रीत आदि लोग वी मौजूद थे।

## स्पेनिश महिला सामूहिक दुष्कर्म मामला : सीआइडी जांच करने पहुंची दुमका

# दुमका ही नहीं, भारत में कई बार घट चुकी है विदेशी महिला के साथ शर्मनाक घटना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दुमका में अपने पति के साथ भारत भ्रमण के दौरान गैंगरेप की शिकार हुई स्पेनिश महिला पीड़िता के मामले में जांच करने के लिए सीआइडी की टीम दुमका पहुंच चुकी है। टीम प्राथमिकी से लेकर तमाम तरह की जांच में जुटी है। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा है।

इधर, राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम दुमका जाकर न सिर्फ पीड़िता से मिली, बल्कि दुमका एसपी को आवश्यक दिशा- निर्देश भी दिया। बता दें कि दुमका जिले में अपने पति के साथ बाइक यात्रा पर निकली एक स्पेनिश महिला के साथ घृणित काम किया गया, जब दंपति हंसडीहा बाजार के पास एक सुनसान इलाके में एक अस्थायी तंबू में रात बिताने के लिए रुका। महिला ने बताया कि 7-8 स्थानीय युवकों के एक समूह ने तंबू में प्रवेश किया, उनके साथ मारपीट व लूटपाट की और सामूहिक दुष्कर्म किया। केंद्रीय गृह विभाग के आंकड़े बतातें हैं कि भारत में विदेशी महिलाओं के साथ बलात्कार का यह पहला मामला नहीं है। बीते 5 वर्षों में भारत में विदेशी महिलाओं के साथ दुष्कर्म के कई मामले घटित हो चुके हैं।



**रूसी नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न :** मार्च 2022 में गोवा के एक रिसॉर्ट में 15 वर्षीय रूसी लड़की के साथ यौन उत्पीड़न से जुड़ी एक घटना में कर्नाटक के एक मूल निवासी को गिरफ्तार किया गया था। पीड़िता स्कूली छात्रा थी और सालिगाओ में रह रही थी। आरोपी सुनील राठौर ने दिसंबर 2021 में युवती के साथ संबंध बनाए और 18 फरवरी 2022 को उसका यौन उत्पीड़न किया। युवती गर्भवती हो गई। जब युवती के माता-पिता को उसकी हालत के बारे में पता चला तो उन्होंने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई। उसे गोवा के कलंगुट में दबोच लिया गया।

**ब्रिटेन की तीन महिलाओं के साथ बलात्कार :** अक्टूबर 2020 में जयपुर और दिल्ली में ब्रिटेन की तीन महिलाओं के साथ बलात्कार करने के आरोप में 37 वर्षीय व्यक्ति रूपक चटर्जी को गिरफ्तार किया गया था। 25-28 साल की उम्र की तीनों महिलाएं आरोपी से फेसबुक पर मिली। आरोपी ने महिलाओं के साथ होटल के अंदर मारपीट की। खुद को व्यवसायी और एनजीओ मलिक बताने वाले चटर्जी का यौन उत्पीड़न का इतिहास रहा है। पीड़ितों में से एक ने बताया कि कैसे चटर्जी ने एसिड अटैक पीड़ितों और शरणार्थियों की मदद करने वाले वीडियो दिखाकर उसे धोखा दिया और उसके साथ बलात्कार किया।

**मदद के बहाने लिथुआनियाई महिला के साथ रेप की कोशिश :** मार्च 2022 में आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले के एक वन क्षेत्र में लिथुआनिया की एक महिला पर्यटक के साथ बलात्कार का प्रयास करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था। यह घटना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुई, जब लिथुआनियाई महिला को गोवा पहुंचने में मदद करने के बहाने एक आरोपी इंगिलाला साई कुमार ने फुसलाया। इसके बाद आरोपी ने अपने दोस्त सैयद आबिद को बुलाया और दोनों ने जंगल में उसका यौन उत्पीड़न करने की कोशिश की।

**गोवा में ब्रिटिश महिला के साथ बलात्कार :** जून 2022 में, गोवा में एक बेहद घिनौनी घटना घटी, जहां अरामबोल स्वीट वॉटर बीच पर एक ब्रिटिश महिला के साथ बलात्कार हुआ। 42 वर्षीय पीड़िता पति के साथ गोवा में छुट्टियां मना रही थी। जब महिला समुद्र तट पर आराम कर रही थी, तो 32-वर्षीय एक स्थानीय व्यक्ति ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

**शादी का झांसा देकर अमेरिकी महिला से दुष्कर्म :** मई 2023 में आगरा के एक 32 वर्षीय व्यक्ति, गगनदीप को शादी के बहाने एक अमेरिकी महिला का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पीड़िता, जो एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर थी, 2017 में भारत यात्रा के दौरान गगनदीप से मिली। गगनदीप ने शादी का झांसा देकर महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए।

**ऑटो चालक ने विदेशी महिला से किया दुष्कर्म :** जुलाई 2019 में हरियाणा के गुरुग्राम में एक ऑटो रिक्शा चालक और उसके दोस्त द्वारा 24-वर्षीय विदेशी महिला के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। पीड़ित गुरु द्रोणाचार्य मेट्रो स्टेशन तक पहुंचने के लिए सहारा मॉल के बाहर से ऑटो रिक्शा किया। रिक्शा चालक और उसका साथी महिला को शीतला माता कॉलोनी स्थित एक कमरे में ले गए और उसके साथ बलात्कार किया।

**अमेरिकी महिला के साथ सामूहिक बलात्कार :** अगस्त 2023 में केरल के कोल्लम जिले में 44-वर्षीय अमेरिकी महिला के साथ बलात्कार करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया था। यह घटना 31 जुलाई को कोल्लम के माता अमृतानंदमायी मठ के पास घटित हुई। पीड़िता की आरोपियों से दोस्ती थी, जिन्होंने उसे पहले शराब पिलाई, फिर उसे एक बंद घर में ले गए, जहां उन्होंने उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया।

**31-वर्षीय विदेशी महिला के साथ रेस्टोरेंट में रेप :** 18 दिसंबर 2021 को एक 31 वर्षीय विदेशी महिला का पूर्वी गोवा के सिओलिम के बार और रेस्टोरेंट में दो युवकों ने रेप किया। महिला जब टॉयलेट की ओर गई, तब दोनों ने उसे देखा, फिर महिला को बाथरूम के अंदर धकेला और उसका रेप किया।

## यूएस कांसुलेट जेनरल के अधिकारियों के संग झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स की वार्ता



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** यूएस कांसुलेट जेनरल (कोलकाता) के आर्थिक और राजनीतिकी मामलों के वाणिज्य दूत काजी रूम्मन दस्तमीर और राजनीतिक विशेषज्ञ टिंकू रॉय ने झारखण्ड प्रवास के दौरान रविवार को झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों के साथ मुलाकात की। इस दौरान झारखण्ड प्रदेश की अर्थव्यवस्था और विकास की सभावनाओं पर सकारात्मक चर्चा हुई और सुझावों का आदान प्रदान किया गया। काजी रूम्मन दस्तमीर ने झारखण्ड में औद्योगिक इंफ्रास्ट्र के लिए तैयार अनुकूल माहौल और यहां के कुशल श्रमबल की प्रशंसा की और अर्थव्यवस्था के विकास हेतु जरूरी संभावनाओं की लक्ष्य प्राप्ति के लिए उद्योग जगत को और किन संशाधनों में बेहतरी की आवश्यकता है, पर चैंबर का मंतव्य जाना। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने माईनिंग, टेक्सटाइल, सिल्क, वन उत्पाद, होर्टिकल्चर और एग्रीकल्चर के क्षेत्र में झारखण्ड के बढ़ते कदम पर संतोष जताते हुए कहा कि कुटीर उद्योग से जुडी महिला उद्यमियों को आगे बढाने की दिशा में भी चैंबर निरंतर प्रयासरत है। यूएस कांसुलेट जेनरल (कोलकाता) के अधिकारियों ने राज्य के औद्योगिक विकास के लिए चैंबर के सुझावों को गंभीरता से सुना और उनके स्तर से होनेवाले कार्यों के लिए उन्होंने हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने झारखण्ड चैंबर के पदाधिकारियों को कोलकाता स्थित दूतावास कार्यालय में भी आमंत्रित किया। मुलाकात के दौरान चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सदस्य आनंद कोठारी और प्रमोद चौधरी उपस्थित थे।

## बिहार में बदलाव की बयार : रानी कुमारी

**रांची/पटना।** महागठबंधन द्वारा रविवार को पटना के गांधी मैदान में प्रस्तावित जनविश्वास महारैली में झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की पदधारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। राजद महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रानी कुमारी ने बताया कि महारैली ऐतिहासिक रही। जन विश्वास रैली में जनसैलाब उमड़ा। महागठबंधन के प्रति बिहार की जनता के विश्वास में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता का भाजपा से मोह भंग हो चुका है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को व्यापक जन समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में झारखंड प्रदेश राजद महिला प्रकोष्ठ संगठन विस्तार और पार्टी को मजबूत करने में निरंतर प्रयासरत है। झारखंड प्रदेश राजद महिला प्रकोष्ठ की मुन्नी देवी, पुष्पा देवी, अंजलि देवी, सुनीता देवी, गीता, संगीता, अमरजीत कौर, अनवरी खातून, बेबी देवी, सुलेखा देवी, फुलवा देवी, सुनीता, सोनी देवी, द्रोपदी, बीना देवी, उषा देवी, कुंती, शांति, कविता, फूलकुमारी, सविता, रूपा देवी आदि शामिल हुईं।

## दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन के सम्मान समारोह में कई हस्तियां सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन (डीडीएफ) की ओर से सोमवार को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आर्यभट्ट सभागार में दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन नारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर स्थानीय सांसद संजय सेठ थे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री चामी मुर्मू, राज्यसभा सांसद महुआ माझी, आशा लकड़ा निदेशक महानदी कोल्डफील्डस लमिटेड की निदेशक आशा लकड़ा, चंचला ठाकुर, डॉ ब्रजेश कुमार, परितोष झा, मिथलेश मिश्रा और अजय झा थे। मौके पर सांसद ने कहा कि समाज को गढ़ने में महिलाओं की अहम भूमिका होती है। वहीं आशा लकड़ा ने कहा कि यत्रं नारी पूज्यंते, वहीं देवता का वास होता है। सामरोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाली 65 महिलाओं को सम्मानित किया गया। डीडीएफ की अध्यक्ष कुमुद झा ने कहा कि नारी का सम्मान करने से समाज की सभी महिलाओं को बल मिलता है। इससे समाज को प्रेरणा भी मिलती है।

कार्यक्रम के दौरान सम्मनित होने वालों में कॉमनवेल्थ प्लेयर लवली चौबे, डॉ अपेक्षा, डॉ वसुधा झा, नीता नारायण, नीपा दास, आशा तिर्की, अलीशा गौतम, मीनाक्षी मुंडा, कंचनलता, जन्नत कनिका आदि शामिल हैं।

इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र, रांची यूनिवर्सिटी की सहभागिता रही है। इस कार्यक्रम में 500 से ज्यादा लोग उपस्थित थे।

## इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स ने झारखंड फूड कॉन्क्लेव 2024 की मेजबानी की

**रांची।** इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) ने बहुप्रतीक्षित झारखंड फूड कॉन्क्लेव 2024 की मेजबानी की। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवीनरण नीतियों और अवसरों का पता लगाने के लिए प्रमुख हितधारकों, उद्योग के नेताओं, नीति निमार्ताओं और विशेषज्ञों को एक साथ लाया। शनिवार को कैपिटल हिल में आयोजित कॉन्क्लेव में झारखंड के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में विकास और स्थिरता लाने के उद्देश्य से गहन चर्चा, इंटरैक्टिव पैनल और नेट वर्किंग सत्र आयोजित किए गए। कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि उद्योग निदेशक सुशांत गौरव आईएएस ने झारखंड में खाद्य प्रसंस्करण परिदृश्य को बदलने के लिए नए विचारों और दृष्टिकोणों से अवगत कराया। इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष डॉ. अमृतांशु प्रसाद ने कहा राज्य में खाद्य प्रसंस्करण के भविष्य की दिशा तय करने के लिए उद्योग विशेषज्ञों, नीति निमार्ताओं और हितधारकों को एक साथ लाया जाएगा। मौके पर इंद्रजीत यादव, डॉ. सुजय रक्षित, मुकुल प्रवीण एक्का, मुकेश कुमार, गनीकांत पासवान ने विचार दिए।

## बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में किसान एग्रोटेक मेला का दूसरा दिन

# किसानों को उत्पाद का सही मूल्य दिलाना बड़ी चुनौती : स्पीकर

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** स्पीकर रविंद्र नाथ महतो ने वैज्ञानिकों से अपील की है कि वे किसानों की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक पृष्ठभूमि और परिस्थितियों तथा उनके भौगोलिक वातावरण के अनुरूप ही कृषि प्रौद्योगिकी की अनुशंसा करें ताकि अनुशंसा को अपनाना उनके लिए सुगम हो। श्री महतो रविवार को एग्रोटेक मेला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि किसानों का अधिकांश उत्पाद बिचौलि और जमाखोर कम मूल्य पर एक साथ खरीद कर भंडारित कर लेते हैं और थोड़ा समय बाद ज्यादा मूल्य पर बेचते हैं। इससे किसानों को कम और बिचौलियों को ज्यादा लाभ होता है। किसानों को उनके कृषि और पशु उत्पादों का सही मूल्य दिलाना सबसे बड़ी चुनौती है। उन्हें समुचित मूल्य मिलने लगे तो उनकी आधी समस्या का समाधान हो जाएगा।

स्पीकर ने मेला में आयोजित पशु-पक्षी प्रदर्शनी का उदघाटन भी किया। इसमें आसपास के एक दर्जन से अधिक गांवों के 165 पशुपालकों ने अपनी गायें, भैंस, पाड़ा, पाड़ी, बैल, मुर्गी, बकरी, सूअर, खरगोश, बत्तख आदि प्रदर्शित की है।

मेला में आज महिला कृषक गोष्ठी भी आयोजित की गई। जिसे संबोधित करते हुये राज्यसभा की सदस्य डॉ महुआ माजी ने कहा कि झारखंड में प्राकृतिक समृद्धि बहुत अधिक है। फिर भी यहां के अधिकांश लोग गरीब हैं। झारखंड से मजदूरों का पलायन रोकने और मानव तस्करी रोकने के लिए हेमंत सरकार ने बहुत सी कल्याणकारी योजनाएं शुरू की। भाजपा की राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा ने कहा कि राज्य में रोपाई, निराई, गुड़ाई, कटनी, दौनी आदि लगभग 80 प्रतिशत कृषि कार्य महिलायें ही संपादित करती हैं।

कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे ने कहा कि मेला का थीम कृषि नवाचारों द्वारा पोषण, आय एवं रोजगार संवर्धन रखा गया है। महिला कृषक गोष्ठी में डॉ मणिगोपा चक्रवर्ती, डॉ रेखा सिन्हा, डॉ स्वाति सहाय एवं डॉ आरती वीणा एक्का ने आधुनिक कृषि एवं पशुपालन तकनीकों तथा पोषण के लिये आहार प्लानिंग पर प्रकाश डाला। संचालन डॉ नन्दनी कुमारी एवं शशि सिंह ने किया।

मेला के मुख्य समन्वयक प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ जगरनाथ उरांव हैं। बागवानी प्रदर्शनी में विभिन्न जिलों से आए सैंकड़ो किसानों ने सैंकड़ो प्रकार के फल, सब्जी, औषधीय एवं सुगंधित पौधे, सजावटी पौधे, फूल तथा बागवानी फसलों के प्रसंस्कृत उत्पाद प्रदर्शित किया है।

# पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की मांगों पर अबतक कोई पहल नहीं : चंद्रदीप कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अपनी मांगों को लेकर 244 दिनों से राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ आंदोलन की राह पर हैं। पिछले साल 8 जुलाई से स्वयंसेवकों की ओर से आंदोलन किया जा रहा है। विधानसभा सत्र के दौरान पांच दिनों तक पंचायत स्वयंसेवकों ने विधानसभा घेराव किया। वहीं, जगन्नाथपुर मंदिर के समीप विरोध प्रदर्शन किया। रविवार से स्वयंसेवकों की ओर से राजभवन के समीप अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

संघ के अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने जानकारी दी कि पांच सूत्री मांग के लिए 18 हजार स्वयंसेवक आंदोलन कर रहे हैं। पिछले साल दिसंबर में सीएम के प्रधान सचिव विनय चौबे से वार्ता के बाद संघ ने आंदोलन स्थगित किया। इसके बावजूद सरकार की ओर से कोई निर्णय स्वयंसेवकों के हित में नहीं लिया गया। सरकार से निवेदन है कि अगली कैबिनेट में संघ की मांगों को पूरा किया जाये। जब तक संघ की मांगों को कैबिनेट से पूरा नहीं किया जाता है तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।



**अलग-अलग स्तरों पर हुई वार्ता :** अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने कहा कि आंदोलन के क्रम में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अलग-अलग स्तरों पर वार्ता की। इस दौरान पार्टी प्रतिनिधि, मंत्री, विधायक से लेकर अधिकारियों तक से मुलाकात की गयी लेकिन हर जगह से आश्वासन के बाद भी संघ की मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। संघ मांग करता रहा कि मांगों को कैबिनेट में पास किया जाये लेकिन अब तक सरकार की ओर से ठोस पहल नहीं की गयी। इसमें सीएम चंपाई सोरेन, झामुमो केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय, सत्ता पक्ष के कई विधायक, ग्रामीण मंत्री आलमगीर आलम, प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, पंचायती राज निदेशक से मिल कर गुहार लगा चुके हैं।

## आज का राशिफल
### 04 मार्च 2024

मेष : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। वृष : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे।

कर्क : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा।

सिंह : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

कन्या : 'आगे-आगे गोरख' जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

तुला : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

वृश्चिक : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय समान रहेगा।

धनु : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी।

मकर : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

कुंभ : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

मीन : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

## पुलिस पब्लिक रिपोर्टर का 12वां इंडिया नेशनल अवार्ड कार्यक्रम

# उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुलिस पब्लिक रिपोर्टर ने किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** पुलिस पब्लिक रिपोर्टर द्वारा 12वा इंडिया नेशनल अवार्ड का आयोजन रविवार को रांची के होटल रेडिसन ब्लू में किया गया। जिसमें झारखंड बिहार छत्तीसगढ़ यूपी सहित झारखंड के विभिन्न जिलों से अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मान पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में मधु सूदन मोदक पुलिस निरीक्षक गोड्डा झारखंड, फलक फातिमा युवा समाजसेवी धनबाद, रवि शंकर सिंह, परीचारी झारखंड पुलिस,रितेश कुमार थापा, भावी प्रत्याशी वार्ड 45 सह समाजसेवी रांची,साहेब अली, समाजसेवी रांची,देवेंद्र कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक रांची, फैज अकरम, समाजसेवी हजारीबाग, स्वेताभ डायरेक्टर स्काई स्केप एंड लांज रांची, डॉ मेघा रानी लेखिका रांची, राजीव चटर्जी, अध्यक्ष बासुदेव चटर्जी स्मृति फाउंडेशन, राजेश तिर्की समाज सेवी रांची, अफसर डायरेक्टर दावत पैलेस डोरंडा, रमाशंकर प्रसाद, समाजसेवी रांची, बैधनाथ कुमार, बाल अधिकार संरक्षण कार्यकर्ता, डॉ उमा शंकर वर्मा रांची, सुमन कुमारी महतो प्रिंसिपल जेके हैप्पी फीट रांची, मो सहाबुद्दीन खान लेखक गाजीपुर, उत्तर प्रदेश,डॉ विश्वजीत घटक डायरेक्टर संत मैरिज इंस्टिट्यूट, ज्योतिष शशिकांत मिश्रा रांची,राम चंद्र उरांव मुख्य शेफ होटल रेडिसन ब्लू रांची,वसीम अकरम हजारीबाग,मधु सिंह एवम रौशन सिंह फैशन एवम बिजनेसमैन, अली हसन अंसारी समाजसेवी लातेहार,डॉ हसनैन रांची,जिम्मी गुप्ता मॉडल सह डायरेक्टर जेल ऑन हाईवे रेस्टोरेंट, कोमलीना जोजो, जल सहिया सिमडेगा और अमित अग्रवाल को सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सीपी सिंह, डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम, पद्मश्री मधु मंसूरी, पूर्व डीआईजी सुबोध प्रसाद, पूर्व उप महापौर अजय नाथ शाहदेव , आजसू नेता जितेंद्र सिंह मौजूद थे।

वही पुलिस पब्लिक रिपोर्टर टीम के सरफराज कुरैशी शाहिद खान, समीर हेजाजी, संदीप मिश्रा, इबरार गद्दी, प्रियंका सिंह, बाल भद्र बराइक, असगर एजाज, नबो दत्ता, रवि वर्मा, जयप्रकाश जायसवाल ने प्रोग्राम को सफल बनाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर सभी अतिथियों ने पुलिस पब्लिक रिपोर्टर द्वारा आयोजित 12 इंडिया नेशनल अवार्ड को खूब सराहा।

## 13 किलो गांजा और नशीले पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** नशा कारोबार के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। एसएसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान 13 किलो गांजा और अन्य नशीले पदार्थ के साथ एक व्यक्ति को पंडरा ओपी क्षेत्र के आईटीआई बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम अजीत कुमार साहू है, वह मूल रूप से खूंटी के अड़की थाना क्षेत्र का रहने वाला है और वर्तमान में पंडरा में रहता है। रविवार को अपने ऑफिस में सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी।

**मुनाफे के लिए करता था गांजा का कारोबार**

आरोपी अजीत कुमार ने पुलिस को बताया कि वह गांजा का अवैध व्यापार निजी मुनाफे के लिए करता था। अजीत का अपराधिक इतिहास रहा है। साल 1999 में वह अड़की थाना खूंटी से जेल जा चुका है।

# आठ महीने से फार्म भरकर परीक्षा के इंतजार में बैठे हैं अभ्यर्थी

## नौकरी के लिए अभ्यर्थियों ने दो बार जमा किये 500-500 रु.

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में बेरोजगार युवाओं को नौकरी लेने के लिए काफी धैर्य रखना पड़ रहा है। सालों इंतजार के बाद सरकारी नौकरियों के लिए विज्ञापन निकलते हैं। लेकिन जब परीक्षाएं होती हैं तो किसी न किसी कारण परीक्षाएं रद्द कर दी जाती है। सरकारी विभागों में संविदा पर मिलने वाली नौकरियों की भी स्थिति कुछ ऐसी ही है। ऐसा ही एक मामला स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा हुआ है, जहां एक साल के कॉन्ट्रैक्ट पर 5 पदों पर नियुक्ति के लिए जैप आईटी की ओर से दो बार विज्ञापन निकाला गया। दोनों बार अभ्यर्थियों से 500-500 रुपये शुल्क भी लिये गये। 8 महीने बीत चुके हैं, लेकिन अबतक परीक्षा नहीं हुआ है। करीब 15 पत्रकारों ने भी आवेदन किया है, जो बेसब्री से इंटरव्यू का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें यह भी डर सता रहा है कि कहीं दूसरी बार भी विज्ञापन रद्द न कर दिया जाये।

**2 बार निकला विज्ञापन, दोनों बार भरनी पड़ी फीस**

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन योजना के तहत एक जून 2023 को 13 पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया था। इन सभी पदों पर 800 से अधिक बेरोजगार युवाओं ने आवेदन किया है। 10 अगस्त 2023 को आवेदनों को शॉर्टलिस्टेड किया गया और जिनके आवेदन में त्रुटि थी, उन्हें संशोधन के लिए समय दिया गया, लेकिन 30 नवंबर 2030 को विज्ञापन रद्द कर दिया गया। इसके बाद इन्हीं 13 में से 5 पोस्ट के लिए दो दिसंबर 2023 को फिर से विज्ञापन निकाल कर नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गये। सारी नियुक्तियां जैप आईटी के माध्यम से निकाली गई थी और आवेदकों को प्रति आवेदन 500 रुपये जमा करने थे। इस प्रकार एक ही पद के लिए आवेदकों ने दो-दो बार आवेदन किया और हर बार 500 की दर से राशि जमा की। 8 महीने बाद भी इन पदों पर नियुक्ति नहीं होने से आवेदक खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। इसी विभाग से जुड़ा एक और मामला झारखंड स्टेट आरोग्य समिति का है, जहां 7 जून 2023 को 5 पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया था। इन सभी पदों के लिए 15 सितंबर 2023 को इंटरव्यू भी लिया गया, लेकिन साढ़े चार महीने बीत जाने के बाद भी अब तक रिजल्ट नहीं आया है।

## खबर एक नजर में

### केंद्र ने इडी, सीबीआइ लगाकर हेमंत को किया प्रताड़ित : झामुमो

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 17वें दिन भी मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष उपवास कार्यक्रम किया। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने की। उन्होंने कहा कि एक आंदोलनकारी का बेटा जो रात-दिन लोगों की सेवा में लग रहा, भारतीय जनता पार्टी के साजिश के तहत काल कोठरी में बंद है। केंद्र सरकार ने ईडी, सीबीआई का सहारा लेकर उन्हें प्रताड़ित करने का काम शुरू किया। मौके पर केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, पवन जेडिया, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, बीरु साहू, जनक नायक, सचिव डॉ हेमलाल मेहता, आफताब आलम, मंटू लाला, सुनील साहू, बबलू राम, जिला संगठन सचिव आदिल इमाम, कैथरीना तिर्की, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष फरीद खान, उपाध्यक्ष शमीम मंसूरी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राखी देवी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, सचिव सोनू मुंडा, संयुक्त सचिव साजिद कौसर, संगठन सचिव रमजान रजा, कयूम अंसारी, शमीम बढ़ेहार, क्रीड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, रांची विश्वविद्यालय सचिव असद फेराज, नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की, पूजा देवी, धूचू तिर्की, सुकरमणी देवी, सोमारी देवी, दयामनी तिर्की, सरिता देवी, दानियल, एक्का, कांके प्रखंड सचिव नवीन तिर्की, रातू प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी, मो नईमउद्दी, किसान मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष माइकल रुंडा, सोहेल खान, विजय रविदास, लक्ष्मण राम, राकेश वर्मा, हरीश महतो, ओम शर्मा समेत अन्य कार्यकर्त्ता शामिल थे।

### पंजाबी हिंदू बिरादरी पहली बार वैशाखी पर आयोजित करेगा पंजाबी मिलन समारोह



**रांची।** पंजाबी हिंदू बिरादरी पहली बार वैशाखी त्योहार पर भव्य पंजाबी मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित करेगी। जिसमें पूरे झारखंड से पंजाबियों को आमंत्रित किया जाएगा। मिलन समारोह रामनवमी के बाद आयोजित किया जायेगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने हेतू राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध कलाकार को आमंत्रित किया जाएगा। ये जानकारी देते हुए बिरादरी के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी अरुण चावला ने बताया कि कि बिरादरी द्वारा संचालित लाला लाजपत राय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षा का स्तर और अनुशासन और भी बेहतर करने के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों का बेहद ही सकारात्मक परिणाम मिल रहा है। आर्मी स्कूल की पूर्व प्राचार्या गुंजन किंडो को जूनियर विंग का हेड मिस्ट्रेस बनाया गया है। ताकि समाज के निचले तबके के बच्चों की मजबूत नींव रखी जा सके। बैठ में संजय सेठ को टिकट मिलने पर प्रधानमंत्री को बधाईदी गई। बैठक में दीपक खोसला,राहुल सेठ, अनिल वर्मा, अशोक मिनोचा, मुकेश चौहान, अजय सखूजा, राहुल सूद, चेतन जौहर, मदन सेन कुजारा, विकास चावला, प्रवीण मग्गो, दीपक जुल्का आदि ने अपने विचार रखे।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में शिव अवतरण आध्यात्मिक रहस्य कार्यक्रम का आयोजन



**रांची।** प्रजापिता ब्रहमाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रविवार को शिव अवतरण आध्यात्मिक रहस्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौक पर राजीव कुमार पूर्व ने कहा कि सत्कर्म की सत्य शिक्षा तो केवल परमात्मा ही देते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व के अंधकार को मिटाकर शिव ही प्रकाशमय बनाते हैं। कार्यक्रम में बोलते हुए हषिकेश लाल, निदेशक युवा नाटय संगीत मंच ने कहा नैतिक मूल्यों की समाज में आवश्यकता के साथ-साथ मनोयोग व बुद्धियोग भी व्यक्तिगत जीवन में जरूरी है। कार्यक्रम में ललित पोद्दार, रॉची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ने भी अपने विचार रखें। मौके पर रेखा पाण्डेय, शालिनी गुप्ता, रूबी रंजन आदि लोग मौजूद थे।

### श्याम निशान अमृत महोत्सव के दूसरे दिन सुंदरकांड



**रांची।** श्याम परिवार द्वारा आयोजित श्याम निशान अमृत महोत्सव के दूसरे दिन दुर्गाबाड़ी में सुंदरकांड का आयोजन किया गया। रविवार को सुबह दुगार्बाड़ी में आठ बजे से 501 लोगों ने सुंदरकांड का पाठ किया। इसके बाद महाभोग, सवामनी व छप्पन भोग लगाए गए। दिन के 12 बजे जयपुर और पानीपथ के कलाकारों द्वारा गाए भजनों पर भक्त गोता लगाया। रात 11 बजे रंग-बिरंगी फूलों की होली खेली गई। इसके बाद 101 विवाहित जोड़ों द्वारा : महाआरती की गई।

### झारखंड के होनहार विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिंज घायल

**रांची।** झारखंड के उभरते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिंज आईपीएल 2024 के शुरू होने से पूर्व ही सड़क दुर्घटना में जख्मी हो गये हैं। रॉबिन मिंज जेएससीए स्टेडियम से प्रैक्टिस कर वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक की टक्कर दूसरे बाइक से हो गयी। इसमें रॉबिन मिंज जख्मी हो गये हैं। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गयी। हालांकि, रॉबिन के पिता का कहना है कि रॉबिन को हल्की चोट आई है। चिंता की बात नहीं है। फिलहाल रॉबिन की देखरेख डॉक्टरों के द्वारा की जा रही है। हादसे के बाद रॉबिन का आईपीएल को लेकर संशय की स्थिति बन गयी है।

### नि:शुल्क भंडारे का आयोजन

**रांची।** एम आर एस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट ने रविवार को 138वां नि:शुल्क भंडारा का आयोजन किया। इसका उदघाटन संस्था के पवन पोद्दार अमन अग्रवाल, सरीता अग्रवाल, अनुभा खेतान, धीर खेतान ने किया। 138 वें नि:शुल्क भंडारे में लगभग 1100 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# आइसीएआइ की रांची शाखा सेकेंड बेस्ट ब्रांच अवार्ड से सम्मानित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल ने वर्ष 2023 में उत्कृष्ट कार्यों के लिए रांची शाखा को सेकेंड बेस्ट ब्रांच अवार्ड से सम्मानित किया। इंस्टीट्यूट की सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल के 50 शाखाएं संचालित हैं। उनके पूरे वर्ष में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, सीए स्टूडेंट्स और समाज के लिए किये कार्यों के मूल्यांकन के बाद उत्कृष्ट शाखा को यह पुरस्कार दिया जाता है। यह पुरस्कार सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल की जयपुर में आयोजित वार्षिक समारोह में काउंसिल के अध्यक्ष किशोर बर्दिया ने सेंट्रल काउंसिल सदस्य ज्ञान चंद्र मिश्रा, प्रकाश शर्मा, रोहित रुवाटिया, अनुज गोयल, अभय छाजेड़, रीजनल काउंसिल सदस्य मनीषा बियानी और अन्य रीजनल काउंसिल सदस्यों की उपस्थिति में रांची शाखा के निवर्तमान अध्यक्ष पंकज मक्कड़, सचिव हरेन्दर भारती, कोषाध्यक्ष अभिषेक केडिया, कार्यकारिणी सदस्य प्रभात कुमार, उमेश कुमार को दिया। अवाड्र्स से सम्मानित किये जाने पर पंकज मक्कड़ (अध्यक्ष-2023-24) ने कहा कि यह पूरे झारखंड के लिए प्रतिष्ठा की बात है कि रांची शाखा अपने उत्कृष्ट कार्यों के कारण पूरे सेंट्रल रीजन में दूसरा स्थान प्राप्त की। उन्होंने इस अवार्ड के लिए रांची शाखा के वर्तमान कार्यकारिणी सदस्य और पदधारियों, रांची शाखा के सदस्य और सीए विद्यार्थियों के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया।

## गायत्री महायज्ञ का आयोजन



**रांची।** हेसाग हटिया में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा रविवार को गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। 24 कुंडली यज्ञ का संचालन शांतिकुंज टोली के नायक संदीप पांडे ने किया। मौके पर कलश यात्रा निकाला गया। जिसमें 501 शक्ति कलश धारण कर यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर सिंह मोड, मौलाना आजाद चौक से हटिया होते हुए वापस यज्ञशाला में महाआरती हुआ। 24 कुंडली यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चारण से उद्घोष से पूरा पर्यावरण गूंज उठा देव पूजन में हजारों लोगों ने आहुतियां प्रदान कर जीवन को धन्य बनाया, क्षेत्र के हजारों लोगों ने सत्संग रूपी ज्ञान गंगा में स्नान किया। इसकी जानकारी यज्ञ के व्यवस्थापक जटाशंकर ने दी।

### अजय नाथ शाहदेव ने मदीना सर्विसेज फ्लेक्स प्रिंटिंग प्रेस का किया उद्घाटन



**रांची।** हज हाउस अरगोड़ा स्टेशन रोड कडरू में अल-मदीना सर्विसेज फ्लेक्स प्रिंटिंग प्रेस का उद्घाटन रविवार को कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव और जेएमएम छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय सचिव असद फेराज टिंकू ने फीता काट कर किया और इसके संचालक मो० अहमर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# ग्लोबल कॉन्वेंट स्कूल में साइंस, आर्ट और क्राफ्ट प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाया हुनर

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** ग्लोबल कान्वेंट स्कूल इलाही नगर, पुनदाग के बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए साइंस, आर्ट और क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन रविवार को किया गया। मुख्य अतिथि तारीक अनवर, रियाज अहमद और विशिष्ट अतिथि रमजान अंसारी स्टेट को-ऑर्डिनेटर जवाहर बाल मंच झारखंड और राजकुमार यादव स्टेट कोऑर्डिनेटर जवाहर बाल मंच ने सभी स्टालों का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए स्कूलों में लगातार इस तरह के कार्यक्रम होते रहने चाहिए ,इससे बच्चों को अपनी योग्यता को पहचानने एवं आगे बढ़ाने में ताकत मिलती है। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि अभिभावक बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहन करें। बच्चों के द्वारा कई आकर्षक स्टाल लगाए गए थे जिसमें सेव अर्थ, इलेक्ट्रिक बेल, वोल्कानो, रोबोट, लाईफाई, अर्बन एंड रूरल लाइफ मॉडल, डे नाइट मॉडल, वाटर हीटर, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग , हाइड्रो पावर इलेक्ट्रिक प्लांट, फायर गन, रॉकेट, कूलर, इलेक्ट्रिक बोट, विंड पावर प्लांट, एक्लिप्स, आर्ट एंड क्राफ्ट में झूमर, पेंटिंग, पेन स्टैंड, डोलची, दर्पण, गुल्लक, फोटो फ्रेम, डिजाइन बोतल, फ्लावर पॉट, वॉल हैंगर, लकड़ी का बना घर शामिल था। इस मौके पर ग्लोबल कान्वेंट स्कूल में श्रेष्ठ नेत्रालय के द्वारा कैंप भी लगाया गया। जहां सैकड़ों लोगों की आंखों की जांच की गई। इस मौके पर डायरेक्टर मिसबाह, प्रिंसीपल शमशेर खान,वाइस प्रिंसिपल मौलाना खुर्शीद आलम शिक्षक सुल्ताना, आशा किरण बेक, साइमा, सिद्रा, रोमा, संगीता, नरगिस, साइस्ता, साईका, सदफ, रौनक, वसीम समेत स्कूल के सभी शिक्षक और शिक्षकोतर कर्मी शामिल थे।

# श्री श्याम संघ की निशान शोभायात्रा 20 को

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** श्री श्याम संघ, रांची के तत्वावधान में 20 मार्च को अपर बाजार स्थित स्थानीय श्री राधा वल्लव मंदिर में फाल्गुन उत्सव मनाया जाएगा। एकादशी के मौके पर श्याम भक्त निशान पूजन कर अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे। संस्था के सदस्यों ने फाल्गुन पोस्टर का विमोचन किया। अध्यक्ष कमलेश संचेती ने बताया कि 20 मार्च को स्थानीय श्री राधा वल्लव मंदिर से 501 पावन निशान के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। निशान शोभायात्रा अपर बाजार के विभिन्न मार्ग होते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। वहां भक्त बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे। उन्होंने बताया कि श्याम प्रेमी निशान कार्ड के लिए 8340503661, 9835162257, 9955090888, 9934072400 पर सम्पर्क कर सकते हैं। संस्था के संरक्षक विष्णु लोहिया ने सभी श्याम प्रेमियों को फाल्गुन उत्सव में भाग लेने का आग्रह किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संयोजक आकाश शर्मा,उप संयोजक सुमित अग्रवाल एवं ललित शर्मा के अलावा अनिल लोहिया,संजय सुरेका,आशीष अग्रवाल, सौरभ कटारुका, मनोज काबरा,हरेंद्र अग्रवाल,विकास मोदी,अभिषेक चौधरी,रवि अग्रवाल सभी अपना योगदान दे रहे हैं।

स्पीड न्यूज

## रातू : बिजुलिया में हर्ष स्टोर खुला

**रातू।** बिजुलिया में रविवार को हर्ष स्टोर का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन समाजसेवी और भाजपा नेता कुशवाहा शिवचरण मेहता ने फीता काटकर किया। उन्होंने संस्थान के प्रो दीपक महली को बधाई और व्यवसाय में तरक्की की शुभकामनाएं भी दी। श्री महली ने बताया कि यहां ग्राहकों के लिये अमूल कंपनी की दूध, दही, लस्सी, पनीर व कोल्ड्रिंक होलसेल व रिटेल कीमत पर उपलब्ध है। मौके पर रमेशचंद्र महतो, सुरेंद्र महतो, राजेंद्र महली, जगदेव महतो, मांगो महली व संदीप कुमार महली आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## रातू : पतंजलि कैंप में दवा का मुफ्त वितरण

**रातू।** राजस्थान औषधालय, मुंबई के तत्वाधान में रविवार को पतंजलि आयुर्वेद ब्लॉक चौक में चेकअप वेलनेस थ्यैरेपी शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन रातू पूर्वी के पूर्व मुखिया जितेश्वर मुंडा ने फीता काटकर किया। पतंजलि आयुर्वेद की डॉ ममता रानी ने दर्जनों मरीजों की स्वाथ्य जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवा भी दी। मौके पर डॉ भोगेश किसलम आदि मौजूद थे।

## हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह 10 से

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के हेसलपिरी गांव में नवनिर्मित श्री हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा सह तीन दिवसीय यज्ञ समारोह का आयोजन 10 से 12 मार्च तक किया गया है। रविवार को यज्ञ के लिए भूमिपूजन आचार्य रुद्रनाथ मिश्रा के सानिध्य में यजमान अजय महतोएसूरज महतो व रामकुमार महतो ने संपन्न किया। मौके पर समिति के रंजीत पटेल शोभनाथ महतो सबिता देवी सोहन कुमार रीता देवी समेत अन्य मौजूद थे।

## प्रखंड कार्यालय के समक्ष भाजपा का प्रदर्शन आज

**बेड़ो।** भाजपा का लूट व झूठ के खिलाफ प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को नरकोपी व बेड़ो मंडल द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जानकारी देते हुए मंडल महामंत्री बलराम सिंह ने बताया कि सोमवार को सुबह ग्यारह बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला प्रदेश कार्य समिति सदस्य सहित दोनों मंडल के सभी भाजपाई मुख्य रूप से शामिल होंगे।

## विस चुनाव को लेकर तैयारी समिति की बैठक

**तमाड़।** तमाड़ विधानसभा तैयारी समिति की एक बैठक भावी प्रत्याशी सिंगराय टूटी के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में तमाड़ विधानसभा अंतर्गत आने वाले तीनों प्रखंड तमाड़ए बुंडू एवं अड़की में विधान सभा चुनाव तैयारी समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया। प्रखंड स्तरीय तैयारी समिति गठन होने के बाद पंचायत स्तरीय चुनाव समिति का गठन किया जाएगा। बैठक को लक्ष्मी कांत महतो राधाकृष्ण मुंडा सत्यनारायण स्वांसी शिवधन मुंडा मदन कुमार दास मुकेश पातर मुंडा सुकरा सिंह मुंडा अनिता देवी पूर्ण चंद्र सिंह मुंडा मरियम हस्सा पूर्ति परी देवी ने संबोधित किया। इसके अलावा इस मौके पर क्षेत्र के कई लोग मौजूद थे।

## संजय सेठ को सांसद प्रत्याशी बनाने का विरोध, फूंका पुतला

**ठाकुरगांव।** भाजपा द्वारा रांची लोकसभा से पुन: संजय सेठ को उम्मीदवार बनाये जाने के विरोध में ग्रामीणों ने उरुगुट्टू भांट बोड़या चौक में रविवार को सांसद संजय सेठ का पुतला दहन किया। मौके पर ग्रामीणों ने सांसद द्वारा क्षेत्र का उपेक्षा करने का आरोप लगाया। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि अगर भाजपा रांची लोकसभा से दूसरा उम्मीदवार नहीं देती है तो ग्रामीण विवश होकर वोट बहिष्कार भी करेंगे। वहीं ग्रामीणों ने झारखंड के स्थानीय नेता को पार्टी का प्रत्याशी बनाने की भी मांग किया। मौके पर ग्रामीणों ने सांसद के विरोध में जमकर नारेबाजी भी किया। पुतला दहन कार्यक्रम में उरुगुट्टू बरौदी पतरातू बंसरी बोड़या खरकुटोला समेत अन्य गांवों के ग्रामीण शामिल थे।

### कार्यकर्ता मिलन समारोह में कांग्रेस और झामुमो कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल

# विपक्षी दल के नेता भाजपा में हो रहे हैं शामिल : बाबूलाल मरांडी

- जिनकी सरकार है उनके कार्यकर्ता पार्टी छोड़ रहे हैं

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के 50 कांग्रेसी व झामुमो कार्यकर्ता रविवार को भाजपा में शामिल हो गए। मंदरो में आयोजित भाजपा के कार्यकर्ता मिलन सह सदस्यता ग्रहण समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेंदेबिल्ली मुखिया दशमी मिंज व टुंडाहुली मुखिया रमेश बेदिया सहित भाजपा में शामिल होने वाले सभी को पार्टी के पट्टा पहना कर स्वागत किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याण कार्य, भाजपा के नीति व सिद्धांत से प्रभावित होकर झारखंड ही नही देशभर के विभिन्न विपक्षी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में जिस पार्टी का सरकार चल रही है। उसी पार्टी के कार्यकर्ता आज पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इससे पता चलता है कि वर्तमान सरकार के प्रति लोगों में कितनी असंतोष है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य को लूटने का कार्य किया है। हमने अपने कार्यकाल में बालू फ्री कर दिया था। आज बालू यूपी बिहार में बेचे जा रहे हैं। वर्तमान सरकार लूटने में बालू, कोयला, पत्थर, जमीन किसी को नही छोड़ा है। लुटने वाले जेल में हैं और गुर्गे वहीं कार्य करने में लगे हैं। कहा वर्तमान में थाना प्रभारी सीओ व बीडीओ को भी वसुली करने में लगाा दिया गया। अबुआ आवास योजना में 20-20 हजार की वसूली हो रही है। राज्य में चोरी, डकैती, हत्या व दुष्कर्म की घटनाएं हो रही है। जब सुरक्षा देने वाले को वसुली में लगा दिया जाएगा तो कानून व्यवस्था कैसे ठिक रहेगी। आज जनता ही नहीं विपक्ष के कार्यकर्ताओं का भी विश्वास टूट गया है और भाजपा के दामन थाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र निर्माण को पूरा करने के लिए भाजपा को वोट देने की अपील किया और कहा राज्य व देश को भाजपा सरकार ही बचा सकती है। वहीं राज्यसभा सदस्य सह प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने कहा मोदी सरकार ने मुस्लीम मां-बहनों को तीन तलाक से मुक्ति दिलाने का कार्य किया है।



कार्यक्रम में मौजूद पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी व अन्य।

### पीएम का कार्य देख हो रहे हैं शामिल

देश के 10 करोड़ घरों में गैस कनेक्शन, 13 करोड़ घरों में शौचालय, गरीबों को घर हर घर में नल जल योजना का लाभ पहुंचाया जा रहा है। आज गरीबों को अनाज व आयुष्मान योजना से उपचार हो रहा है। गांव-गांव में नल जल योजना पहुंचायी जा रही है। सड़क निर्माण होने से अब गांव के बच्चे पैदल नहीं वाहन से स्कूल जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नेरेंद्र मोदी के कार्यो को देखकर ही आज सभी समाज के लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, डॉ अमर चौधरी, मानकी राजेंद्र शाही, बनमाली महतो, अमित सिंह, मनोज चौधरी, सुरेश साहू, रघुनाथ महतो, मुखिया सुनील उरांव, किशोर भंडारी, सोनाराम महतो, लालमोहन करमाली, प्रकाश महतो, राजेंद्र बेदिया, रामवृक्ष नायक व मोहन भंडारी आदि उपस्थित थे।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।

## उग्रवादियों ने क्रशर के कर्मियों को काम छोड़ भागने को कहा

### सांगा गांव के क्रशर में पहुंचे उग्रवादी

खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव/पिठोरिया।** पिठोरिया थाना क्षेत्र के सांगा गांव स्थित क्रेशर में शनिवार की शाम दुबारा पीएलएफआई के उग्रवादियों ने दस्तक दिया। इस क्रम में उग्रवादियों ने क्रेशर के बगल में शौच गये एक कर्मचारी को शाम 7 बजे अपने कब्जे में लेकर लगभग 15 मिनट तक पूछताछ किया। मौके पर कर्मचारी को पांच उग्रवादियों ने काम छोड़कर भाग जाने की बात कही। साथ ही अन्य कामगारों को भी काम नहीं करने का सूचना देने की बात कही। घटना की सूचना के बाद सिटी एसपी राजकुमार मेहता समेत कई थानों की पुलिस देर रात्रि तक क्षेत्र में कैंप किये हुए थे। लगातार दूसरे दिन उग्रवादियों के दस्तक देने से क्रेशर के कामगारों समेत आसपास के ग्रामीणों में भी भय का माहौल वयाप्त है।

### एसआइटी का गठन

शुक्रवार की देर रात्रि सांगा गांव स्थित क्रेशर में पीएलएफआई के उग्रवादियों द्वारा आगजनी की घटना के बाद डीआईजी अनूप बिरथरे ने घटना के जल्द उदभेदन के लिए सिटी एसपी के नेतृत्व में एसआईटी का भी गठन किया है। साथ ही प्रशासन द्वारा सुरक्षा के लिये क्रेशर में पुलिस बलों की भी तैनाती की गई है।


## आजसू की महिलाओं ने निकाला कैंडल मार्च

### पलामू और दुमका गैंगरेप मामले पर राजनीति गरमाई

**मुख्यमंत्री के खिलाफ लगे नारे, आरोपियों पर कार्रवाई की मांग**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पलामू और दुमका में महिलाओं पर हुये गैंगरेप को लेकर राजनीति गरमा गयी है। राज्य की चारों ओर इसकी भर्त्सना हो रही है। रविवार की शाम आजसू कार्यकर्ताओं ने गुस्से का इजहार किया। महिला इकाई की अध्यक्ष वीणा सिंह के नेतृत्त्व में प्रखंड मुख्यालय से काठीटांड़ चौक तक कैंडल मार्च निकाल मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। सभा में वक्ताओं ने कानून व्यवस्था पर अंगुली उठायी। उन्होंने महिला सुरक्षा और आरोपियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की और आंदोलन की चेतावनी दी।



### इन्होंने लिया हिस्सा

लक्ष्मी सिंह, शोभा ठाकुर, ममता कुमारी, कलावती देवी, पूजा देवी, रूपा देवी, अनिता देवी, शीला देवी, कौशल्या देवी, अन्नू सिंह, सर्भा देवी, संगीता देवी, अनुराधा देवी, राजीव रंजन मिश्र, सुशील घोष, सोनू सिंह, विशाल कुमार साहू व निर्मल कुमार आदि।

## खलारी: बिजली कार्य में लगा मजदूर पोल से गिरा, घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया में संवेदक व सीसीएल इएण्डएम का भेंट चढ़ गया एक गरीब मजदूर बिजली के कार्य करने के दौरान हुआ हादसाए कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना लगभग दिन के तीन बजे का बताया गया। जानकारी के अनुसार चुरी परियोजना अंतर्गत सुभाष नगर सीसीएल कॉलोनी में बिजली के खम्भा से जर्जर तार बदलने के दौरान दैनिक वेतन भोगी मजदूर लाइन मेन कर्मी बिजली के खम्भा से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह कार्य स्थानीय संवेदक के द्वारा बिना सेफ़्टी के ही बिजली का कार्य कराया जा रहा था। बताया जाता है कि सुभाष नगर कॉलोनी में 40 फिट बिजली पोल से तार बदलने का कार्य किया जा रहा था। उसी दौरान बिजली कर्मी घिरनदेव उराँव 27 वर्ष तार बदल कर पोल से उतर ही रह था तभी अचानक से बिजली का खंभा उखड़ गया। बिजली का खंभा उखड़ने से कर्मी खंभा से दब गया। जिससे बिजली कर्मी को गंभीर रूप से कमरए पैरएमाथा में गंभीर चोट आ गया। बिजली के खंभा से गिरकर घायल व्यक्ति को अनन फानन में स्थानीय लोगो ने डकरा सेंट्रल हॉस्पिटल लाया गया। इधर इस ममले की यूनियन नेता व सुरक्षा सलाहकर ने प्रबंधन से जांच की मांग की है।

### एक नजर में

## खलारी : ब्रह्मा, विष्णु, शंकर की चैतन्य झांकी के साथ कलश यात्रा



**खलारी।** ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला डकरा सुभाष नगर के बहन.भाइयों द्वारा रविवार को महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में ब्रह्मा विष्णु शंकर का एक भव्यन सुंदर चैतन्य झांकी के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान भगवान शिव का संदेश प्रचारित किया गया। यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लपरा पंचायत की मुखिया सह मुखिया संध की अध्यक्ष पुतुल देवी ने फीता काटकर व शिव ध्वज फहराते हुए किया। गीता पाठशाला के नियमित बीके प्रीति बहन ने बताया कि जब-जब धरा पर अज्ञानता का अंधकार छा जाता है। तब-तब निराकार परमपिता भगवान शिव दिव्य अवतार लेते हैं। कलश यात्रा सुभाष नगर से शुरू होकर ए.टाइप बी.टाइप डकरा मोहन नगर व केडी मुख्य बाजार से होते हुए वापस सुभाष नगर पहुंची। शोभायात्रा में डकरा सुभाष नगर बेती बिलारी कल्याणपुर किचटो कारो के भाई-बहन शामिल हुए।

## संजय सेठ के प्रत्याशी बनाये जाने पर भाजपा एससी मोर्चा ने दी बधाई



**खलारी।** भाजपा एससी मोर्चा खलारी मंडल का एक बैठक खलारी के चाणक्य नगर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा प्रखंड एससी मोर्चा महामंत्री रतनलाल व संचालन रांची जिला एससी मोर्चा मीडिया प्रभारी रविन्द्र पासवान ने किया। बैठक में रांची लोकसभा सीट से सांसद संजय सेठ को फिर से लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा एससी मोर्चा खलारी मंडल ने हर्ष व्यक्त किया। बैठक में संजीत तुरी कुलदीप लोहार अजय पासवान पापू राम राजा राम मुकेश राम पवन कुमार रोहन लाल राकेश राम विजय कुमार साहिल कुमार अमर कुमार शामिल थे।

## स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए एनजीओ आगे आयें : बाबूलाल मरांडी

**अनगड़ा।** प्रखंड के गोंदली पोखर में एक स्वंयसेवी संस्था के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि पुर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू पूर्व विधायक रामकुमार पहान भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो सुनील महतो सिकन्दर अंसारी नीलकंठ चौधरी सहित संस्था की निदेशक शेफाली गुप्ता एवं हेल्थ प्वाइंट रांची के चिकित्सक उपस्थित थे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सुदूर क्षेत्रों में आम जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करने के लिए गैर सरकारी संगठनों को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों में स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता और चिकित्सा सुविधाओं की कमी है। गैर सरकारी संगठनों को आगे आकर दूर-दराज के गांवों में काम करना चाहिए। सांसद आदित्य साहू ने कहा कि सुदूर गांवों में इस तरह का पुण्य कार्य ही सच्ची सेवा है। स्वास्थ्य शिविर में 700 लोगों की स्वस्थ्य जांच की गयी तथा उनके बीच नि:शुल्क दवा वितरित की गईं एवं नि:शुल्क परामर्श दिया गया।

## अज्ञात वाहन के धक्के से स्कूटी सवार घायल

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा पथ पर करांजी गांव के समीप रविवार की रात लगभग आठ बजे अज्ञात वाहन के धक्के से स्कूटी चालक व सवार युवक घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की सहयोग से घायल तुको गांव निवासी रोहित बैठा 26 वर्ष व राहुल कुमार 23 वर्ष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स भेज दिया गया।

## चान्हो : छह चोरों को पुलिस ने भेजा जेल

**चान्हो।** पुलिस ने छह चोरों को गिरफ्तार कर रविवार को भेजा जेल। पुलिस के अनुसार सभी शातिर चोर स्कूलों में करते थे। चोरों के पास से 21 बोरा चावलए 16 पीस गैस सिलेंडरए 01 पिकप वाहनए स्कैनर मशीनए गैस चूल्हा 05 मोबाइल जिसमे एप्पल मोबाइल भी शामिल हैं। सभी चोर सीमावर्ती क्षेत्र के रहने वाले हैं जिसमें इल्यास संजीत छोटू मुबारक इमरान हारून शामिल है। थाना प्रभारी ने बताया कि इन चोरो के द्वारा लगभग 12.15 जगहों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

## राज्य में ध्वस्त कानून व्यवस्था के खिलाफ आजसू करेगी आंदोलन

**ओरमांझी।** आजसू जिला अध्यक्ष संजय महतो द्वारा वर्तमान सरका पर उग्रवादियों को संरक्षित करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि एनडीए सरकार ने राज्य में उग्रवादी गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगा दिया था। लेकिन वर्तमान सरकार में उग्रवादी फिर से सक्रीय हो गए हैं। राज्य की कानून व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई है। यही कराण है उग्रवादी संगठन द्वारा राजधानी में उग्रवादी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। एक मार्च को लेवी की मांग पर क्रशर में घुसकर कर्मियों को पिटाई की और तीन हाइवा फूंक डाले थे।

## संत जगत महर्षि मेंही स्कूल में खेलकूद महोत्सव

**अंतर विद्यालय खेल कूद प्रतियोगिता**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल पुरियो बेड़ो रांची के परिसर में रविवार को अन्तर विद्यालय स्तरीय खेलकूद महोत्सव का आयोजन किया गया। जि समें संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल नगड़ी तथा संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान 100 मीटरए 200 मीटर दौड़ए 400 मीटर रिले रेसए कबड्डीए बैडमिंटनए खो खो आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खेल कूद प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र तथा मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। खेल कूद महोत्सव में शामिल सभी बच्चे काफी उत्साहित तथा आनन्दित थे।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय प्रशासनिक अधिकारी डॉ अरुण कुमार उरांव विशिष्ट अतिथि डॉ अजय कुमार राज डॉ दीपिका पूर्णिमा रेड्डी एन के मेहता अस्पताल संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल नगड़ी विद्यालय के निर्देशक डॉ पंकज राज प्राचार्या जसमंती देवी उप प्राचार्या सुनीता सिंह संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल पुरियो बेड़ो के प्राचार्य इंजी. संदीप राज अतिथि अख्तर हुसैन मो अताउल्लाह मो आसिफ शिवेन्द्र सौरभ आकाश रक्षित रिषभ राज अनिकेत कुमार चन्दन प्रजापति संजय कुमार महतो बब्बन बैठा राजेश कुमार इन्द्र मोहन राय तथा सुजित सिंह आदि मौजूद थे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।




## नशा मुक्ति का संदेश देने भारत भ्रमण पर निकला युवक



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** एक 26 साल का युवक अकेले ही साइकिल से भारत भ्रमण पर निकला है। लगभग साढ़े दस माह में उक्त युवक ने साइकिल से पूरे भारत का सफर तय कर वापिस अपने घर जाने के दौरान रविवार को सामान पैक किए हुए एक साइकिल सवार बेड़ो में पहुंचा। जहां ब्लैक टाइगर ताइक्वांडो क्लब बेड़ो के कोच शशि गोप के नेतृव में स्वगत किया गया।

उक्त साइकिल सवार ने बताया कि उसका नाम अमर पाटले है और वह गांव जाटा जिला जांजगीर के छतीसगढ़ से है। अमर ने बताया कि वह साइकिल पर ही 9 मई 2023 को रायगढ़ छतीसगढ़ से यात्रा शुरू किए हैं। छत्तीसगढ़ से यात्रा शुरू करने के बाद वह उड़ीसा आंध्र प्रदेश होते हुए पश्चिम बंगाल से झारखंड पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक राज्य के प्रमुख स्थलों का दौरा किया। राज्य के प्रमुख व ऐतिहासिक स्थलों पर गए थे। उन्होंने बताया कि उन्हें भारत भ्रमण करके भारत वर्ष को नशा मुक्त बनाना है और इसे पूरा करने के लिए वह साइकिल पर निकले हैं। अमर ने बताया कि अपनी यात्रा के लिए वह कैंपिंग करने व खाना बनाने का सामान साथ लेकर निकले हैं।

## बच्चों की प्रतिभा शिक्षकों की सोच को करती है परिभाषित

**आदित्य पब्लिक स्कूल ओरमांझी में वार्षिक महोत्सव**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** आदित्य पब्लिक स्कूल सिलदिरी ओरमांझी के वार्षिक महोत्सव में रविवार को स्कूली बच्चों ने विभिन्न राज्य के सांस्कृति वेस-भूषा में नृत्य प्रस्तुत किया गया। वहीं नाटय के माध्यम से स्कूली बच्चों को पढ़ाई के लिए अतिरिक्त दबाव नही देने और अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया। बच्चों का अंग्रेजी-हिन्दी में प्रेरणा दायक संबोधन व केजी, यूकेजी के नन्हे-मुन्हे बच्चों के मनमोहक नृत्य प्रस्तुति का उपस्थित लोगों ने ताली बजा कर सराहना व उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू व निदेशक दुर्गाकांत चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए रामटहल चौधरी ने ग्रामीण क्षेत्र के छोटे से विद्यालय की बच्चों की प्रतिभा की सरहाना की और कहा गांव के बच्चों में प्रतिभा की कमी नही है। बच्चे कच्ची मिट्टी के सामान होते हैं। अभिभावकों को अपने बच्चों को इंटरनेट मीडिया की लत से बचाने का अहचान किया और कहा आज के जीवन में मोबाइल व अंग्रेजी भाषा महत्वपूर्ण हैई लेकिन अपनी भाषा संस्कृति को बचाना जरूरी है। बच्चों के बेहतर शिक्षा के साथ अनुशासन भी जरूरी है। विशिष्ट अतिथि जयगोविंद उर्फ लालू साहू ने गांव के बच्चों का षिक्षा व खेल प्रतिभा निखारने में किए जा रहे बेहतर कार्यों की सरहाना की और कहा कि शिक्षकों से मिले संस्कार से ही बच्चे अपने माता-पिता व वृद्धों को सम्मान देना सीखेंगे छोटे से गांव के आदित्य पबिलक स्कूल में बढ़ने वाले बच्चों की प्रतिभा ही विद्यालय व षिक्षकों की बेहतर सोंच को प्ररिभाषित करती है। वहीं निदेशक दुर्गाचरण चौधरी ने कहा विद्यालय में पढ़ने वाले ज्यादातर बच्चे गरीब व सामन्य परिवार से हैं।

प्रयास है कि बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ खेल व अनुशासनिक शिक्षा दी जाए। धन्यबाद ज्ञापन प्राचार्य बबली चौधरी व संचालन आदित्य राम, अक्षा कायनात व पुतुल डे ने किया।



### मौके पर थे मौजूद

मौके पर डॉ प्रदीप कुमार झा, सुचिता कुमारी, बंदना झा, सुनिता कुमारी, आरती बाला, संगीता कुमारी, निशा कुमारी, खुशबू कुमारी, जसीनता मरांडी, विजय सिंह, संजय कुमार, रवि रंजन, सुरेंद्र उरांव, सुनील नायक सहित अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# तेज विकास दर

मार्च माह के पहले दिन घरेलू बाजार में दमदार तेजी हकीकत बयां करती है। विदेशी निवेशकों का भरोसा भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़ा है। जिसके चलते सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्च स्तर तक जा पहुंचे। जो बताते हैं कि देश की अर्थव्यवस्था ने नई रफ्तार पकड़ ली है। देश ने आर्थिक विकास के मामले में चीन-अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है। तीसरी तिमाही के आंकड़ों के अनुसार देश की विकास दर 8.4 फीसदी रही है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि यह आंकड़ा साढ़े छह प्रतिशत के आसपास रह सकता है। वैसे इससे पहले दूसरी तिमाही की ग्रोथ दर 7.6 फीसदी रही थी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में विकास दर 4.3 फीसदी रही थी। निस्संदेह, ये आंकड़े मोदी सरकार के लिए बूस्टर का काम कर सकते हैं। आईएमएफ जैसी वैश्विक संस्थाएं भी कह रही हैं कि मौजूदा वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक विकास की गति अमेरिका, जापान व चीन से अधिक रहेगी। यह क्षमता देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाये। देश में बेरोजगारी की दर धरातल पर कम हो। उल्लेखनीय है कि पिछली तिमाही में अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रदर्शन के मूल में तीन बड़े कारक रहे हैं। भले ही कृषि क्षेत्र में सुस्ती देखी गयी है, लेकिन मैन्युफैक्चरिंग, माइनिंग और विनिर्माण के क्षेत्रों में उत्साहवर्धक गति देखी गई है। बढ़ते अप्रत्यक्ष करों में वृद्धि का भी अर्थव्यवस्था को गति देने में योगदान रहा है। उत्साहजनक बात यह रही कि उत्पादन क्षेत्र में तीसरी तिमाही में 11.6 फीसदी की वृद्धि देखी गई है। यह वृद्धि पिछली तिमाही में महज 4.8 फीसदी रही थी। वहीं खनन के क्षेत्र में भी विकास दर 7.5 फीसदी रही है।

# जहाजरानी से उम्मीद

देश में समुद्री नौवहन क्षेत्र के विकास में 2035 तक विभिन्न परियोजनाओं में 82 अरब डालर का निवेश किया जायेगा। बंदरगाहों के विकास के साथ ही जलमार्गों का विकास और लाइटहाउस के आसपास पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये कदम उठाये जायेंगे। प्रधानमंत्री ने भारतीय बंदरगाहों, जलपोत कारखानों और जलमार्गों में निवेश के लिये वैश्विक निवेशकों को आमंत्रित किया। मोदी ने कहा कि सागरमाला परियोजना के तहत 574 से अधिक परियोजनाओं की पहचान की गई है। इन पर 82 अरब डालर यानी 6 लाख करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। इन परियोजनाओं पर 2015 से 2035 के बीच काम पूरा किया जाना है। उन्होंने कहा कि सरकार अगले 10 साल में देश में 23 जलमार्गों को परिचालन में लाने पर काम कर रही है। भारत की तटीय सीमा के साथ 189 प्रकाश स्तंभ हैं इनमें से सरकार 78 प्रकाशस्तंभ के आसपास पर्यटन का विकास करने की योजना पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इसके साथ ही समुद्री नौवहन क्षेत्र में स्वच्छ अक्षय ऊर्जा के इसतेमाल को भी बढ़ावा दे रही है। हम देशभर में सभी प्रमुख बंदरगाहों पर सौर और पवन ऊर्जा आधारित विद्युत प्रणाली स्थापित करने की प्रक्रिया में हैं। हम 2030 तक सभी बंदरगाहों में इस्तेमाल होने वाली कुल बिजली में से 60 प्रतिशत से अधिक बिजली नवीनीकरण ऊर्जा से इसतेमाल में लाने का उद्देश्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं।' भारतीय बंदरगाहों पर माल लेकर आने और जाने वाले जलयानों को अब अधिक प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ती है। उन्होंने कहा, भारत समुद्री नौवहन क्षेत्र में विकास को लेकर बहुत गंभीर है, इसके साथ ही भारत अब दुनिया की समुद्री अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में एक प्रमुख ताकत के तौर पर उभर रहा है।

# क्यों कटा जयंत का टिकट, कैसे बाजी मार गये मनीष

*मनीष क्या कमजोर पीआर ने किया वर्तमान सांसद का बेड़ा गर्क*

हजारीबाग से दो बार के सांसदरहे जयंत सिन्हा ने राजनीति से सन्यास कीघोषणा कर दी है। दरअसल उन्होने बीजेपीके लोकसभा चुनाव की पहली लिस्ट जारी होनेसे ठीक पहले इसकी घोषणा सोशल साईटएक्स पर ट्वीट कर दी। मेरा मानना है कि येकोई चौकाने वाले फैसला नहीं था।राजनीतिक हलकों और आम-आवाम में ये चर्चाआम थी कि इस बार जयंत सिन्हा का टिकटकाट दिया जाएगा। आखिर क्या थी इसकी वजह ?क्यों एक पढा-लिखा, जानकार, काम करने वालाविजनरी नेता के साथ ऐसा हुआ। क्यों वे अपनेही संसदीय क्षेत्र में अलोकप्रिय और सिर्फ एकजाति विशेष के नेता कहे जाने लगे थे। कौन कररहा था इनकी नेगेटीव पब्लिसिटि।इसकी सबसे बड़ी वजह यह थी कि इसधाकड़ नेता का पीआर बहूत कमजोर था। इनकेईर्द-गिर्द चाटूकरों की फौज थी जो हर वक्तहवाई किले का निर्माण करते रहती थी।

यहां के आम-आवाम का हमेशा से ये शिकायतरहा कि सांसद से उनका भेंट नहीं हो पाताथा। वे सुलभ नहीं थे। उनके चाटूकारों केमाध्यम से ही उनसे मिला जा सकता था। जनता ये भीकहती सुनी गयी कि उनसे वन टू वन मिल पानाबहुत मुश्किल था। सांसद को इन सब बातों कीजानकारी नहीं होती थी।

कई अच्छी योजनाओं के क्रियान्वयन में सांसद काहाथ रहा। हजारीबाग के लिए उन्होनेकई अच्छे काम किये। कई योजनाओं कीआधारशिला रखी। कई का शिलान्यास किया।लेकिन उनके द्वारा किये गये कार्यो की उसतरह से पब्लिसिटी नहीं हुई जिसतरह से होनी चाहिए थी। वे इस दौड़में लगातार पिछड़ते जा रहे थे। इस ओरउनका ध्यान ही नहीं था। सांसद एक नेकदिलइंसान तो थे पर एक कुशल रणनीतिकार कभीनहीं रहे। सच तो यह है कि वे अपने ईर्द-गिर्द बुने जाले में ही फंसते चले गये। यहीवे मात खा गये।

इसके आगे क्या? चूंकि जयंत पढ़ें -लिखे सम्मानित सांसद हैं। विकास से संबंधित कई नीतियों के क्रियान्वन में इनका हाथ रहा है। भाजपा संगठन चाहे तो इनके भास्ट नोलेज का इस्तेमाल करसकती है। ऐसे जानकार व्यक्ति को यूं ही छोड़ देना सही नही होगा। हजारीबाग के लिए क्या ये अच्छा नहीं होगा कि ऐसे नेता कोराज्यसभा में भेजा जाए।सुलभता रही है मनीष जायसवाल की पहचानअब बात करते हैं वर्तमान सदर विधायक मनीष जायसवाल की। मनीष जायसवाल को सांसद जयंतसिन्हा का टिकट काटकर हजारीबागसंसदीय क्षेत्र से भाजपा ने टिकट दिया है।मनीष को यह टिकट कैसे मिला। लोग इसपरतरह-तरह का आकलन कर रहे हैं।लेकिन वे इस बात को भूल रहे हैं कि मनीषकी सबसे मजबूत पक्ष यह है कि वे सुलभ हैं।उनसे आपके कार्य हो ना हो वे आपको तुरंतरिस्पांस देंगे। उनसे कोई भी मिल सकता है।दूसरी बात यह है कि उनका पीआर काफीमजबूत है। उनकी छोटी से छोटी बात लोगोंतक पहुंचती है। वो क्या खाना खाए, कहां रूके,कहां सोए ये सब भी। कहने का मतलब इनका एकएक मान्यूट डिटेल्स जो लोगों तक पहुंचनीचाहिए वो लोगों तक पहुंचा दी जाती है। हरवक्त मीडिया में छाए रहते हैं।ये एक परिपक्व रणनीतिकार हैं। हर वक्तफिल्ड में लोगों के बीच रहते हैं। इनकेसाथ लोगों को अपनापन का आभाष होता है। कोरोना काल में जब सारे नेता अंडरग्राउंड हो गये थे तो ये कमर कसकर लोगों के बीच थे। जैसा संभव हो सका मदद किया। ऐसा नहीं हैकि इनके इर्द-गिर्द चाटूकार नहीं हैं।लेकिन इन्हें चाटूकारों को साधने की कला आती है। विगत दो-तीन सालों से ये लोकसभा कीटिकट की तैयारी में लगे हुए थे। मोदी काल में ये बात जगजाहिर है कि आप दिखेंगे तो आपबिकेंगे। इनपर इन्होने अमल किया। मनीषलोगों के बीच रहे, सुलभ रहे, काम किया, मददकी। कई योजनाओं को सफलता से पूरा किया।सारी बातों को आलाकमान तक अपने पीआर टीम केमाध्यम से पहुंचाया। जब आप लोगों के बीच, लोगोंके साथ, लोगों के लिए काम करेंगे तोस्वाभाविक है कि अच्छा परिणाम सामने आएगा।नतीजा भाजपा से लोकसभा का टिकट।अब आगे क्या?

मनीष को लोकसभा की टिकट मिल गयी है। अबउन्हें बैतरनी पार करना होगा। अब अपनेही पार्टी के लोगों को साधना होगा। जयंत सिन्हा को टिकट नहीं मिलने के कारण उनके क्षुब्ध कार्यकर्ता जो भाजपा के ही हैंउनको मनाना होगा। अंर्तकल्ह की राजनीति सेबचना होगा। अगडे-पिछडे की चर्चा शुरू होचुकी है। उसे रोकना होगा। इन्डी गठबंधन हजारीबाग क्षेत्र से किसे अपना कैंडिडेट बनाती है उसके बाद ये सब जोर पकड़ेगा। चुनौती तो रहेगी। राह आसान नहीं होगा।

दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी अगले 10 दिन में 12 राज्यों का दौरा करेंगे। इन प्रदेशों में पीएम मोदी हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देंगे। साथ ही प्रधानमंत्री धुआंधार जनसंपर्क भी करेंगे। तेलंगाना-तमिलनाडु समेत 12 प्रदेशों में पीएम मोदी आगले 10 दिनों में कई जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

केंद्रीय निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा किसी भी समय कर सकता है। चुनाव आयोग की घोषणा के बाद पूरे देश में आचार संहिता लागू हो जाएगी। चुनावी बिगुल बजने से पहले पीएम मोदी अगले 10 दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा करेंगे। खबरों के मुताबिक पीएम मोदी 29 कार्यक्रमों में शामिल हो सकते हैं। प्रधानमंत्री के भावी कार्यक्रमों के बारे में अधिकारियों ने बताया कि पीएम मोदी तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम अरुणचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान का दौरा करेंगे। पीएम मोदी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी एक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनाव-2024 से पहले प्रधानमंत्री मोदी अलग-अलग- राज्यों में लाखों करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण कर रहे हैं। देखना होगा कि झारखंड में चुनाव किस दिशा में जाता है।

(लेखक खबर मन्त्र हजारीबाग के ब्यूरो चीफ हैं।)





- अभय कुमार सिंह

> मनीषकी सबसे मजबूत पक्ष यह है कि वे सुलभ हैं। उनसे आपके कार्य हो ना हो वे आपको तुरंत रिस्पांस देंगे। उनसे कोई भी मिल सकता है।दूसरी बात यह है कि उनका पीआर काफीमजबूत है। उनकी छोटी से छोटी बात लोगोंतक पहुंचती है। वो क्या खाना खाए, कहां रूके,कहां सोए ये सब भी। कहने का मतलब इनका एकएक मान्यूट डिटेल्स जो लोगों तक पहुंचनी चाहिए वो लोगों तक पहुंचा दी जाती है।

## खास बात

## सीता के बिना अधूरे श्री राम

**सुधांशु कुमार**

**पौराणिक** काल में ऐसी कई महिलाएं हुई हैं जिन्हें हम आदर्श और उत्तम चरित्र की महिलाएं मानते हैं, जो भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। लेकिन उनमें से सर्वोत्तम हैं माता सीता। जैसे श्रीराम को पुरुषों में उत्तम पुरुषोत्तम कहा गया है, उसी तरह माता सीता भी महिलाओं में सबसे उत्तम एवं आदर्श नारी चरित्र हैं। उनकी सत्य निष्ठा, चरित्र निष्ठा, सिद्धांत निष्ठा और अध्यात्म निष्ठा अद्भुत एवं प्रेरक है। वे त्याग, तपस्या, तितिक्षा, तेजस्विता, बौद्धिकता, चैतन्यता, पारिवारिकता एवं पतिव्रता धर्म की प्रतीक हैं, प्रतिभा, पवित्रता, प्रशासन एवं पुरुषार्थ की पर्याय हैं।

पौराणिक कथा के अनुसार, राजा जनक अकाल एवं सूखे की विकराल स्थिति को देखते हुए स्वयं ही एक बार हल से खेत जोत रहे थे तभी उनका हल किसी चीज से टकराया था। तब राजा जनक ने देखा तो वहां एक कलश प्राप्त हुआ। उस कलश में एक सुंदर कन्या थी। राजा जनक की कोई संतान नहीं थी, वह इस कन्या को अपने साथ लें आएं। जोती हुई भूमि तथा हल के नोक को भी सीता कहा जाता है, इसलिए बालिका का नाम सीता रखा गया था। फाल्गुण मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को सीता धरती से प्रकट हुई। राजा जनक की सबसे बड़ी पुत्री होने के कारण माता सीता ने अपने सम्पूर्ण जीवन काल में विवेक, प्रेम, त्याग, समर्पण एवं सत्य को केन्द्रिय भाव बनाया।

तमसो मा ज्योतिर्गमय- मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। ज्योति की यात्रा मनुष्य की शाश्वत अभीप्सा है। इस यात्रा का उद्देश्य है, प्रकाश की खोज। प्रकाश उसे मिलता है, जो उसकी खोज करता है। कुछ व्यक्तित्व प्रकाश के स्रोत होते हैं। वे स्वयं प्रकाशित होते हैं और दूसरों को भी निरंतर रोशनी बांटते हैं। माता सीता ऐसा ही एक लाइटहाउस है यानी प्रकाश-गृह है, जिसके चारों ओर रोशनदान हैं, खुले वातायन हैं। प्रखर संयम, साधना, संतुलन, धैर्य, त्याग और आत्माराधना से उनका समग्र जीवन उद्भासित है।

जानकी (सीता) का विवाह हुआ था, तभी से इस पंचमी को विवाह पंचमी पर्व के रूप में मनाया जाता है।

# मेघनाथ का वध

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**दूसरी** बात है कि मेघनाथ और लक्ष्मण जी बराबर के बलवान थे लेकिन मेघनाथ हार गया। हारने का कारण ही इतना था कि उसका पक्ष कमजोर था। वह रावण की ओर से लड़ रहा था और लक्ष्मण जी श्रीराम के लिये लड़ रहे थे। चूंकि श्रीराम का पक्ष सत्य का पक्ष था धर्म का पक्ष कमजोर था। वह रावण के लिये लड़ रहा था और लक्ष्मण जी श्री राम के लिये लड़ रहे थे। चूंकि श्रीराम का पक्ष सत्य का पक्ष था धर्मका पक्ष था तो विजय होनी थी। सत्य की ही सदा विजय होती है।तीसरी बात हे जो श्रीराम की उदारता को दर्शाता है। यद्यपि कि मेघनाथ मारा गयाहै लेकिन ये सुलोचना से कहते हैं कि मैं तुम्हारा दुख दूर करने के लिये जीवन भर का पुण्य दे सकता है। यह कितनी बड़ी उदारता है। जो शरण में आ जाए उस शरणागत की रक्षा के लिये एवं उसके दुख का दूर करने के लिये कुछ भी किया जा सकता है। यह श्री राम का चरित्र दिखाता है। जो शरणागत है और उस समय उसके प्रत्येक दुख को दूर करने का वचन देते हैं। सायक एक नाभि सर सोसा। अपर लगे भुज सिर करि रोषा। लै सिर बाहु चले नाराचा। सिर भु हीन रूंड महि नाचा।।

अब युद्धभूमि मेंचलने की तैयारी रावण करने लगा। उसने देख लिया कि अब मेरे लिये प्राणपन से लड़ने के सिवाय दूसरा रास्ता नहीं है। उसने युद्ध की तैयारी की और चतुरंगिनी सेना लेकर युद्ध मैदान में जा डटा। आने के पूर्व रास्ते में सेना को रोककर उसने एक भाषण भी दिया था। यह युद्ध नीति होती है। युद्ध के पहले अपने सेनानायको के मनोबल बढ़ाने के लिये होता है। रावण ने कहा मेरे भाईयों वीर सैनिको तुम्हारी वीरता परसंदेश नहीं है।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

## कार्टून वर्ल्ड




**झारखंड** की ध्वस्त कानून व्यवस्था के फलस्वरूप गोड्डा में हुई स्पेनिश महिला के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना ने राज्य की प्रतिष्ठा को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भी धूमिल कर दिया है।

**- बाबूलाल मंराडी, विधायक**

## आपके ट्वीट

**भारतीय** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर वक्ता व लेखिका, नारी शक्ति की प्रतीक तथा भारत कोकिला के नाम से प्रसिद्ध सरोजिनी नायडू जी की पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि।

**- चंपई सोरेन, सीएम**





वोट उत्तर प्रदेश में पड़ेगा,
बदलाव देशभर में आएगा!
शांति और प्रगति के लिए वोट दें- नयी सरकार बनेगी तो नया भविष्य बनेगा।

**- राहुल गांधी**

# जेंडर गैप खत्म हो तब भारत बनेगा आर्थिक महाशक्ति



**सत्यनारायण गुप्ता**

संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण उपलब्ध कराने संबंधी नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद से पारित हो चुका है ।लेकिन अभी उसके क्रियान्वयन में विलंब है ।इस समय संसद में मात्र 10.5% तथा राज्य विधानसभाओं में मात्र 9% महिलाओं का प्रतिनिधित्व है।इसी तरह नौकरशाही में 13 प्रतिशत और न्यायपालिका में आधी आबादी की भागीदारी नगन्य है। व्यापार, कृषि, सुरक्षा, मेडिकल, इंजीनियरिंग, खेल या कला हर क्षेत्र महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। लेकिन महिला श्रम का उचित सम्मान समाज को अभी सीखना है।

कंसल्टेंसी फॉर्म मेकिंजे की रिपोर्ट - पावर ऑफ पैरिटि एडवांसिंग वूमेंस इक्वैलिटी इन इंडिया के अनुसार महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने पर भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी से वृद्धि हो सकती है। इससे देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 2025 तक 40 लाख करोड रुपए की अतिरिक्त बढ़ोतरी हो सकती है। विकास-दर भी 1.4 प्रतिशत ज्यादा संभव है । यदि विश्व के सभी देशों में लिंग भेद पूरी तरह मिट जाए तो विश्व जीडीपी में 1820 लाख करोड रुपए की अतिरिक्त बढ़ोतरी होगी। यह राशि संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के संयुक्त जीडीपी के बराबर है। जीडीपी में इस योगदान के लिए कम से कम 6.8 करोड़ और कामकाजी महिलाओं की जरूरत होगी। रिपोर्ट में शामिल 95 देश में से 26 देश प्रति व्यक्ति जीडीपी और मानव विकास इंडेक्स में भारत से पीछे हैं। भारत की जीडीपी में महिलाओं का योगदान इस समय 17 प्रतिशत है जबकि विश्व स्तर पर यह 37 प्रतिशत है।

## सामयिक

भारत स्टार्टअप और यूनिकॉर्न कम्युनिटी के क्षेत्र में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है ।पर इन स्टार्टअप में सिर्फ 10 प्रतिशत महिलाएं ही फाउंडर हैं ।भारत में महिलाओं को पुरुषों के समान स्टार्टअप करने के लिए प्रोत्साहित नहीं किया जाता है। जिसके कारण स्टार्टअप क्षेत्र में महिलाओं का बहुत कम योगदान है। इसके साथ ही भारत में कोरोना महामारी के कारण जेंडर गैप 4.3 प्रतिशत बढ़ गया है। किसके कारण अर्थव्यवस्था में भीमहिलाओं का योगदान कम हुआ है?।

महिलाओं-पुरुषों में घरेलू जिम्मेदारियों का बंटवारा भी अ समान है। महिलाएं कई ऐसे काम करती हैं जिनके बदले पैसे नहीं मिलते। भारतीय महिलाएं ऐसे काम पुरुषों की तुलना में 10 गुना ज्यादा करती हैं ,विश्व औसत से तीन गुना अधिक। अगर इसके मूल्य को भी जोड़ा जाए और घरेलू कामों के लिए पैसे दिए जाएं तो भारत की इकोनॉमी 20 लाख करोड़ रुपए बढ़ जाएगी। मैकेंजी इंडिया द्वारा भारत के लिए एक नया इंडेक्स तैयार किया है- इंडिया फीमेल एंपावरमेंट इंडेक्स ।यह राज्यों में स्त्री पुरुष समानता को मापने का पैमाना है। इसमें शीर्ष पर मिजोरम, केरल, मेघालय, गोवा और सिक्किम हैं। हालांकि नौकरी की उम्र के लिहाज से यहां देश के सिर्फ चार प्रतिशत महिलाएं हैं। सबसे नीचे बिहार, मध्य प्रदेश, असम, झारखंड और उत्तर प्रदेश हैं। यहां कामकाजी उम्र के लिहाज से देश की 32 प्रतिशत महिलाएं हैं।

दुनिया भर के कामकाजी आयु वर्ग के लोगों में 50 प्रतिशत महिलाएं हैं। लेकिन विश्व जीडीपी में इनका योगदान 37 प्रतिशत है भारत में 17 प्रतिशत । दुनिया भर में बिना पैसे वाला 75 प्रतिशत काम महिलाएं करती हैं। यह हर साल 650 लाख करोड रुपए के बराबर है । दुनिया की जीडीपी का लगभग 13 प्रतिशत। भारत में 90 प्रतिशत ऐसे काम महिलाओं के जिम्मे है ।

# लाला हरदयाल: जिन्होंने अंग्रेजों के आईसीएस का प्रस्ताव ठुकराया था

सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी लाला हरदयाल के बलिदान दिवस (4 मार्च 1939) पर विशेष

**रमेश शर्मा**

**सुप्रसिद्ध** क्रान्तिकारी और विचारक लाला हरदयाल की गणना उन विरले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में होती है जिन्होंने केवल भारत ही नहीं अपितु अमेरिका और लंदन में भी अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध जनमत जगाया था। लालाजी को अपने पक्ष में करने के लिये अंग्रेजों ने बहुत प्रलोभन दिये। उस समय की सबसे प्रतिष्ठित आईसीएस पद के प्रस्ताव भी दिया था जिसे लालाजी ने ठुकरा दिया था। यही आईसीएस सेवा अब आईएएस के रूप में जानी जाती है।

माता भोलारानी रामचरितमानस की विदुषी मानी जाती थीं। उनका परिवार आर्य समाज से जुड़ा था। इस प्रकार घर और पूरे क्षेत्र में राष्ट्रीय संस्कृति की प्रतिष्ठापना का वातावरण था। इसी वातावरण में लाला हरदयाल का जन्म हुआ था। परिवार के संस्कारों ने उन्हें बचपन से राष्ट्रीय, साँस्कृतिक और सामाजिक चेतना से ओतप्रोत कर दिया था। उन्हें बचपन में माँ से रामायण की और पिता से संस्कृत शिक्षा मिली। उन्हें रामायण की चौपाइयाँ और संस्कृत के अनेक श्लोक कंठस्थ थे।

उन दिनों के सभी शासकीय विद्यालयों में चर्च का नियंत्रण हुआ करता था। उनकी प्राथमिक शिक्षा कैम्ब्रिज मिशन स्कूल में हुई और महाविद्यालयीन शिक्षा सेन्ट स्टीफन कालेज में हुई। वे पढ़ने में बहुत कुशाग्र थे सदैव प्रथम ही आते थे। उनकी स्मरण शक्ति अद्भुत थी । एक बार सुनकर पूरा पाठ कंठस्थ हो जाता था। उनकी गणना ऐसे विरले व्यक्तियों में होती थी जो अंग्रेजी और संस्कृत दोनों भाषाएँ धाराप्रवाह बोल लेते थे। इस विशेषता ने उन्हें पूरे महाविद्यालय में लोकप्रिय बना दिया था। महाविद्यालयीन शिक्षा में कालेज में टाप पर रहने से उन्हें 200 पाउण्ड की छात्रवृत्ति मिली। इस राशि से वे आगे पढ़ने के लिये लंदन गये 1905 में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया। लालाजी ने लंदन में भारतीयों के साथ अंग्रेजों का हीनता से भरा व्यवहार देखा जिससे वे बहुत विचलित हुये। यद्यपि इसका आभास उन्हें दिल्ली के सेन्ट स्टीफन कालेज में भी हो गया था। पर जो दृश्य लंदन में देखा उसे देखकर बहुत विचलित हुये और उन्होंने अपने छात्र जीवन में जाग्रति और वैचारिक संगठन का अभियान आरंभ कर दिया।

## संस्मरण

भारतीय छात्रों में संगठन और जाग्रति के लिये उन्होंने संगोष्ठियों और बैठकों का कार्य आरंभ किया । वे ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते थे जिनमें भारतीय चिंतन की प्रतिष्ठा गरिमा और ओज के साथ हो संगठनात्मक भाव भी जाग्रत हो। लाला जी लंदन में क्राँतिकारी आँदोलन चला रहे मास्टर अमीरचंद के संपर्क में आये। उनका संपर्क क्रांतिकारी श्यामजी कृष्ण वर्मा से भी हुआ। श्याम कृष्ण जी ने लंदन में इंडिया हाउस की स्थापना की थी। लालाजी उसके सदस्य बन गये। क्रांतिकारियों के संपर्क और अध्ययन से लालाजी को यह भी आभास हुआ कि पूरी दुनियाँ में अंग्रेजों का दबदबा भारतीय सैनिकों के कारण है।

जहां कभी भी सेना भेजनी होती वहां सबसे अधिक सैनिकों की संख्या भारतीय मूल के सैनिकों की होती लेकिन अंग्रेज उनसे सम्मानजनक व्यवहार नहीं करते थे। उनकी कुशाग्रता और सक्रियता अंग्रेजों से छुपी न रह सकी। उन्हे 1906 में आईसीएस सेवा का प्रस्ताव मिला जिसे ठुकरा कर वे लंदन में भारतीयों के संगठन और स्वाभिमान जागरण के अभियान में ही लगे रहे।

## लेटर टू एडिटर

### अधिकारों की रक्षा

हमारे संविधान ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध और प्रदर्शन करने का हर नागरिक को अधिकार दिया है। लेकिन वहीं अपने एक आदेश में स्पष्ट किया है कि सुप्रीम कोर्ट ने भी फैसला दिया था कि सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा जमाना स्वीकार योग्य नहीं है। अचानक कुछ प्रदर्शन हो सकते हैं लेकिन लंबे समय तक असहमति बनी रहने की संभावना है।

**-रविशंकर, रांची**

### हमारी वैदिक ताकत

होम यानी वैदिक अग्नि संस्कार जापान में धर्म के केंद्र में है। इसमें शामिल हैं मंत्र, मुद्रा और मंडल। वैदिक अग्नि अनुष्ठान में मुद्रा को लेकर कुछ निर्देश दिए गए हैं, जैसे कि आहुति देने वाले चमचे को शंख मुद्रा में पकड़ा जाना चाहिए। जब पुजारी कक्ष में प्रवेश करे तो वह अपनी दाईं हथेली को बाईं हथेली पर समकोण में रखकर हाथ बंद कर ले।

**-सुधाकर सिंह, हजारीबाग**


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# जेएन टाटा जन्मोत्सव पर दिखी टेक्नोलोजी फॉर पीपुल एंड प्लेनेट की भव्य झलक

## टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने टाटा स्टील वर्क्स और पोस्टल पार्क जाकर दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने आज अपने संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा को उनकी 185वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्हें महान 'भारतीय उद्योग का जनक' भी माना जाता है। संस्थापक दिवस के रूप में मनायाजाने वाला यह प्रमुख कार्यक्रम हर साल 3 मार्च को जमशेदपुर में सामुदायिक कल्याण के साथ औद्योगिक भविष्य के संस्थापक की दूरदर्शी सोच को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित किया जाता है।

इस वर्ष के समारोह की थीम ''टेक्नोलजी फर पीपल एंड प्लेनेट'' है।

आज जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रम में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन और टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन उपस्थित थे। इस अवसर पर कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और यूनियन के सदस्य भी उपस्थितथे। कार्यक्रम की शुरुआत वर्क्स मेन गेट पर चेयरमैन, सीईओ और एमडी, यूनियन पदाधिकारियों, समूह कंपनी के अधिकारियों, कंपनी के कर्मचारियों और जमशेदपुर के नागरिकों द्वारा संस्थापक को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। बिस्टुपुर पोस्टल पार्क में जमशेदपुर के नागरिकों को संबोधित करते हुए, एन चंद्रशेखरन ने कहा, हमारे संस्थापक, जमशेदजी टाटा ने एक ऐसे भविष्य की कल्पना की थी जहां उद्योग सकारात्मक बदलाव के लिए एक बड़ी ताकत होगा, और यह बहुत गर्व की बात है कि हम उनकी विरासत को बरकरार रख रहे हैं। इस अवसर पर, हम अखंडता, नवाचार और सामाजिक जिम्मेदारी के सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं जिन्होंने हमारी स्थापना के बाद से हमारामार्गदर्शन किया है। हम जमशेदपुर और इसके निवासियों के लिए एक उज्जवल, अधिक समृद्ध भविष्य बनाने के लिए समुदाय के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे।



संस्थापक को टाटा स्टील वर्क्स में नमन करते चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन।



संस्थापक जेएन टाटा की विशाल प्रतिमा को नमन करते सीइओ एंड एमडी श्री टीवी नरेंद्रन।



संस्थापक दिवस खेल-कूद विजेता टीम को शील्ड देते टीवी नरेंद्रन,रुचि नरेंद्रन और चाणक्य चौधरी।



टाटा स्टील वर्क्स में गुजरती टाटा पावर की झांकी। नेतृत्व करते इंटक नेता राकेश्वर पांडेय व कंपनी

टाटा वर्कर्स यूनियन गए चेयरमैन, नेतृत्व से की बैठक पोस्टल पार्क में श्रद्धांजलि के बाद चेयरमैन ने टाटा वर्कर्स यूनियन में यूनियन पदाधिकारियों से मुलाकात की। इसके अलावा, जमशेदपुर वर्क्स के स्टीलेनियम हल में प्रदर्शनी का उद्घाटन उनके द्वारा किया गया था। विभिन्न विभागों ने थीमके अनुरूप अपनी प्रौद्योगिकी-आधारित पहल प्रस्तुत की। इसके पूर्व गत 2 मार्च की शाम को चेयरमैन ने जुबली पार्क में संस्थापक की प्रतिमा पर प्रकाश सज्जा का उद्घाटन किया। इसके अलावा, सीईओ और एमडी टीवी नरेंद्रन द्वारा विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया, जिसमें अग्रणी भूविज्ञानी पीएनबोस के नाम पर एक जियोलजी सेंटर, टाटा स्टील जमशेदपुर वर्क्स में आई-मेक (एकीत रखरखाव उत्ष्टता केंद्र) और आई-सी प्रक (एकीत कोक प्लांट रिमोट अपरेशंस सेंटर) शामिल हैं। टी वी नरेंद्रन ने 2 मार्च को शावक नानावतीतकनीकी संस्थान (एसएनटीआई) में 14वीं तकनीकी प्रदर्शनी, टेकएक्स-2024 का भी उद्घाटन किया। संस्थापक दिवस समारोह देश भर में टाटा स्टील के कलिंगानगर, मेरामंडली और झारखंड तथा ओडिशा में र मटेरियल लोकेशन्स सहित अन्य स्थानों और कार्यालयों में भी आयोजित किया गया।

टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिवीजन ने 2 और 3 मार्च को जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया।

### टाटा ग्रुप का मंदिर है जमशेदपुर, बनी रहेगी बॉंडिंग : चंद्रशेखरन

जमशेदपुर। टाटा संस के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन ने आज संस्थापक दिवस के अवसर पर यहां बिष्टुपुर पोस्टल पार्क में शहरवासियों को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जमशेदपुर टाटा ग्रुप का मंदिर है यहां से हमें वैश्विक चुनाव से लड़ने की प्रेरणा मिलती है। हर साल हम यहां अपने संस्थापक की जयंती के मौके पर आकर उन्हें नमन करते हैं और यहां से दुनिया की चुनौतियों का सामना करने का प्रण लेकर जाते हैं। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर एक वंडरफूल सिटी है, टाटा समूह यहीं से फला-फूला । इस शहर में आगे भी टाटा समूह निवेश जारी रखेगा। हम टाटा स्टील के डाउन स्ट्रीम बिजनेस में निवेश कर रहे हैं वहीं भविष्य में नये-नये क्षेत्रों में यहां निवेश की संभावना देखी जा रही है। इससे शहर की विकास यात्रा जारी रहेगी। कार्यक्रम में टाटा संस के चेयरमैन का स्वागत टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा ने किया। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर की नागरिक सुविधाएं एवं यहां के जीवन की गुणवत्ता देख कर देश-विदेश के लोग दंग रह जाते हैं। हम इस शहर को और बेहतर शहर बनाने की दिशा में आगे भी मेहनत करते रहेंगे। इस शहर पर हर नागरिक को गर्व है।इस अवसर पर टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन, वीपी चाणक्य चौधरी, जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय, चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, बीके अंजु बहन समेत बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर चेयरमैन ने अपने सहयोगी पदाधिकारियों संग डेढ़ दर्जन से अधिक नागरिक संस्थाओं की ओर से निकाली गयी रंगारंग झांकी को झंडी दिखा कर रवाना किया।



गोपाल मैदान में संस्थापक खेल-कूद प्रतियोगिता में बॉलिंग करते सीइओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन। साथ में चाणक्य चौधरी और डीबी सुंदरामम।



## दोमुहानी घाट पर आठ मार्च को भव्य स्वर्णरेखा आरती का होगा आयोजन

### स्वस्थ्य मंत्री सह क्षेत्र के विधायक मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने आगामी 8 मार्च को होने वाले स्वर्णरेखा आरती कार्यक्रम के तैयारी को लेकर अपने जमशेदपुर विधानसभा क्षेत्र के सोनारी दोमुहानी स्वर्णरेखा घाट का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि गंगा आरती की तर्ज पर शिवरात्रि के दिन दोमुहानी घाट पर 8 मार्च 2024 को स्वर्णरेखा आरती की जाएगी। ज़मशेदपुर पश्चिम विधानसभा के कांग्रेस विधायक सह स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के सोनारी स्थित दो नदियों का संगम स्थल दोमुहानी घाट पहुंचे । उन्होंने घाट का जायजा लिया और यहां गंगा आरती की तर्ज पर स्वर्णरेखा आरती की योजना बनाई है। दोमुहानी घाट का निरीक्षण करने के बाद मंत्री बन्ना गुप्ता मरीन ड्राइव का निरीक्षण किया और साफ-सफाई को लेकर दिशा निर्देश भी दिए। इसकी जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक संजय ठाकुर ने बताया कि पिछले साल की भांति इस साल भी भव्य रूप से आयोजन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जी के नेतृत्व उम किया जायेगा। इस बार बनारस के 11 पंडित आकर आरती करेंगे जिसके साथ ही भजन संध्या का आयोजन भी किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, स्टेज निर्माण, विधुत व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण समेत अन्य बिन्दुओ को लेकर विशेष निर्देश बन्ना गुप्ता द्वारा दिया गया।

### जमशेदपुर एफसी के सीईओ मुकुल चौधरी ने जेएन टाटा को दी श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर।** भारत के सबसे महान दूरदर्शी लोगों में से एक को सीईओ श्री मुकुल विनायक चौधरी और मुख्य कोच खालिद जमील के नेतृत्व में जमशेदपुर एफसी ने प्रतिष्ठित जमशेदजी नुसरवानजी टाटा को श्रद्धांजलि दी। टाटा समूह के संस्थापक जेएन टाटा को न केवल उद्योग के दिग्गज के रूप में बल्कि एक देशभक्त, दूरदर्शी और सबसे बढ़कर मानवतावादी के रूप में भी याद किया जाता है। भारत के औद्योगिक परिदृश्य में उनका योगदान पौराणिक है, लेकिन खेलों में बदलाव लाने और प्रिय शहर जमशेदपुर की स्थापना में उनकी भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। रविवार की सुबह, टाटा फुटबल अकादमी ग्राउंड का माहौल श्रद्धा और पुरानी यादों से भरा हुआ था।

## टाटा स्टील ने टाटा मोटर्स से कमर्शियल वाहनों की पहली अगली पीढ़ी की, इको फ्रेंडली फ्लीट प्राप्त की

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने आज एक महत्वपूर्ण पड़ाव हासिल किया है क्योंकि उसे टाटा मोटर्स से अगली पीढ़ी की, हरित-ईंधन-संचालित कमर्शियल वाहनों की डिलीवरी का पहला बैच प्राप्त हुआ है। यह पहल धरती के लिए हरित, स्वच्छ, अधिक सस्टेनेबल और न्यायसंगत भविष्य के लिए टाटा समूह की ''आलिंगना परियोजना'' के अनुरूप है। शुद्ध-शून्य उत्सर्जन के प्रति टाटा स्टील की प्रतिबद्धता एक जिम्मेदार सप्लाई चेन के निर्माण की दिशा में स्वच्छ संचालन के लिए अभिनव समाधान अपनाने के प्रति इसके समर्पण को रेखांकित करती है। प्राप्त वाहनों के पहले सेट में प्राइमा ट्रैक्टर-ट्रेलर, टिपर और अल्ट्रा ईवी बस शामिल हैं, जो सभी कम और उत्सर्जन-मुक्त प्रौद्योगिकियों - एलएनजी और इलेक्ट्रिक बैटरी द्वारा संचालित हैं। जमशेदपुर में टाटा समूह के संस्थापक दिवस समारोह के हिस्से के रूप में टाटा संस के चेयरमैन एनचंद्रशेखरन ने वाहनों को हरी झंडी दिखाई। फ्लैग-अफ में टाटा स्टील के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक टी. वी. नरेंद्रन और टाटा मोटर्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ अपनी नेतृत्व टीमों के वरिष्ठ सदस्यों के साथ उपस्थित थे। टाटा मोटर्स के साथ दीर्घकालिक साझेदारी के बारे में बात करते हुए, टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक, टी. वी. नरेंद्रन ने कहा कि यह डिलीवरी टाटा मोटर्स के साथ हमारी दीर्घकालिक साझेदारी में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमारे संबंधित उद्योगों में अग्रणी के रूप में, टाटा स्टील और टाटा मोटर्स सस्टेनेबिलिटी और इनोवेशन के लिए एक समान दृष्टिकोण साझा करते हैं। अपनी सामूहिक विशेषज्ञता और संसाधनों का उपयोग करके, हम न केवल अपने उद्योगों में क्रांति ला रहे हैं बल्कि पर्यावरणीय जिम्मेदारी में भी आगे बढ़ रहे हैं। साथ मिलकर, हम सकारात्मक बदलाव लाने और पर्यावरण-अनुकूल समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो न केवल हमारे व्यवसायों को लाभ पहुंचाते हैं बल्कि एक हरित कल के निर्माण में भी योगदान करते हैं।''टाटा मोटर्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ ने कहाः टाटा मोटर्स भारत में सस्टेनेबल, सुरक्षित और स्मार्ट मोबिलिटी के वैश्विक मेगाट्रेंड को संचालित कर रहा है। कमर्शियल वाहनों का हमारा हरित बेड़ा अपनी सप्लाई चेन को कार्बन न्यूट्रल बनाने की दिशा में टाटा स्टील के प्रयासों को गति देगा। हमने कार्यक्षमता, प्रदर्शन, कनेक्टिविटी और सुरक्षा को बढ़ाने के लिए समग्र समाधान डिजाइन करने के लिए उनके और उनके परिवहन भागीदारों के साथ सहयोग किया है।



# क्रूर शासक अलाउद्दीन खिलजी का झूठ

**अलाउद्दीन खिलजी को लैंड रेवेन्यू यानी भूमि राजस्व में सुधार के लिए जाना जाता है लेकिन ये बात सरासर झूठी है। अलाउद्दीन से सैकड़ों वर्ष पहले आचार्य चाणक्य ने अर्थशास्त्र लिखा था जिसमें भूमि राजस्व सुधार संबंधी कई बातों का जिक्र है। मौर्य और गुप्तकालीन भारत में किसानों की दशा मध्यकाल के किसानों से बेहतर थी। खिलजी की अर्थव्यवस्था लूटपाट पर आधारित थी। उसके शासन में गंगा-जमनी तहजीब नहीं थी। सैयद अतहर अब्बास रिजवी द्वारा अनुवादित ह्यखिलजीकालीन भारत नामक किताब के पेज नंबर 71 पर उल्लेख मिलता है कि सुल्तान अलाउद्दीन ने काजी मुगीस से तीसरा मसला ये पूछा कि मैंने उस समय, जब मैं मलिक था, जो धन-संपत्ति इतने खून-खराबे के बाद देवगिरी से प्राप्त की थी, वो मेरी है या कि मुसलमानों के बैतुलमाल (राजकोष) की?इन इतिहासकारों ने मध्यकाल में फारसी में ये इतिहास लिखा था जिसका हिन्दी में बाद में अनुवाद किया गया। ह्यखिलजीकालीन भारत नामक इस किताब के पेज नंबर 74 पर एक घटना का जिक्र है। ये घटना जियाउद्दीन बरनी ने अपनी किताब ह्यतारीख-ए-फिरोजशाही में लिखी है। इस किताब के अनुसार मैंने बादशाह के 2-3 ऐसे गुण सुने हैं, जो कि धर्मनिष्ठ बादशाहों में होने चाहिए। ये गुण इस युग और इस काल के बादशाह में भी पाए जाते हैं। उनमें से एक ये है कि हिन्दुओं को लज्जित, पतित, अपमानित और दरिद्र बना दिया गया है। मैंने सुना है कि हिन्दुओं की स्त्रियां तथा बालक मुसलमानों के द्वार पर भीख मांगा करते हैं।**



**रंधीर कुमार कौशिक**

मुगीज से उत्तर दिया कि मेरे लिए सिंहासन के सामने सत्य बोलने के अलावा कोई उपाय नहीं। जो धन-संपत्ति अन्नदाता देवगी से लाए हैं, वो सब इस्लामी सेना की मेहनत से प्राप्त हुई है, वो मुसलमानों के बैतुलमाल का हक है। यदि अन्नदाता कहीं से अकेले कुछ धन-संपत्ति प्राप्त करे तो वो शारा के नियम से अन्नदाता की ही होगी और अन्नदाता के लिए शारा के अनुसार हलाल होगी।

सुल्तान अलाउद्दीन काजी मुगीसुद्दीन से इस पर बड़ा नाराज हुआ था और उससे कहा कि तू क्या बकता है? तुझे पता नहीं कि जो धन-संपत्ति मैंने अपने प्राणों पर खेलकर और अपने कर्मचारियों को डर दिखाकर हिन्दुओं से प्राप्त की है, जिनके विषय में दिल्ली में कोई जानकारी भी नहीं थी और जिसे मैंने बादशाह के खजाने में भी नहीं भेजा और जो मैंने स्वयं खर्च करनी आरंभ कर दी, वह किस प्रकार बैतुलमाल की हो सकती है?

इसी किताब के पेज नंबर 94 पर लिखा है कि मलिक नायब ने तिलंग की सीमा पर पहुंचकर आसपास के कस्बों और देहातों का विध्वंस कर दिया। उन स्थानों के रायों और मुकद्दमों ने इस्लामी सेना की लूटमार देखकर मार्ग के सभी किले छोड़ दिए और अरंगल पहुंचकर किले में घुस गए। पेज नंबर 79 पर लिखा है कि दुआब और उसके आसपास के 100 कोस के प्रदेश में इस प्रकार खिराज निश्चित किया गया कि प्रजा दस मन से अधिक अनाज एकत्रित नहीं कर सकती थी और खिराज वसूल करने में इतनी कठोरता दिखाई जाती थी कि प्रजा को अनाज खलिहान ही में बंजारों के हाथ



## बेचने पर विवश हो जाना पड़ता था।

सैयद अतहर अब्बास रिजवी द्वारा अनुवादित ह्यखिलजीकालीन भारतह्ल नामक किताब में बादशाह खिजली से वेतनप्राप्त इतिहासकार जियाउद्दीन बरनी, अमीर खुसरो, एसामी, इब्ने बतूता, याया, फरिश्ता और अब्दुल्ला के लिखे वाकयों का संकलन है। ये इतिहासकार खिलजी की प्रशंसा में लिखते थे लेकिन बहुत-सी जगह इन्होंने खिलजी की पोल भी खोल दी है।

इन इतिहासकारों ने मध्यकाल में फारसी में ये इतिहास लिखा था जिसका हिन्दी में बाद में अनुवाद किया गया। ह्यखिलजीकालीन भारतह्ल नामक इस किताब के पेज नंबर 74 पर एक घटना का जिक्र है। ये घटना जियाउद्दीन बरनी ने अपनी किताब ह्यतारीख-ए-फिरोजशाही में लिखी है।

इस किताब के अनुसार मैंने बादशाह के 2-3 ऐसे गुण सुने हैं, जो कि धर्मनिष्ठ बादशाहों में होने चाहिए। ये गुण इस युग और इस काल के बादशाह में भी पाए जाते हैं। उनमें से एक ये है कि हिन्दुओं को लज्जित, पतित, अपमानित और दरिद्र बना दिया गया है। मैंने सुना है कि हिन्दुओं की स्त्रियां तथा बालक मुसलमानों के द्वार पर भीख मांगा करते हैं।

ऐ बादशाहे इस्लाम! तेरी ये धर्मनिष्ठा प्रशंसनीय है और तू हजरत मोहम्मद साहब के धर्म की खूब रक्षा कर रहा है। यही इसी आचरण के कारण तेरे सभी पापों में से जो आकाश से पाताल तक के पापों से भी अधिक हों, तो चिड़िया के एक पंख के बराबर भी बख्शे जाने से रह जाएं तो कल तू कयामत में मेरा दामन पकड़ लेना।

इस किताब में अमीर खुसरो की किताब मिफ्ताहुल फूतहू का भी अनुवाद है। इस किताब के पेज नंबर 153 पर राजस्थान के झायन में हुई एक लूट का जिक्र है। ये जगह आज राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में है। इसमें लिखा है कि तीसरे दिन दोपहर में सुल्तान झायन पहुंचा और राय के महल में उतरा। महल की सजावट और कारीगरी देखकर वो हैरान रह गया। वह महल हिन्दुओं का स्वर्ग मालूम पड़ता है। चूने की दीवारें आईने के समान थीं। उसमें चंदन की लकड़ियां लगी हुई थीं। बादशाह उस महल में कुछ समय रहकर बड़ा प्रसन्न हुआ।

वहां से निकलकर उसने उद्यानों और मंदिरों की सैर की। मूर्तियों को देखकर वह आश्चर्य में पड़ गया। उस दिन तो वह

मूर्तियों को देखकर वापस हो गया लेकिन दूसरे दिन उसने सोने की मूर्तियां पत्थर से तुड़वा डालीं। 2 पीतल की मूर्तियां जिसमें से प्रत्येक 1-1 हजार मन की थीं, तुड़वा डाली गईं और उनके टुकड़ों को लोगों को दे दिया गया। महल, किला तथा मंदिर तुड़वा डाले गए। लकड़ी के खंभों को जलवा दिया गया। झायन की जमीन इस प्रकार खोद डाली गई कि सैनिक मालामाल हो गए। मंदिरों से यह आवाज आने लगी कि शायद कोई अन्य महमूद (गजनवी) जीवित हो गया।

1296 में दिल्ली के सुल्तान बने अलाउद्दीन खिलजी की चार पत्नियां थीं जिनमें से एक राजपूत राजा की पूर्व पत्नी और दूसरी यादव राजा की बेटी थीं। 1316 तक दिल्ली के सुल्तान रहे अलाउद्दीन खिलजी ने कई छोटी राजपूत रियासतों पर हमले कर उन्हें सल्तनत में शामिल कर लिया था। अलाउद्दीन खिलजी ने राजपूतों को युद्ध में हरा दिया था और उन्होंने गुजरात के शहरों और मंदिरों को लूटा था।गुजरात के प्रसिद्ध इतिहासकार मरकंद मेहता के अनुसार 1299 में खिलजी की सेनाओं ने गुजरात पर बड़ा हमला किया था। इस हमले में गुजरात के वाघेला राजपूत राजा कर्ण वाघेला की बुरी हार हुई थी। इस हार में कर्ण ने अपने साम्राज्य और संपत्तियों के अलावा अपनी पत्नी को भी गंवा दिया था। इस संबंध में पद्मनाभ ने 1455-1456 में कान्हणदे प्रबंध लिखी थी जो ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित थी। इसमें भी राजपूत राजा कर्ण की कहानी का वर्णन है। (डायरेक्टर बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटन रांची)

# महान राजा भोज का इतिहास

अल्पायु में सिंहासनारोहण के समय महान राजा भोज चारों ओर से शत्रुओं से घिरे थे। उत्तर में तुर्कों से, उत्तर-पश्चिम में राजपूत सामंतों से, दक्षिण में विक्रम चालुक्य, पूर्व में युवराज कलचुरी तथा पश्चिम में भीम चालुक्य से उन्हें लोहा लेना पड़ा। उन्होंने सब को हराया। तेलंगाना के तेलप और तिरहुत के गांगेयदेव को हराने से एक मशहूर कहावत बनी-

**कहां राजा भोज, कहां गंगू तेली :** भोज नाम से और भी राजा हुए हैं जैसे मिहिर भोज। हम यहां बात कर रहे हैं उन राजा भोज की जिन्होंने अपनी राजधानी धार को बनाया था। उनका जन्म सन 980 में महाराजा विक्रमादित्य की नगरी उज्जैनी में हुआ। राजा भोज चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य के वंशज थे। पन्द्रह वर्ष की छोटी आयु में उनका राज्य अभिषेक मालवा के राजसिंहासन पर हुआ। प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान डॉ. रेवा प्रसाद द्विवेदी ने प्राचीन संस्कृत साहित्य पर शोध के दौरान मलयाली भाषा में भोज की रचनाओं की खोज करने के बाद यह माना है कि राजा भोज का शासन सुदूर केरल के समुद्र तट तक था। ग्वालियर से मिले महान राजा भोज के स्तुति पत्र के अनुसार केदारनाथ मंदिर का राजा भोज ने 1076 से 1099 के बीच पुर्निनर्माण कराया था। राहुल सांकृत्यायन के अनुसार यह मंदिर 12-13वीं शताब्दी का है। इतिहासकार डॉ. शिव प्रसाद डबराल मानते हैं कि शैव लोग आदि शंकराचार्य से पहले से ही केदारनाथ जाते रहे हैं, तब भी यह मंदिर मौजूद था। कुछ इतिहासकारों अनुसार राजा भोज परमार मालवा के परमार अथवा पवार वंश के नौवें यशस्वी राजा थे। उन्होंने 1018 ईस्वी से 1060 ईस्वी तक शासन किया। कुछ विद्वानों अनुसार परमार वंश ने मालवा पर सन 1000 से 1285 तक राज किया। भोजराज इसी महाप्रतापी वंश की पांचवीं पीढी में थे।

**कुछ विद्वान मानते हैं कि महान राजा भोज** :(भोजदेव) का शासनकाल 1010 से 1053 तक रहा। राजा भोज ने अपने काल में कई मंदिर बनवाए। राजा भोज के नाम पर भोपाल के निकट भोजपुर बसा है। धार की भोजशाला का निर्माण भी उन्होंने कराया था। कहते हैं कि उन्होंने ही मध्यप्रदेश की वर्तमान राजधानी भोपाल को बसाया था जिसे पहले ह्यभोजपालह्ल कहा जाता था। इनके ही नाम पर भोज नाम से उपाधी देने का भी प्रचलन शुरू हुआ जो इनके ही जैसे महान कार्य करने वाले राजाओं की दी जाती थी।

**भोज के निर्माण कार्य :** मध्यप्रदेश के सांस्कृतिक गौरव के जो स्मारक हमारे पास हैं, उनमें से अधिकांश राजा भोज की देन हैं, चाहे विश्वप्रसिद्ध भोजपुर मंदिर हो या विश्वभर के शिवभक्तों के श्रद्धा के केंद्र उज्जैन स्थित महाकालेश्वर मंदिर, धार की भोजशाला हो या भोपाल का विशाल तालाब- ये सभी राजा भोज के सृजनशील व्यक्तित्व की देन हैं। राजा भोज नदियों को चैनलाइज या जोड़ने के कार्य के लिए भी पहचाने जाते हैं। आज उनके द्वारा खोदी गयी नहरें और जोड़ी गयी नदियों के कारण ही नदियों के कंजर्व वाटर का लाभ आम लोगों को मिल रहा है। भोपाल शहर का बड़ा तालाब इसका उदाहरण है। भोज ने भोजपुर में एक विशाल सरोवर का निर्माण कराया था, जिसका क्षेत्रफल 250 वर्ग मील से भी अधिक विस्तृत था। यह सरोवर पन्द्रहवीं शताब्दी तक विद्यमान था, जब उसके तटबन्धों को कुछ स्थानीय शासकों ने काट दिया। उन्होंने जहां भोज नगरी (वर्तमान भोपाल) की स्थापना की वहीं धार, उज्जैन और विदिशा जैसी प्रसिद्ध नगरियों को नया स्वरूप दिया। उन्होंने केदारनाथ, रामेश्वरम, सोमनाथ, मुण्डीर आदि मंदिर भी बनवाए, जो हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर हैं। राजा भोज ने शिव मंदिरों के साथ ही सरस्वती मंदिरों का भी निर्माण किया। राजा भोज ने धार, मांडव तथा उज्जैन में ह्यसरस्वतीकण्ठभरणह्ल नामक भवन बनवाए थे जिसमें धार में ह्यसरस्वती मंदिरह्ल सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। एक अंग्रेज अधिकारी सीई लुआर्ड ने 1908 के गजट में धार के सरस्वती मंदिर का नाम ह्यभोजशालाह्ल लिखा था। पहले इस मंदिर में मां वाग्देवी की मूर्ति होती थी। मुगलकाल में मंदिर परिसर में मस्जिद बना देने के कारण यह मूर्ति अब ब्रिटेन के म्यूजियम में रखी है।

**महमूद गजनवी से लिया बदला :** गुजरात में जब महमूद गजनवी (971-1030 ई.) ने सोमनाथ का ध्वंस किया तो इतिहासकार ई. लेनपूल के अनुसार यह दुःखद समाचार शैव भक्त राजा भोज तक पहुंचने में कुछ सप्ताह लग गए। तुर्की लेखक गरदिजी



# क्या 3000 वर्ष पहले भारत में आये थे यहूदी?

**अनिरुद्ध जोशी**

भारत में यहूदियों की मौजूदगी और उनके जीवन की कहानी कहते निबंधों के संग्रह ह्यजियूज.एंड द इंडियन आर्ट प्रोजेक्टह्ल और ह्यवेस्टर्न जियूज.इन इंडियाह्ल का संपादन डॉक्टर कीनेथ रॉबिन्स और रब्बी मारविन तोकाएर ने किया है। डॉक्टर कीनेथ रॉबिन्स ने कहा कि उन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्रों में यहूदियों के योगदान को पहचानने का लक्ष्य रखा था। कीनेथ पेशे से मनोवैज्ञानिक हैं।

उन्होंने कहा कि मेरा वास्तविक लक्ष्य भारत में रहने वाले यहूदियों, विभिन्न समुदायों की संस्कृतियों के बारे में किताब लाने का था, मगर ऐसा कई बार किया जा चुका है। लेकिन मैं उन यहूदी व्यक्तियों को ढूंढता रहा जिन्होंने भारत के लिए योगदान किए हैं। रॉबिन्स कहते हैं कि मैंने पाया कि यहूदी बहुत पहले से भारत में आते रहे हैं। वे सब एक ही समय पर नहीं आए और न ही बड़ी संख्या में आए। इसके साथ ही रॉबिन्स उन विभिन्न यहूदियों के नाम लेते हैं जिनके बारे में उन्हें ऐतिहासिक साक्ष्य मिले हैं। वे उनकी कहानियां कहते हुए उन्हें एक शख्सियत के रूप में देखते हैं। इन लोगों में एक जिक्र ह्यद मदरह्ल (मीरा अल्फासा) का है, जो श्रीअरबिंद की आध्यात्मिक सहयोगी थीं। ज्यूज एंड द इंडियन आर्ट प्रोजेक्ट रॉबिन्स का ऐसा प्रोजेक्ट है जिसमें भारतीय कला परिदृश्य में यहूदियों को एक महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य अंगों के रूप में स्थापित किया गया है। लेखक ने कहा कि यदि आप भारतीय कला के किसी क्षेत्र को देखें तो पाएंगे कि यहूदी लोग उससे जुड़े हैं। आज से 2,990 वर्ष पूर्व अर्थात 973 ईसा पूर्व में यहूदियों ने केरल के मालाबार तट पर प्रवेश किया। यहूदियों के पैगंबर थे मूसा, लेकिन उस दौर में उनका प्रमुख राजा था सोलोमन, जिसे सुलेमान भी कहते हैं। नरेश सोलोमन का व्यापारी बेड़ा मसालों और प्रसिद्ध खजाने के लिए आया। आतिथ्य प्रिय हिन्दू राजा ने यहूदी नेता जोसेफ रब्बन को उपाधि और जागीर प्रदान की। यहूदी कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्य में बस गए। विद्वानों के अनुसार 586 ईसा पूर्व में जूडिया की बेबीलोन विजय के तत्काल पश्चात कुछ यहूदी सर्वप्रथम क्रेंगनोर में बसे।

अब्राहम और मूसा के बाद दाऊद और उसके बेटे सुलेमान को यहूदी धर्म में अधिक आदरणीय माना जाता है। सुलेमान के समय दूसरे देशों के साथ इजरायल के व्यापार में खूब उन्नति हुई। सुलेमान का यदुदि जाति के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। 37 वर्ष के योग्य शासन के बाद सन 937 ई.पू. में सुलेमान की मृत्यु हुई। माना जाता है कि ईसा से लगभग 3,000 वर्ष पूर्व अर्थात महाभारत के युद्ध के बाद अस्तित्व में आए यहूदी धर्म के 10 कबीलों में से एक कबीला कश्मीर में आकर रहने लगा और धीरे-धीरे वह हिन्दू तथा बौद्ध संस्कृति में घुल-मिल गया। आज भी उस कबीले के वंशज हैं लेकिन अब वे मुसलमान बन गए हैं। हालांकि इस पर शोध किए जाने की आवश्यकता है।यहूदी मिस्त्र के बहुदेववादी इजिप्ट धर्म के राजा फराओ के शासन के अधिन रहते थे। बाद में मूसा के नेतृत्व में वे इजरायल आ गये। ईसा के 1100 साल पहले जैकब की 12 संतानों के आधार पर अलग-अलग यहूदी कबीले बने थे, जो दो गुटों में बंट गये। पहला 10 कबीलों का बना था वह इजरायल कहलाया और दूसरा जो बाकी के दो कबीलों से बना था वह जुडाया कहलाया। जुडाया पर बेबीलन का अधिकार हो गया। बाद में ई.पू. सन 800 के आसपास यह असीरिया के अधीन चला गया। असीरिया प्राचीन मेसोपोटामिया का एक साम्राज्य था, जो यह दजला नदी के उपरी हिस्से में बसा था। 10 कबीलों का क्या हुआ पता नहीं चला। फारस के हखामनी शासकों ने असीरियाइयों को ई.पू. 530 तक हरा दिया तो यह क्षेत्र फारसी शासन में आ गया। यूनानी विजेता सिकन्दर ने जब दारा तृतीय को ई.पू. 330 में हराया तो यहूदी लोग ग्रीक शासन में आ गए। सिकन्दर की मृत्यु के बाद सेल्यूकस के साम्राज्य और उसके बाद रोमन साम्राज्य के अधीन रहने के बाद ईसाईयत का उदय हुआ। इसके बाद यहूदियों को यातनाएं दी जान लगी। 7वीं सदी में इस्लाम के आगाज के बाद यहूदियों की मुश्किलें और बड़ गई। तुर्क और मामलुक शासन के समय यहूदियों को इजराइल से पलायन करना पड़ा। अंततः यहूदियों के हाथ से अपना राष्ट्र जाता रहा। मई 1948 में इजराइल को फिर से यहूदियों का स्वतंत्र राष्ट्र बनाया गया। दुनिया भर में इधर-उधर बिखरे यहूदी आकर इजरायली क्षेत्रों में बसने लगे। वर्तमान में अरबों और फिलिस्तिनियों के साथ कई युद्धों में उलझा हुआ है एकमात्र यहूदी राष्ट्र इजरायल। हजरत मूसा : मूसा का जन्म ईसा पूर्व 1392 को मिस्त्र में हुआ था। उस काल में मिस्त्र में फेरो का शासन था। उनका देहावसान 1272 ईसा पूर्व हुआ। ह. इब्राहीम के बाद यहूदी इतिहास में सबसे बड़ा नाम पैगंबर मूसा का है। ह. मूसा ने यहूदी धर्म को एक नई व्यवस्था और स्थान दिया। उन्होंने मिस्त्र से अपने लोगों को ले जाकर इसराइल में बसाया। यहूदियों के कुल 12 कबीले थे जिनको बनी इसराइली कहा जाता था। माना जाता है कि इन 12 कबीलों में से एक कबीला उनका खो गया था। शोधानुसार वही कबीला कश्मीर में आकर बस गया था। प्राचीन मेसोपोटामिया (वर्तमान इराक तथा सीरिया) में सामी मूल की विभिन्न भाषाएं बोलने वाले अक्कादी, कैनानी, आमोरी, असुरी आदि कई खानाबदोश कबीले रहा करते थे। इन्हीं में से एक कबीले का नाम हिब्रू था। वे यहोवा को अपना ईश्वर और इब्राहीम को आदि पितामह मानते थे। उनकी मान्यता थी कि यहोवा ने अब्राहम और उनके वंशजों के रहने के लिए इसराइल देश नियत किया है। इब्राहीम मध्य में उत्तरी इराक से कानान चले गए थे। वहां से इब्राहीम के खानाबदोश वंशज और उनके पुत्र इसाक और इस्माइल, जो तब तक 12 यहूदी कबीले बन चुके थे, मिस्त्र चले गए। मिस्त्र में उन्हें कई पीढ़ियों तक गुलाम बनकर रहना पड़ा। मिस्त्र में वे मिस्त्रियों के साथ रहते थे, लेकिन दोनों ही कौमों में तनाव बढने लगा तब मिस्त्री फराओं के अत्याचारों से तंग आकर हिब्रू कबीले के लोग लगभग ई.पू. 13वीं शताब्दी में वे मूसा के नेतृत्व में पुनः अपने देश इसराइली कानान लौट आये। लौटने की इस यात्रा को यहूदी इतिहास में निष्क्रमण कहा जाता है। इसराइल के मार्ग में सिनाई पर्वत पर मूसा को ईश्वर का संदेश मिला कि यहोवा ही एकमात्र ईश्वर है अतः उसकी आज्ञा का पालन करें, उसके प्रति श्रद्धा रखें और 10 धर्मसूत्रों का पालन करें। मूसा ने यह संदेश हिब्रू कबीले के लोगों को सुनाया। तत्पश्चात अन्य सभी देवी-देवताओं को हटाकर सिर्फ यहोवा की आराधना की जाने लगी।

स्पीड न्यूज

### मासस नेता नीलू मुखर्जी को दी गयी श्रद्धांजलि

**गोविंदपुर ।** पूर्व मुखिया एवं मासस के प्रखंड सचिव नीलू मुखर्जी की याद में विलेज रोड गोविंदपुर में रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विभिन्न दलों के नेताओं ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि नीलू मुखर्जी समाज के समर्पित कार्यकर्ता थे। श्रद्धांजलि सभा में मासस के केंद्रीय अध्यक्ष आनंद महतो पूर्व विधायक अरूप चटर्जी जगदीश रवानी बबलू महतो सांसद प्रतिनिधि बलराम साव नंदलाल अग्रवाल समेत कई शामिल थे।

### लापता युवक का पेड़ से लटका मिला शव

**बोकारो/तालगड़िया।** बिजुलिया फुटलाही के समीप लबुडीह निवासी हीनु बाउरी के 30 वर्षीय पुत्र कन्हाई बाउरी का शव एक पेड़ से लटका बरामद किया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चास भेज दिया। वह तीन दिन पहले अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी व दो बच्चों समेत धनबाद के सिजुआ में रिश्तेदार की शादी में शरीक होने के बाद लौटने के दौरान बिजुलिया में टुघरी स्थित अपने ससुराल आया था। मृतक के पत्नी ने बताया कि बीती रात 8.30 बजे वह शौच जाने की बात कहकर घर से निकला था।

### फिरोज ने 39वीं बार किया रक्तदान

**बोकारो।** चास प्रखंड मानगो पंचायत निवासी सह कांग्रेस पार्टी के नेता फिरोज आलम ने बोकारो सदर अस्पताल में 39वी बार रक्तदान किया। फिरोज के अनुसार अखबार या अन्य किसी माध्यम से जब उन्हें पता चलता है कि किसी को रक्त चाहिए तो खुद वहां पर पहुंच कर जान बचाने को रक्तदान करने पहुंच जाते हैं। अपने राज्य से बाहर बिहार बंगाल में भी कई बार वह रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद कर चुके हैं। इस बाबत कई अस्पतालों ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### पति ने पत्नी को किया प्रेमी के हवाले

**गुमला।** दुश्मन न करे दोस्त ने वो काम किया है जिंदगी का गम हमे इनाम दिया है.. हिंदी फिल्म का यह मशहूर गीत कामडारा प्रखंड के कुम्हारटोली निवासी संजय तोपनो के जीवन पर फीट बैठती है। क्योंकि उसने अपने जीवन संगनी का हाथ उसके प्रेम को बिना किसी तामझाम के सौंप दिया। इससे उसके दिल को जरूर गहरा अघात लगा लेकिन हृदय बड़ा कर उसने समाज के सामने एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर दिया। क्योंकि इस कलयुग में ऐसी घटना बिरले ही मिलते हैं। ऐसी घटनाएं हमेशा जीवन लीला समाप्त कर देती है। परंतु संजय एस मिट्टी की बना हुआ है जिसकी दास्तां आजीवन जीवंत हो गई है। यह घटना पूरे गुमला जिला में सुखियों में बना हुआ है। हुआ यूं कि कामडारा प्रखंड के कुम्हारटोली निवासी संजय तोपनो की धर्मपत्नी पत्नी करमी सुरीन (एक बच्ची की मां) को एक युवक से प्रेम हो गया। जिसके बाद पति संजय ने पत्नी को उसके प्रेमी रायबा बड़काटोली निवासी संदीप बरला के सुपुर्द कर दिया।

### भालू के आतंक से परेशान हैं आमलोग

**रायडीह।** प्रखंड के बरटोली लसड़ा जंगल के रास्ते में रविवार को एक लाभू ने आतंक मचा कर रख दिया। जंगल से आये एक भालू ने बरटोली निवासी संतोष साहु के बाईक को नोच कर उसके सीट फाड़ दिये। भालू को देखते ही भाग कर उसने अपनी जान बचायी। उसी रास्ते में खड़े बरटोली निवासी लक्ष्मण सिंह के ऑटो को भालू ने धकेल कर खाई में गिरा दिया। इसी बीच एक बाईक सवार पर भालू ने हमला भी कर दिया, जिसे उसको हल्की चोट लगी।

### पेट्रोल पंप संचालक से रंगदारी की मांग

**धनबाद।** पुटकी थाना क्षेत्र के करकेंद स्थित जनता पेट्रोल पंप के संचालक अशोक शर्मा पर बाइक सवार अपराधियों ने पिस्टल तान रंगदारी की मांग की। नहीं देने पर बुरे परिणाम भुगतने की दी धमकी भी दी। अपराधी पहले कर्मियों उलझेष पेट्रोल पंप के संचालक ने विरोध किया इसके बाद अपराधियों ने उस पर भी हमला कर दिया। भीड़ जुटता देख अपराधी वहां से भाग खड़े हुए।

# लोकतंत्र को कमजोर करने वालों के सामने झुकने से हेमंत ने किया इनकार : मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रविवार को गढ़वा आगमण के दौरान 93 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित पांच बड़ी योजनाओं का उद्घाटन किया। इन योजनाओं में सात करोड़ रूपये की लागत से कल्याणपुर में निर्मित नया समाहरणालय भवन, 15 करोड़ रूपये की लागत से बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क, चार करोड़ रूपये की लागत से सोनपुरवा में निर्मित अंतर्राज्यीय बस स्टैंड, कन्या मध्य विद्यालय के मैदान में सात करोड़ रूपये की लागत से निर्मित फुटबॉल स्टेडियम तथा गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में सात करोड़ रूपये की लागत से निर्मित नीलांबर-पीतांबर बहुद्देश्यीय सांस्कृतिक भवन (टाउन हॉल) का मुख्यमंत्री ने पूजा अर्चना कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान समाहरणालय परिसर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण, समाहरणालय स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित, बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण, टाउन हॉल परिसर में स्थापित शहीद नीलाम्बर पीताम्बर की प्रतिमा का अनावरण भी किया। इस दौरान रंका मोड़, घंटा घर के समीप इंदिरा गांधी पार्क में स्थापित इंदिरा गांधी की प्रतिमा, सहिजना मोड़ पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। मौसम खराब होने के कारण मुख्यमंत्री हवाई मार्ग से गढ़वा नहीं पहुंच सके। अंततः सड़क मार्ग से करीब 4:30 बजे गढ़वा पहुंचे। इसके बाद उन्होंने सभी योजनाओं का उद्घाटन किया। देर हो जाने के कारण सिर्फ स्टेडियम नहीं पहुंच सके और न ही मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित कर सके। वे हवाई मार्ग से वापस रांची चले गये। गढ़वा आगमन पर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, लातेहार विधायक बैजनाथ राम ने दीप प्रज्जवलित कर टाउन हॉल के मैदान में आयोजित जनसभा कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज का दिन गढ़वा के लिए ऐतिहासिक व अविस्मरणीय है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास गढ़वा एवं पलामू प्रमंडल के लिए विशेष सोच थी। सरकार बनते ही उन्होंने गढ़वा को 20 से 22 घंटा बिजली उपलब्ध कराया। आज उन्ही की देन है कि गढ़वा में 93 करोड़ रूपये की लागत से बनी पांच बड़ी योजनाओं का लोकार्पण मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने किया।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि काफी खराब मौसम के बावजूद : मौके पर मुख्य रूप से डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, एसडीओ विजय कुमार, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिप अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, चंदा देवी, दीपमाला, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, जितेंद्र सिन्हा, दिलीप गुप्ता, चंदन पासवान, आशीष अग्रवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## धनबाद विधायक ने किया 5 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास



खबर मन्त्र ब्यूरो

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के पूर्व धनबाद के राज सिन्हा ने रविवार को अपने आवासीय कार्यालय से अपने विधानसभा क्षेत्र के करीब 5 करोड़ की सड़क नाली आदि से जुड़ी विविध योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक श्री सिन्हा ने बताया की लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग इस महीने में कभी भी आचार संहिता लागू कर सकता हैण इसमें जनता का काम अटकने का ज्यादा चांस रहता है। इसी बात को ध्यान में रखकर विधायक मद की योजनाओ का आज शिलान्यास किया गया हैण ताकि जनता का काम रुके नहीं। वहीं लोकसभा चुनाव के टिकट की दावेदारी पर उन्होंने कहा कि उम्मीदवार का चयन शीर्ष स्तर पर होता हैण पार्टी जो तय करेगीए वह सर्वमान्य होगाण यदि पार्टी मुझे उम्मीदवार चुनती है तो हम इसके लिए तैयार है।

एक नजर में

### सिंदरी में भाजपा का लाभार्थी संपर्क अभियान



**सिंदरी।** भाजपा के लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत शनिवार की देर रात और रविवार को झारखंड प्रदेश भाजपा आईटी सेल संयोजक अमरनाथ झा ने सिंदरी विधानसभा में 50 लाभार्थी परिवारों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर्ल उद्घाटन के बाद धनबाद की जनसभा में शामिल नहीं होनेवाले लाभार्थियों तक प्रणाम पहुँचाने के लिए कहा था। आईटी सेल संयोजक श्री झा ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व ने इस कार्यक्रम के तहत 1 मार्च से 4 मार्च तक का समय निर्धारित किया है। श्री झा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं की टीम ने बलियापुर अंचल के घड़बड़ पंचायत के सीमपाथर के 30 लाभार्थियों और झरिया अंचल के 20 लाभार्थियों से घर घर जाकर मुलाकात की। इसके तहत प्रधानमंत्री का प्रणाम पहुचाकर एक पत्रक भेंट किया। अभियान में अरविंद खत्री मनोज मिश्रा संजू महतो सत्यवान महतो कुणाल महतो मन्टू रजक लखन गोराई धनंजय गोराई राजेश प्रमाणिक वृन्दावन करमकार मिथुन महतो और बबलू आदि ने भाग लिया।

### धनबाद में फिर अग्निकांड : जूता दुकान में लगी आग से हजारों की संपत्ति जलकर राख

**धनबाद।** शहर में अगलगी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही हैण रविवार की अलसुबह पुराना बाजारए पानी टंकी के समीप जूता दुकान में आग लग गईण घटना के करीब आधे घंटे बाद



आग बुझाने की कोशिश की गईए काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गयाण दुकान में रखा हजारों रुपया का सामान जलकर राख हो गयाण भुक्तभोगी ने बैंक मोड़ थाना में लिखित शिकायत दी हैण वहीं स्थानीय दुकानदारों ने बताया की सीसीटीवी कैमरे में दुकान के पास सफेद रंग की कार दिख रही हैण संभवत आग इसी में बैठे लोगों ने लगाई हैण वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच चल रही हैए जल्द ही आरोपी पकड़ा जाएगाण दुकानदारों ने जिला प्रशासन से पुलिस की गस्ति बढ़ाने की मांग की हैण ज्ञात हो कि शुक्रवार की देर रात भी पुराना बाजार में आगलगी की घटना हुई थीए जिसमें छह दुकान का सामान जलकर राख हो गया था।

## ठेकेदार की गोली मारकर हत्या आक्रोशितों ने किया सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कांदू मुहल्ला निवासी श्याम सुंदर साव को बीती रात्रि अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना उस समय घटी जब मृतक मुख्य बाजार से सब्जी लेकर घर लौट रहा था कि कांदू मुहल्ला स्थित महाबीर मंदिर के पास मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने घात लगाकर गोली मारकर भागने में सफल रहे। इसके बाद स्थानीय लोग व परिजन आनन फानन में एमएमसीएच अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। रविवार को आक्रोशित लोगों ने कांदू मुहल्ला चौक काली मंदिर के समीप सड़क को जाम कर उग्र प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हत्यारों को गिरफ्तार करने, घटना की सीबीआई जांच कराने, मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा एवं आश्रित परिवार को नौकरी देने तथा मृतक की पत्नी को वृद्धापेंशन, पारिवारिक लाभ व परिजनों को पूरी सुरक्षा प्रदान कराने की मांग को लेकर दोपहर एक बजे तक जामस्थल पर डंटे रहे। इस मामले पर सदर एसडीओ अनुराग तिवारी, सदर सीओ अमरदीप सिंह वल्होत्रा के आश्वासन पर जाम को हटाया गया। इधर इस मामले में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने कहा कि हत्या मामले में पांच लोगों के विरूद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि कांदू मुहल्ला के ही टनटन, तेजा शर्मा, सन्नी कुमार, चंदन कुमार व छोटा कल्लू के विरूद्ध हत्या करने की प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि हत्या का स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है। पथ जाम करनेवालों में मुरारी प्रसाद, शिवपूजन, ओमप्रकाश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, राजेश कुमार एवं धनंजय त्रिपाठी समेत काफी संख्या में महिला पुरूष शामिल थे।

## आदिवासी सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करना हमारा कर्तव्य : डॉ रामेश्वर

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** स्थानीय विधायक सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा कुडू प्रखंड अंतर्गत विधायक निधि से नवनिर्मित ऊपरी कक्ष राजी पड़हा भवन का उद्घाटन किया गया एवं भूमिदाता स्वर्गीय ठकरू उरांव की मूर्ति का अनावरण किया गया। इस मौके पर पाहन पुजार द्वारा पारंपरिक पूजा पद्धति कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस मौके पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की आदिवासी सामाजिक सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। यह हमारी पहचान है जिन्हे पुरखों ने हमे उपहार स्वरूप दिया है। आधुनिक युग में हमें अपनी पूजा, पद्धति, संस्कृति, धरोहर एवं आदर्शों को हृदय में संजोएं रखने की जरूरत है। इसी क्रम में विधायक निधि से कुडु प्रखंड में राजी पड़हा भवन में नवमंजिला कक्ष का निर्माण किया गया है। मैं स्व ठकरू उरांव को एवं उनके परिवार को धन्यवाद देना चाहता हूं। जिन्होंने आदिवासी समाज के कल्याण के लिए अपनी संपत्ति में से भूमि दान दिया। वर्तमान युग में आदिवासियत बचाने की जरूरत है पहला जमीन, दूसरा भाषा, तीसरा संस्कृति, हमें गर्व से कहना चाहिए की हम आदिवासी हैं। जब मैं सांसद था क्षेत्र बड़ा होने के कारण हमने अखड़ा का निर्माण कम बना पाया पर फिर से लोहरदगा की जनता ने मुझे विधायक के रूप में मौका दिया। तब मैंने संस्कृति परंपरा को बचाने के लिए अब तक 170 अखड़ा का निर्माण कराया है और अभी 60 अखड़ा में सोलर लाइट भी लगाया जा रहा है। जिले में 40 धुमकुडिया भवन का निर्माण कराया जा रहा है।

## बाबा टांगीनाथ धाम में शिवारात्रि में होता है भव्य मेला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता





**डुमरी।** टांगीनाथ धाम मंदिर को लेकर कई दिलचस्प कथाएं विद्यामान हैं और मान्यतायह कि यहां खुद भगवान शिव निवास करते हैं। झारखंड के गुमला जिला स्थित डुमरी प्रखंड के टांगीनाथ धाम भगवान परशुराम का तप स्थल रहा है। यह गुमला शहर से लगभग 80 किमी दूर है। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान परशुराम ने यहां शिव की घोर उपासना की थी। यहीं उन्होंने अपने परशु यानी फरसे को जमीन में गाड़ दिया था। इस फरसे की ऊपरी आकृति कुछ त्रिशूल से मिलती-जुलती है। यही वजह है कि यहां श्रद्धालु इस फरसे की पूजा करते हैं। वहीं शिव शंकर के इस मंदिर को टांगीनाथ धाम के नाम से जाना जाता है। कहा जाता है कि यहां भोलेनाथ निवास करते हैं। टांगीनाथ धाम एक ऐसा स्थान है जो प्राचीन युग से लेकर मध्यकालीन युग तक कई वास्तुशिल्प कलाओं को अपने अंदर समेटे हुए है। यह छिपा हुआ नहीं है बल्कि भारतीय पुरातत्व विभाग की नजरों से वंचित नजर आता है। यह पुरातत्व महत्व का एक महत्वपूर्ण स्थान है और इसे शोध के विषय में लाया जाना चाहिए। यह शिवस्थली के नाम से प्रसिद्ध है और जंगरोधी लोहे के विशाल त्रिशूल के लिए प्रसिद्ध है। टांगीनाथ गुमला जिले के डुमरी ब्लॉक में स्थित है। यह गुमला मुख्यालय से लगभग 80 किमी और डुमरी से 10 किमी दूर है। डुमरी और टांगीनाथ के बीच कई झरने और नाले हैं जो बरसात के मौसम में पानी से भरे रहते हैं। टांगीनाथ लगभग 300 फीट ऊंची पहाड़ी पर स्थित है। महाशिवरात्रि के दौरान गुमला से टांगीनाथ तक कई बसें चलती हैं। यह धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व का स्थान है। छोटानागपुर के नागवंशी राजाओं, सरगुजा के रुक्सेलवंशी राजाओं और बारवे साम्राज्य का इतिहास यहां लिखा गया है। यह लगभग 10000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। भगवान विष्णु, सूर्य, लक्ष्मी, भवानी और अनगिनत अन्य देवताओं की पत्थर की मूर्तियां खुले में पड़ी हैं। सैकड़ों शिवलिंग यहां और वहाँ रखे गए हैं। कुछ छवियां अभी भी अज्ञात हैं। कुछ लोग मानते हैं कि वे भगवान बुद्ध हैं। भगवान शिव का मुख्य मंदिर, जमीन में गड़ा हुआ विशाल त्रिशूल, सूर्य मंदिर, सूर्य कुंड बहुत आकर्षण के केंद्र हैं। भगवान बुद्ध के काल का माना जाता है। झारखंड के इस बियावान और जंगली इलाके में शिवरात्रि के अलावा भी श्रद्धालु टांगीनाथ धाम दर्शन के लिए आते हैं। यहां स्थति एक मंदिर में भोलेनाथ शाश्वत रूप में हैं। स्थानीय बैगा ही यहां के पुजारी है और इनका कहना है कि यह मंदिर अत्यंत प्राचीन है।

## गोड्डा में चोरी-छिनतई गिरोह का खुलासा, तीन गिरफ्तार



**गोड्डा (हि.स.)।** मुफ्फसिल थाना पुलिस ने रविवार को चोरी छिनतई गिरोह का खुलासा करते हुए सरगना सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में जोसेफ मंडल, शुभम कुमार और सोनु कुमार शामिल हैं। सभी आरोपित गोड्डा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र का रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके पास से छिनतई के मोबाइल समेत दो फोन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार विगत कुछ दिन पूर्व सिमरडा गांव के आगे फोर लाईन के पास अज्ञात अपराधियों ने एक मोटरसाईकिल, मोबाईल तथा रुपये की लूट-पाट की घटना को अंजाम दिया था। साथ ही हटिया चौक के समीप आदित्य विजन के पास एक पैदल जा रही लड़की से एक मोबाईल की छिनतई की घटना को अंजाम दिया था। इस संदर्भ में मुफस्सिल थाना (कांड संख्या-05/24 और 47/24) प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना के उद्भेदन के लिये गोड्डा एसपी नाथू सिंह मीणा ने एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया था। पुलिस की टीम ने घटना का उद्भेदन करते हुए जोसेफ मंडल, शुभम कुमार एवं सोनू कुमार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों ने अपने-अपने स्वीकारोक्ति बयान में पुलिस को बताया कि इनका आपराधिक गिरोह है और ये अपने सहयोगियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देते हैं। आरोपित ने गोड्डा में करीब एक दर्जन बाईक चोरी की बात भी पुलिस को बताई। गोड्डा से चोरी की बाईक भागलपुर के उल्टा पुल के नजदीक ले जाकर 10-12 हजार रुपये में बेच देता था।

## मूल्यों और आदर्शों के लिए जाना जाता है टाटा: विजयंत

### एमपीएल में धूमधाम से मनी टाटा की जयंती



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नौसेरवानजी टाटा की जयंती रविवार को एमपीएल में धूमधाम से मनायी गयी तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। मौके पर एमपीएल के सीईओ विजयंत रंजन ने कहा है कि टाटा ने ही औद्योगिक क्रांति की नींव रखी थी। हम सभी को गर्व है कि टाटा अपने मूल्यों एवं आदर्शों के लिए जाना जाता है। श्री रंजन ने नैतिकता पर बल देते हुए जीवन के हर क्षेत्र में सदाचार को जरुरी बताया। श्री रंजन ने नैतिक व्यवहार का प्रसार करने तथा विश्वास की परंपरा को आगे बढाने का आह्वान किया। नैतिकता के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को बेमिसाल बताते हुए सीईओ श्री रंजन ने कहा टाटा एवं टाटा से जुड़े लोग नैतिक मानकों पर न सिर्फ गर्व करते हैंए बल्कि ऐसा करते है जो समूह के सिद्धांतों को प्रतिबिम्बित करता है। समारोह में नैतिकता की शपथ ली गयी। अधिकारियों एवं कर्मियों के बीच नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए आह्वान किया गया कि ऐसा करें कि टाटा समूह की विरासत संरक्षित रहे तथा हितधारकों का विश्वास कायम रहे। नैतिकता सप्ताह के दौरान जागरुकता रैली निकाली गयी। बच्चों के बीच चित्रांकन सहित विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में सर्व प्रथम वरिष्ठ अधिकारी पीके बंधु ने संस्थापक के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। चीफ ओएडएम सर्विसेज डीके गंगवाल पर्यावरण विभाग के हेड पीके बंधु हेड आपरेशन पीबी राउत एवं हेड एचआर सुप्रतीक मुखर्जी ने टाटा को सच्चा दूरदर्शी बताते हुए कहा कि टाटा का विजन जीवन के हर क्षेत्र में अनुकरणीय है। जयंती समारोह में एमपीएल अधिकारी अजय कुमार संजय कुमार अमन सिंह शंभु कुमार आईके सिंह चन्द्रशेखर मंडल पार्था प्रतीम बनर्जी आदि शामिल थे।

# धनबाद : युवक की हत्या के विरोध में रोड जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र के तारा बागान नीचेधौड़ा में कल हुई एक युवक की हत्या के विरोध में परिजनों ने रविवार को ऊपर कुली बैंक मोड़ के पास शव रखकर सड़क जाम कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोग हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थेण पुलिस पर लापरवाही का आरोप भी लगा रहे थेण उनका कहना था कि जब तक आरोपी पकड़े नहीं जाते शव को सड़क से नहीं हटाएंगे। सूचना पाकर मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंचीण प्रदर्शनकारियों को समझा बुझा कर जाम हटवाने का प्रयास कियाण पुलिस का कहना था कि इस मामले में अभी तक आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया है। सभी से पूछताछ की जा रही हैण बहुत जल्द मामले का उद्भेदन कर दिया जायेगाण लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं थेए कुछ लोगों ने पुलिस के साथ नोंक झोंक भी कीण उसके बाद पुलिस सख्त हुई तब प्रदर्शनकारी शव हटाने को तैयार हुए। ज्ञात को शनिवार को दिनदहाड़े 30 वर्षीय युवक मोहम्मद अकबर अली की गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी गई थीण इसके बाद गुस्साए परिजनों व स्थानीय लोगों ने कल देर शाम झरिया. सिंदरी मुख्य मार्ग ऊपर कुली को जाम कर दिया था और कई वाहनों में तोड़फोड़ किया थाण पुलिस के समझाने के बाद परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा थाण पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर झरिया पहुंचेए देखते ही देखते भीड़ जमा हो गईए शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन करने लगे।



# रणजी ट्रॉफी 2024: शार्दुल ठाकुर के शतक से मुंबई मजबूत, मिली 207 रन की बढ़त



**मुंबई के लिए वापसी पर अय्यर फेल, संदीप ने मात्र 3 रन पर किया बोल्ड**

रणजी ट्रॉफी के लिए मुंबई टीम में श्रेयस अय्यर की वापसी की शुरूआत खराब रही क्योंकि बल्लेबाज 8 गेंदों पर सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हो गया। श्रेयस ने पिछले कुछ हफ्तों में उथल-पुथल भरा समय झेला है। मुंबई के लिए बल्लेबाजी के लिए उतरे अय्यर को संदीप वारियर ने क्लीन बोल्ड कर दिया।

एजेंसी

**मुंबई।** ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर के अपने करियर की पहली शतकीय 109 रनों पारी तथा मुशीर खान 55 रन और तनुष कोटियान की नाबाद 74 रनों अर्धशतकीय पारी बदौलत मुंबई ने रणजी ट्रॉफी 2024 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले की पहली पारी में नौ विकेट पर 353 रन बनाने के साथ ही तमिलनाडु पर पहली पारी के आधार 207 रनों की बढ़त बनाते हुए अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। इससे पहले मुंबई के तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर और तुषार देशपांडे ने तमिलनाडु की मजबूत बल्लेबाजी पर कहर बरपाया। तमिलनाडु ने 4 विकेट जल्द ही गंवा दिए। ऐसा लग रहा था कि उनकी पहली 100 रन तक भी नहीं पहुंच पाएगी। इसके बाद ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर और विजय शंकर ने छठे विकेट के लिए 48 रनों की साझेदारी करके तमिलनाडु को 100 के पार पहुंचाया। विजय ने सर्वाधिक 44 रन बनाए, जबकि सुंदर ने 138 गेंद में 43 रन पारी खेली। तमिलनाडु की पहली पारी 64.1 ओवर में 146 रन पर सिमट गई। मुंबई के लिए तुषार ने 24 रन देकर 3 विकेट लिए, मुशीर खान, तनुश कोटियन और शार्दुल ने दो-दो विकेट मिले। मुंबई की भी शुरूआत बेहद खराब रही। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज कुलदीप सेन ने दूसरे ओवर में पृथ्वी शॉ को सिर्फ 5 रन पर आउट कर पवेलियन भेज दिया। 45 के स्कोर पर 2 विकेट गंवा दिए थे। कप्तान साई किशोर ने भूपेन लालवानी को 15 रन पर आउट किया। ऐसे समय में मुशीर खान ने 55 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। मोहित अवस्थी 2 रन, अजिंक्य रहाणे 19 रन, श्रेयस अय्यर 3 रन, हार्दिक तामोरे 35 रन, शम्स मुलानी शून्य पर आउट हुए। शार्दुल ठाकुर ने 105 गेंदों में 13 चौके और 4 छक्कों की मदद से 109 रन बनाए। दिन का खेल समाप्त होने तक मुंबई ने नौ विकेट पर 353 रन बना लिए है और तनुष कोटियान नाबाद 74 रन और तुषार देशपांडे नाबाद 17 रन क्रीज पर मौजूद थे। तमिलनाडु की ओर से साई किशोर ने छह विकेट लिए। कुलदीप सेन को 2 विकेट मिले। संदीप वारियर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## मंत्री के शतक से मध्यप्रदेश ने बनाई बढ़त

एजेंसी

**नागपुर।** हिमांशु मंत्री की 126 रनों की शतकीय पारी की मदद से रणजी ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश ने 252 रनों का स्कोर खड़ा करते हुए विदर्भ के खिलाफ पहली पारी के आधार पर 82रनों की बढ़त बना ली। नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन मैदान पर खेले जा रहे इस मुकाबले में मध्यप्रदेश के आवेश खान ने शानदार गेंदबाजी कर मुजाहिरा करते हुए विदर्भ को पहली पारी में 170 रन पर ढ़ेर कर दिया था। इसके बाद जवाब में मध्यप्रदेश की टीम ने विकेटकीपर बल्लेबाज हिमांशु मंत्री की 126 रनों की शतकीय पारी की मदद से 252 रन का स्कोर खड़ा किया। हिमांशु मंत्री हिमांशु मंत्री ने 210 गेंद में 10 चौके और एक छक्के की मदद से प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना छठा शतक लगाया है। यह इस सत्र में उनका तीसरा शतक है। मंत्री ऐसे समय बल्लेबाजी करने आये जब मध्यप्रदेश 100 रन पर चार विकेट गंवा चुका था और टीम दबाव में थी। हर्ष गवली 25 रन, सागर सोलंकी 26 रन, सारांश जैन 30 रन, यश दुबे 11 रन बनाकर आउट हुये। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक नहीं पहुंच सका।



# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में भारतीय टीम फिर शीर्ष पर

एजेंसी

**दुबई।** वेलिंगटन टेस्ट में रविवार को ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद न्यूजीलैंड के दो पायदान नीचे खिसकने से भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। वेलिंगटन टेस्ट से पहले न्यूजीलैंड चार मैचों में 36 अंकों और 75 अंक प्रतिशत के साथ तालिका में शीर्ष पर था। रविवार को न्यूजीलैंड ने 172 रन की भारी हार के बाद 2021 डब्ल्यूटीसी चैंपियन ने शीर्ष स्थान गंवा दिया और 60 प्रतिशत अंक के साथ नंबर दूसरे स्थान पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया को मिली जीत से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में भारत को फायदा हुआ है और वह तालिका में 64.58 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है। भारत ने आठ टेस्ट मैचों में पांच में जीत हासिल की है और एक मैच ड्रा रहा। ऑस्ट्रेलिया तालिका में तीसरे स्थान पर है, उसका अंक प्रतिशत 59.09 है तथा 78 अंक हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 11 टेस्ट से सात में जीत हासिल की है। तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा है वहीं एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। वहीं बंगलादेश 50 अंक प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान का अंक प्रतिशत 36.66 है और वह पांचवें स्थान पर है। वेस्टइंडीज 33.33 अंक प्रतिशत के साथ छठे और दक्षिण अफ्रीका 25 अंक प्रतिशत के साथ सातवें स्थान पर है। भारत से चौथे टेस्ट में हारने के बाद इंग्लैंड का अंक प्रतिशत 19.44 है और वह आठवें स्थान पर खिसक गया है। इंग्लैंड ने अभी तक 2023-25 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में नौ टेस्ट में से तीन में जीत हासिल की है। पांच मैच हारे हैं और एक टेस्ट ड्रॉ रहा है। श्रीलंका का शून्य अंक प्रतिशत के साथ नौवें स्थान पर है। भारत अगर सात मार्च से धर्मशाला में शुरू होने पांचवें और अंतिम टेस्ट में इंग्लैंड को हरा देता है तो वह टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष बरकरार रहेगा। यदि पांचवां टेस्ट ड्रॉ रहता या इंग्लैंड को जीत मिलती है तो ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड तालिका में शीर्ष पर पहुंच सकते। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टेस्ट शुक्रवार को क्राइस्टचर्च में शुरू होगा।

**विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 अंक तालिका**

| स्थान | टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 8 | 5 | 2 | 1 | 62 | 64.58 |
| 2 | न्यूजीलैंड | 5 | 3 | 2 | 0 | 36 | 60.00 |
| 3 | ऑस्ट्रेलिया | 11 | 7 | 3 | 1 | 78 | 59.09 |
| 4 | बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 | 50.00 |
| 5 | पाकिस्तान | 5 | 2 | 3 | 0 | 22 | 36.66 |
| 6 | वेस्टइंडीज | 4 | 1 | 2 | 1 | 16 | 33.33 |
| 7 | दक्षिण अफ्रीका | 4 | 1 | 3 | 0 | 12 | 25.00 |
| 8 | इंग्लैंड | 9 | 3 | 5 | 1 | 21 | 19.44 |
| 9 | श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0.00 |

## आइपीएल सबसे टफ लीग है : गौतम गंभीर

**नयी दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर गौतम गंभीर ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग में सफलता का एकमात्र नुस्खा पूरी तरह से क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना है। केकेआर के साथ 2 बार के आइपीएल विजेता गंभीर हाल ही में फ्रेंचाइजी में वापस लौटे हैं, उन्होंने केकेआर टीम के मेंटर के रूप में कार्यभार संभाला है। गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए कहा कि आइपीएल मानकों के मामले में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे करीब है और यह दुनिया की सबसे कठिन लीग है। गंभीर ने कहा कि मैंने पहले दिन ही स्पष्ट कर दिया था कि आइपीएल मेरे लिए एक गंभीर क्रिकेट है। यह बॉलीवुड के बारे में नहीं है, यह आपके बारे में नहीं है, यह पार्टी और अन्य चीजों के बारे में नहीं है। यह बाहर जाने और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के बारे में है। मुझे लगता है कि यह दुनिया की सबसे कठिन लीग है क्योंकि यह उचित क्रिकेट है। यह शायद किसी भी अन्य लीग की तुलना में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे करीब है और यदि आप एक सफल फ्रेंचाइजी के रूप में पहचान बनाना चाहते हैं, तो आपको क्रिकेट के मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए।

## जेम्स फ्रैंकलिन होंगे हैदराबाद के गेंदबाजी कोच



**मुंबई।** न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जेम्स फ्रैंकलिन को इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद का गेंदबाजी कोच बनाया गया है। फ्रैंकलिन 2022 में सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच बनाये गये डेल स्टेन का स्थान लेंगे। स्टेन ने व्यक्तिगत कारणों से सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच से अपना नाम वापस ले लिया है।

## दिल्ली ने थामा कोलकाता का विजय अभियान

**चेन्नई।** दिल्ली तूफान्स ने रूपे प्राइम वॉलीबॉल लीग के तीसरे सीजन में कोलकाता थंडरबोल्ट्स का विजय अभियान रोक दिया है। दिल्ली ने रविवार को यहां जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में कोलकाता की टीम को सीधे सेटों में 15-9,16-14,17-15 से हरा दिया। संतोष को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया गया।

## एल्ड्रिन और चित्रावेल को विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप में हारे

**ग्लासगो।** भारत के जेसविन एल्ड्रिन और प्रवीण चित्रावेल को विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप में कड़ी हार का सामना करना पड़ा। चैंपियनशिप में दो भारतीय एथलीटों ने भाग लिया था। एल्ड्रिन लंबी कूद स्पर्धा में 13वें स्थान पर और चित्रावेल ट्रिपल जंप में 11वें स्थान पर रहे।

## किप्रूटो ने रिकार्ड समय में जीती टोक्यो मैराथन

**टोक्यो।** केन्याई धावक बेन्सन किप्रूटो ने रविवार को टोक्यो मैराथन 2024 में पुरुषों की दौड़ 2:06:50 रिकार्ड समय में पूरा कर जीत ली। किप्रूटो ने दो बार के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन एलियुड किपचोगे के दो घंटे दो मिनट 16 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए यह जीत हासिल की। किपचोगे 2:06:50 समय के साथ 10वें स्थान पर रहे। यह 39 वर्षीय खिलाड़ी के करियर का चौथा सबसे धीमा मैराथन समय था। दौड़ के बाद किपचोगे ने कहा, हर दिन क्रिसमस दिवस नहीं है। टिमोथी किपलागट 2:02:55 के साथ दूसरे और विंसेंट किपकेमोई नगेटिच 2:04:18 समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं महिलाओं की दौड़ इथियोपिया की सुतुमे असेफा केबेडे 2:15:55 के साथ जीती।

## आइपीएल 2024 में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे ईशान : चोपड़ा

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि ईशान किशन खेल में अपने कठिन समय के बीच भी आइपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे। युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज को हाल ही में घरेलू क्रिकेट में खेलने से इनकार करने के बाद बीसीसीआइ केंद्रीय अनुबंध से हाथ धोना पड़ा। व्यक्तिगत कारणों का हवाला देकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की टेस्ट श्रृंखला से बाहर होने के बाद किशन दिसंबर से लंबे समय से क्रिकेट से दूर हैं। किशन ने कथित तौर पर भारतीय टीम प्रबंधन से छुट्टी मांगी थी क्योंकि वह मानसिक थकान से उबरने के लिए घर लौटना चाहते थे जिसे टीम प्रबंधन और चयनकताओं दोनों से समर्थन मिला। भाग्य स्पष्ट रूप से उनके पक्ष में नहीं था।

# दिल्ली ने गुजरात जायंट्स को 25 रनों से हराया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वुमन्स प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2024 के 10वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात जायंट्स को 25 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स डब्ल्यूपीएल 2024 की पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गई। दिल्ली कैपिटल्स ने अब तक 4 मैच खेले हैं। इसमें से उसने 3 में जीत हासिल की है। उसके 6 अंक हैं।

### मुंबई से बेहतर है दिल्ली का नेट रनरेट

मुंबई इंडियंस (+0.402) के भी 4 मैच में 6 अंक हैं, लेकिन नेट रनरेट दिल्ली कैपिटल्स (+1.251) का बेहतर है, इसलिए वह शीर्ष पर पहुंच गई। वहीं, गुजरात जायंट्स ने टूनामेंट में अपना लगातार चौथा मैच गंवाया। उसने अब तक 4 मैच खेले हैं और एक में भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। वह डब्ल्यूपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल में सबसे निचली पायदान पर है।



### दिल्ली ने 20 ओवर में बनाए 163 रन

बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स के बीच मैच की बात करें तो बेथ मूनी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेग लैनिंग की अगुआई वाली दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 163 रन बनाए। कप्तान मेग लैनिंग ने 6 चौके और एक छक्के की मदद से 41 गेंद में 55 रन की पारी खेली। ओपनर शैफाली वर्मा 9 गेंद में 13 रन ही बनाकर पवेलियन लौट गईं। जेमिमा रोड्रिग्ज भी 7 रन ही बना पाईं। एलिस कैप्सी, एनाबेल सदरलैंड, शिखा पांडे और जेस जोनासेन ही थोड़ी देर क्रीज पर टिक पाईं। एलिस कैप्सी ने 17 गेंद में 27, सदरलैंड ने 12 गेंद में 20, शिखा पांडे ने 8 गेंद में नाबाद 14 और जोनासेन ने 7 गेंद में 11 रन का योगदान दिया। गुजरात जायंट्स की ओर से मेघना सिंह सबसे ज्यादा सफल रहीं। उन्होंने 4 ओवर में 37 रन देकर 4 विकेट झटके। एश्ले गार्डनर 4 ओवर में इतने ही रन देकर 2 विकेट लिए। तनुजा कंवर और मन्नत कश्यप भी एक-एक विकेट लेने में सफल रहीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात जायंट्स 20 ओवर में 8 विकेट पर 138 रन ही बना पाई। गुजरात जायंट्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही। गुजरात जायंट्स को दूसरे ओवर की तीसरी गेंद पर ही झटका लगा। तब तक उसका खाता भी नहीं खुला था। कप्तान बेथ मूनी भी 5वें ओवर की दूसरी गेंद पर पवेलियन लौट गईं। उन्हें जोनासेन ने एलबीडब्ल्यू किया. इसी ओवर की 5वीं गेंद पर फोबे लिचफील्ड भी सदरलैंड को कैच थमा बैठीं। वेदा कृष्णमूर्ति भी 8वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हो गईं। उन्हें राधा यादव की गेंद पर शिखा पांडे ने लपका। वेदा ने 13 गेंद में 12 रन बनाए।

# अंतिम मुकाबले के लिए धर्मशाला के पहुंचीं भारत-इंगलैंड की टीमें

एजेंसी

**धर्मशाला।** धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में 7 मार्च से खेले जाने वाले भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के अंतिम मुकाबले के लिए रविवार को दोनों टीमों के खिलाड़ी धर्मशाला पहुंच गए। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और कुछ खिलाड़ी अभी धर्मशाला नहीं पहुंचे हैं। खराब मौसम के बावजूद चंडीगढ़ से कांगड़ा एयरपोर्ट पर दोनों टीमों के खिलाड़ी एक ही विमान से पहुंचे। एयरपोर्ट से दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में अलग-अलग वाहनों से धर्मशाला में कंडी स्थित होटल ब्लू रेडिसन लाया गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था इसी होटल में की गई है। उल्लेखनीय है कि एचपीसीए के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में 7 मार्च से 11 मार्च तक टेस्ट सीरीज का पांचवां व आखिरी टेस्ट मैच खेला जाना है। सीरीज भारत पहले ही तीन-एक से अपने नाम कर चुका है।

### हल्की बूंदाबांदी के बीच खिलाड़ियों का स्वागत

रविवार सुबह जैसे ही दोनों टीमों के खिलाड़ी कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे, तब मौसम खराब होने के चलते बूंदाबांदी हो रही थी। हल्की बूंदाबांदी ने दोनों टीमों का स्वागत किया। एचपीसीए के पदाधिकारी भी दोनों टीमों को रिसीव करने के लिए एयरपोर्ट पहुंचे हुए थे। उधर एचपीसीए के ज्वाइंट सेक्रेटरी विशाल शर्मा ने बताया कि इंग्लैंड टीम के सभी खिलाड़ियों का आगमन हो चुका लेकिन भारतीय टीम के कुछ खिलाड़ी टेस्ट मैच से पहले धर्मशाला पहुंचेंगे, जिनमें भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा भी हैं। उन्होंने बताया कि दोनों टीमों के खिलाड़ियों का स्वागत हिमाचली संस्कृति के मुताबिक होटल में किया गया। एचपीसीए टेस्ट मैच के लिए पूरी तरह तैयार है। पिछले तीन दिन से हो रही लगातार बारिश के चलते सोमवार को होने वाला प्रैक्टिस सेशन रद्द करना पड़ा है। एचपीसीए के प्रेस सचिव मोहित सूद ने बताया कि सोमवार को दोनों टीमों ने प्रेक्टिस के लिए क्रिकेट स्टेडियम पहुंचना था लेकिन लगातार हो रही बारिश के चलते मैदान की आउटफील्ड गीली है। जिसके चलते कल का प्रैक्टिस सेशन रद्द कर दिया गया है।

## फुटबॉल कोच की रणनीति अपनाओ- वॉन ने दिया स्टोक्स को वापसी का गुरुमंत्र

**लंदन।** इंगलैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि बेन स्टोक्स को मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल क्लब के मैनेजर पेप गार्डियोला का दृष्टिकोण अपनाना चाहिए जिसके अंतर्गत किसी भी खिलाड़ी को अपने स्थान को हल्के में नहीं लेना चाहिए। गार्डियोला पिछले 15 साल में खेल के सर्वश्रेष्ठ मैनेजर बने हुए हैं ।कोच ब्रेंडन मैकुलम और स्टोक्स की आक्रामक 'बैजबॉल' रणनीति भारत के मौजूदा दौरे पर इंग्लैंड के लिए उलटी पड़ गई जिसके बाद वॉन ने यह बयान दिया। इंग्लैंड की टीम 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला में 1-3 से पीछे है जबकि उसने पहला टेस्ट हैदराबाद में जीता था। वॉन ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों के रवैये पर सवाल उठाए और उनसे जवाबदेही की मांग की। उन्होंने एक अखबार में दिए कॉलम में लिखा- मैं अकसर पेप गार्डियोला के दृष्टिकोण का जिक्र करता हूं। मेरी नजरों में वह इस पीढ़ी और आप कह सकते हैं कि पिछले 15 साल से खेल के सर्वश्रेष्ठ मैनेजर हैं। वह अपने खिलाड़ियों को कभी भी सहज नहीं होने देते। वह हमेशा उन्हें सोचते रहने देते हैं क्योंकि खिलाड़ी जानते हैं कि उन्हें अपने स्थान की गारंटी नहीं है।

## प्राग मास्टर्स शतरंज : प्रज्ञानन्दा नें विदित को हराया, नवारा से जीती बाजी हारे गुकेश

**प्राग, चेक गणराज्य।** प्राग मास्टर्स शतरंज के पांचवें दिन भारत के ग्रांड मास्टर आर प्रज्ञानन्दा नें टूनार्मेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज की और यह जीत उन्हे मिली हमवतन विदित गुजराती के खिलाफ। सफेद मोहरो से खेल रहे प्रज्ञानन्दा और विदित के बीच इंग्लिश ओपनिंग में खेली गयी बाजी लगभग बराबर पर चल रही थी पर अंत समय में अपने प्यादो के शानदार खेल से प्रज्ञानन्दा नें 52 चालों में जीत दर्ज की। वहीं भारत के डी गुकेश को चेक गणराज्य के डेविड नवारा के खिलाफ लगभग जीती बाजी में हार का सामना करना पड़ा। पांचवें राउंड में एक बार फिर उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक नें जीत दर्ज की और उन्होने पोलैंड के माटेस बार्तेल को मात दी और अब वह 4 अंक बनांकर एकल बढ़त पर पहुँच गए है। अपनी इस जीत के चलते अब्दुसत्तोरोव 2761 लाइव रेटिंग के साथ विश्व के नंबर 5 खिलाड़ी बन गए है। अन्य परिणामों में ईरान के परहम मघसूदलू नें रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट से और मेजबान चेक गणराज्य के थाई डाइ वान नें जर्मनी के विन्सेंट केमर से मुकाबला ड्रॉ खेला। अन्य खिलाड़ियों में परहम 3.5 अंक , रिचर्ड 3 अंक , प्रज्ञानन्दा , गुकेश और डेविड 2.5 अंक , विदित , डाइ और विन्सेंट 2 अंक और बारटेल 1 अंक बनाकर खेल रहे है।

# क्रिकेटर रॉबिन मिंज का रोड एक्सीडेंट

खबर मन्त्र संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश के उभरते क्रिकेटर और आइपीएल 2024 ऑक्शन में 3.6 करोड़ रुपये पाने वाले गुजरात टाइटंस के विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिंज का शनिवार को एक्सीडेंट हो गया। झारखंड से आने वाले इस युवा खिलाड़ी को फिलहाल ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। 21 वर्षीय रॉबिन अपनी कावासाकी सुपरबाइक चला रहे थे तभी दूसरी बाइक से टकराने के बाद उनका संतुलन बिगड़ गया। रॉबिन के पिता फ्रांसिस मिंज ने इस खबर की पुष्टि की और बताया कि उनके बेटे को मामूली चोटें आई हैं और फिलहाल उनका ऑब्जर्वेशन किया जा रहा है।

### बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई बाइक

रांची एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी गार्ड रॉबिन के पिता फ्रांसिस के अनुसार, रॉबिन ने अपनी बाइक से नियंत्रण खो दिया जब वह दूसरी बाइक से टकरा गई। गनीमत रही कि अभी चोटें गंभीर नहीं हैं और रॉबिन की बारीकी से निगरानी की जा रही है। टक्कर में रॉबिन की सुपरबाइक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उनके दाहिने घुटने पर कुछ चोटें आई हैं। हाल ही में, रॉबिन कर्नाटक के खिलाफ सीके नायडू ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के बाद घर लौटे थे। नॉकआउट मुकाबले में रॉबिन मिंज ने शानदार 137 रन बनाए थे।



# लियोन के सिक्सर से ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 172 रनों हराया

एजेंसी

**वेलिंग्टन।** नाथन लियोन के विकेटों के सिक्सर की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पहले टेस्ट मैच में चौथे दिन न्यूजीलैंड को 196 रन पर समेट कर 172 रन से जीत दर्ज की है। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। न्यूजीलैंड ने शनिवार को स्पिन गेंदबाज ग्लेन फिलिप्स के पांच विकटों की शानदार गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया को 164 रन पर ढ़ेर करने के बाद दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 111 रन बना लिये थे। रविवार के सुबह बल्लेबाजी करने उतरी मेजबान टीम ने केवल 70 रन के अंदर ही अपने सात विकेट गंवाकर 196 रन पर ढेर हो गई। टेस्ट क्रिकेट में 14 साल बाद ऐसा हुआ है जब न्यूजीलैंड की टीम अपने घर में दोनों पारियों में 200 से कम के स्कोर पर ऑल आउट हुई है। इससे पहले वर्ष 2012 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हेमिल्टन में न्यूजीलैंड दोनों टेस्ट पारियों में 200 से कम के स्कोर ढेर हो गई थी। ऑस्ट्रेलिया के 36 वर्षीय गेंदबाज नाथन लियोन ने पहली पारी में चार और दूसरी पारी में छह विकेट लेकर मैच जीतने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दोनों पारियों में कुल 10 विकेट चटाये। न्यूजीलैंड के लिए दूसरी पारी में केवल रचिन रवींद्र ने 59 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इसके अलावा डेरिल मिचेल ने 38 रन और स्कॉट कुग्गेलिन ने 26 रन, विल यंग 15 रन और मैट हेनरी 14 रन बनाकर आउट हुये। शेष बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके। ऑस्ट्रेलिया पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में कैमरून ग्रीन के 174 रनों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 383 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। ग्लेन फिलिप्स सर्वाधिक 71 रन बनाये उसके बाद मैट हेनरी ने 34 गेंदों में 42 रनों की पारी खेली। मैट हेनरी 42 रन और टॉम ब्लंडल 33 रन बनाकर आउट हुये। नेथन लियोन और जॉश हेजलवुड की शानदार गेंदबाजी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान न्यूजीलैंड को पहली पारी में 41.1 ओवर में मात्र 179 रनों पर ही सिमट दिया था। ऑस्ट्रेलिया की ओर नेथन लायन ने चार विकेट लिये। जॉश हेजलवुड को दो विकेट मिले। मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और मिचेल मार्श ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया को 204 रन की बढ़त मिली थी। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में 164 रन सिमट गई थी और न्यूजीलैंड को जीत के लिए 369 रन का लक्ष्य मिला था। न्यूजीलैंड चौथी पारी में 369 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी और उसने शनिवार के दिन का खेल समाप्त होने तक अपने तीन विकेट 111 के स्कोर पर गंवा दिये थे। हालांकि चौथे विकेट के लिए रचिन रवीन्द्र और डरिल मिचेल के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई लेकिन उसके बाद शेष बल्लेबाज तू चल मैं आया की तर्ज पर एक के एक पवेलियन लौटते चले गये और पूरी टीम दूसरी पारी में 196 रन ही बना सकी और 172 रन से मुकाबला हार गई। ग्रीन को 174 रनों की शानदारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया।

## लियोन का वेलिंग्टन टेस्ट में शानदार प्रदर्शन, 78 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**न्यूजीलैंड में किसी ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर द्वारा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े**

- नाथन लियोन : 27-8-65-6, वेलिंगटन, 2024
- विलियम जोसेफ ओ'रेली : 12-5-14-5, वेलिंगटन, 1946
- शेन वार्न : 14-3-39-5, क्राइस्टचर्च, 2005
- केरी ओ'कीफे : 28-5-101-5, क्राइस्टचर्च, 1977
- शेन वार्न : 15-12-8-4, ऑकलैंड, 1993

नाथन लियोन ने रविवार को न्यूजीलैंड में किसी ऑस्ट्रेलियाई स्पिन गेंदबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ आंकड़े दर्ज किए। लियोन ने वेलिंग्टन में बेसिन रिजर्व में ब्लैक कैप्स के खिलाफ पहले टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की। लियोन ने 27-8-65-6 के आंकड़े के साथ 78 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। इससे पहले 1946 में लेग स्पिनर विलियम जोसेफ ओ'रेली के पास उसी स्थान पर 12-5-14-5 के आंकड़े थे। महान शेन वार्न और केरी ओ'कीफे अन्य ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर हैं जिन्होंने न्यूजीलैंड की धरती पर 5 विकेट लिए हैं। रविवार को लियोन के स्पैल के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने कीवी टीम को 64.4 ओवर में 196 रन पर आउट कर दिया और 172 रन से मैच जीत लिया। इसके अलावा मेहमान टीम ने 2 मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली।



## स्पीड न्यूज

### सौंदा डी पंचायत में लाभार्थी अभियान



भुरकुंडा (रामगढ़)। सौंदा डी पंचायत के बूथ संख्या 304 में शनिवार को पतरातू मंडल लाभार्थी संपर्क अभियान हुआ शुरू। अभियान के संयोजक किशोर कुमार महतो ने कहा कि मंडल स्तर पर लाभार्थियों से संपर्क करने के लिए मैपिंग कर लाभार्थी सूची कार्यकर्ताओं को जल्द उपलब्ध हो जायेगा। जिन लाभार्थियों से संपर्क होगा उनका ब्यौरा अपलोड करना आवश्यक होगा। जहां नेटवर्क की समस्या है, वहां ऑफलाइन भी किया जायेगा। इसके लिए सभी बूथों पर फॉर्म भेजा गया है। बताया गया की सभी लाभार्थियों से 9638002024 पर मिस्ड कॉल करवाना तथा तमाम घरों में मोदी जी का स्टीकर चिपकवाने का कार्य किया जायेगा। सरल हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 8287809809 पर संपर्क करना है। अभियान को सफल बनाने में मीडिया प्रभारी संतोष शर्मा, रविकांत कुमार, असलम मियां, अवधेश कुमार सिंह, विशुन राम, राजाराम सिंह, रविंद्र पांडे, बबन मिश्रा, भगवान साव आदि जुटे हैं।

### सेवा मंच ने गरीबों को खिलाया खाना



भुरकुंडा (रामगढ़)। सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आये 150 गरीब-जरूरतमंदों को भोजन कराया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि जेएसपीएल की महत्वाकांक्षी योजना मिशन जीरो हंगर के तहत गरीबों को भोजन कराया गया है। उन्होंने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा होता है। गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य होता है। उन्होंने कहा की मंच का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा है, ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाशंकर जायसवाल, दिलीप अग्रवाल, दिलीप गंझू, वीरेंद्र पांडेय, लालू उरांव, उदयभान दुबे, जयप्रकाश पांडेय, नंद किशोर ठाकुर, लखन राम, मो. शाहिद, सुकरा करमाली, संजू सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

### भाकपा पतरातू अंचल कमेटी की बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पतरातू अंचल कमेटी की रविवार को पार्टी कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता पोचाई प्रसाद व संचालन मनोज पहान ने किया। पतरातू अंचल सचिव कॉ. मनोज कुमार महतो ने कहा कि पूरे देश में परिवर्तन की लहर चल रही है। भाजपा के सांसद से हजारीबाग की जनता उब चुकी है। हजारीबाग में लोग विस्थापन का दंश झेल रहे हैं। अडानी से लेकर कई कॉरपोरेट घराने हजारीबाग में दस्तक दे चुके हैं। लेकिन न तो किसानों को और न ही आम जनता को उनका हक-अधिकार मिल रहा है। मौके पर लखेंद्र राय, जियाउल अंसारी, अमन कुमार सिंह, ओम प्रकाश साहू, प्रदीप सिंह, भूगोल राठौर, सोनेलाल बेदिया, किशोर महतो, रमेश महतो, जगदेव महतो, विनोद बेदिया, गुलशन उरांव, विकास महतो, रामेश्वर कुमार यादव, नरेश बेदिया, बिजेंद्र मुंडा, जोशीलाल महतो, संजय बेदिया आदि मौजूद थे।

### रामगढ़ में मनीष जायसवाल का स्वागत



रामगढ़ । हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सासंद प्रत्याशी के रूप में मनीष जयसवाल को टिकट मिलने पर रविवार को सुभाष चौक पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े ढोल नगाड़े , गाजे बाजे, फूल माला,गुलदस्ते,मिठाई के साथ उनका भव्य स्वागत किया। जायसवाल ने लोकसभा से टिकट मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद दिया । जायसवाल का स्वागत भाजपा रामगढ़ जिला के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में किया गया । मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, उपाध्यक्ष दिलीप स्वर्णकार, ईश्वर चंद्र प्रजापति, रणजीत सिन्हा ,चंद्रशेखर चौधरी, उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, रंजन फौजी, प्रो0 खिरोधर साहू, दिलीप सिंह , राजू कुशवाहा , बसुध तिवारी , रमेश वर्मा , विजय जायसवाल ,रोबिन गुप्ता, सुनील वर्णवाल, बृजेश पाठक, भीमसेन चौहान ,आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू,धीरज साहू, कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, शिवकुमार महतो, ऋषिकेश सिंह, वरुण सिंह, रणजीत पाण्डे,शीतल सिंह , संतराज पासवान,राजेश ठाकुर आदि मौजूद थे।

### भुरकुंडा में कराटे प्रशिक्षण संपन्न



भुरकुंडा (रामगढ़)। पंचायत भवन भुरकुंडा एवं काली मंदिर प्रांगण में चल रहे दो दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का रविवार को समापन हुआ। समापन शिविर में मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे के मुख्य प्रशिक्षक सिहोन जीबी थापा ने बच्चों को कराटे के विभिन्न गुर सिखाते हुए इसके फायदों से अवगत कराया। मौके पर कराटे कोच सेंसाई कंचन दास ने बताया कि सप्ताह में दो दिन काली मंदिर के प्रांगण में दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक आस्था सिंह द्वारा बच्चों को कराटे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जीबी थापा ने कहा कि कराटे आत्मरक्षा का बेहतर साधन है। शिविर में कराटे प्रशिक्षिका आस्था सिंह ब्लैक बेल्ट द्वितीय डान एवं चित्रलेखा कुमारी ने जान्हवी, आलिया, सिमरन, यामिनी, गीता, मुस्कान, सुहाना, खुशी, मेघा, सृष्टि, अध्या, आसरा, और शिवांश विकास रेयांश आदि कराटेकारों को कराटे का योगाभ्यास कराया।

### शबरी जयंती की शोभायात्रा स्थगित

मांडू। मांडू चट्टी स्थित सुभाष स्टेडियम मांडू में बालेश्वर भुईया की अध्यक्षता में 3 मार्च को शोक सभा का आयोजन किया गया । शोक सभा में गांव समाज के विजय साव पिता स्व त्रिवेणी साव व सोनू राम पिता स्व सरजू रविदास का आकस्मिक देहांत हो जाने के कारण रविवार को का होने वाला माता शबरी जयंती समारोह व शोभायात्रा एवं झांकी को स्थगित किया गया । शोक सभा में उपस्थित लोगों ने दोनों की आत्मा शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण किया और ईश्वर से मृत परिवार को सहनशक्ति प्रदान करने का ईश्वर से प्रार्थना किया ।

# मनीष जायसवाल का भुरकुंडा में स्वागत

- संकट मोचन मंदिर भुरकुंडा, सौंदा डी व मतकमा चौक में भाजपाइयों ने किया सम्मानित
- कार्यकर्ताओं के बदौलत ही जीतेंगे : मनीष जयसवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

भुरकुंडा (रामगढ़)। हजारीबाग लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार मनीष जयसवाल का रविवार को भुरकुंडा कोयलांचल में आगमन हुआ। इस अवसर पर भुरकुंडा संकट मोचन मंदिर, भदानीनगर के मतकमा चौक, सौंदा डी, नलकारी ठठ मंदिर सहित अन्य क्षेत्रों में भाजपाईयों ने मनीष जयसवाल को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान भाजपा जिन्दाबाद, पीएम मोदी जिन्दाबाद, मनीष जयसवाल जिन्दाबाद आदि के नारो से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। भुरकुंडा में स्वागत करने वालो में भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, दक्षिणी ओबीसी मोर्चा के प्रभारी योगेश दांगी, सुखदेव प्रसाद, डॉ. संजय सिंह, अखिलेश प्रसाद, संजीव कुमार बावला, सत्येंद्र नारायण सिंह, अशोक सोनी, महेंद्र सिंह, ज्योति सिंह, शंकर प्रसाद, सुभाष दास, अखिलेश टोप्पो, देव कुमार सिंह, राजेश गुप्ता, दीनबंधु सिंह, बाबूलाल नायक, लक्ष्मी देवी, खुशबू देवी, अमिता सोनी, आकाश साहू, प्रकाश नायक, जनार्दन सिंह, कमलेश सिन्हा, विनोद सिंह, सत्य प्रकाश, उमेश सिंह, विजय सिंह सहित कई भाजपाई मौजूद थें। सौंदा डी में भी मनीष जयसवाल का भाजपाईयों ने गर्मजोशी के साथ बुके देकर स्वागत करते हुए अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया।

स्वागत करने वालो में जिला पार्षद राजाराम प्रजापति, सौन्दा डी मुखिया उपेंद्र शर्मा, पंचायत समिति प्रतिनिधि डब्लू पाण्डेय, अल्पसंख्यक पतरातु मंडल अध्यक्ष असलम मियां, रविकांत कुमार, संजय कुमार, संतोष रजक, संजीत चैधरी, संतोष कुमार, रविन्द्र पांडेय, श्रवण कुमार, विष्णु कुमार, सुनील कुमार मिश्रा सहित दर्जनों भाजपाई शामिल थें। इधर नलकारी नदी तट स्थित छठ मंदिर में आयोजित भूमि पूजन में भी मनीष जयसवाल शामिल हुए। जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया।



लोकसभा चुनाव में भाजपा के शीर्ष नेताओं ने मुझपर जो विश्वास जताया है, उसके लिए मैं पार्टी के वरीय पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं का आभार जता रहा हूं। उक्त बातें सांसद प्रत्याशी मनीष जयसवाल ने कही।

श्री जयसवाल रांची से हजारीबाग जाने के क्रम में कुजू चौक स्थित एमआर कॉम्प्लेक्स में भाजपा कार्यकताओं द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता के बदौलत ही हमारी जीत होगी। स्वागत करने वालो में जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, महामंत्री खिरोधर प्रसाद साहू, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, राजेंद्र कुशवाहा, प्रदीप सिन्हा, पंकज साहा, राजीव जायसवाल, तोकेश सिंह, रतन प्रसाद साहू, रवि साहू, अशोक कुमार, मनोज गिरी, निर्मल करमाली, मनोहर गुप्ता, अखिलेशर प्रसाद, उमेश चन्द्र पटेल, गणेश सोनी, शभुलाल ठाकुर, बसंत साहू, रामकुमार, पंचीत महतो, श्रवण साह, जनक प्रसाद, दिनेशवर प्रसाद साहू, सुखदेव सोनी, सुधान सिंह, दशरथ केशरी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## भेलवारा में झामुमो ने निकाला न्याय मार्च

**खबर मन्त्र संवाददाता**

विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ प्रखंड के भेलवारा पंचायत में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समर्थन और केंद्र सरकार के विरोध में न्याय मार्च यात्रा निकाली गई । न्याय यात्रा की शुरूवात केंदुवा सरना स्थल में पूजा अर्चना कर किया । इस दौरान कार्यकताओं ने हेमंत सोरेन की जल्द रिहाई होने की प्रार्थना की । कार्यक्रम की अध्यक्षता विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी तथा संचालन प्रखंड सचिव संजय प्रजापति के द्वारा किया गया ।

इस दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं ने ईडी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर जेल भेजने की पीछे केंद्र सरकार का जमकर विरोध जताते हुए जोरदार नारेबाजी की ।उन्होंने कहा ईडी केंद्र सरकार की कठपुतली बनकर रह गई है। हमारे नेता हेमंत सोरेन को बार बार भाजपा के इशारे पर केंद्र एजेंसीया प्रताड़ित कर रही है इसको हम झारखंड वासी चलने नहीं देंगे । आने वाला लोकसभा विधानसभा चुनाव में इसका परिणाम दिख जाएगा । विष्णुगढ़ प्रखंड सचिव संजय प्रजापति ने कहा केंद्र सरकार के षड्यंत्रकारी नीतियों का विरोध सड़क से लेकर सदन तक किया जाएगा जब तक हेमंत सोरेन जेल से बाहर नहीं आ जाते हैं तब तक सभी पंचायत में न्याय मार्च जारी रहेगा । मौके पर राजू श्रीवास्तव, राणा इकबाल खान, मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो , प्रखंड उपाध्यक्ष सुनील अकेला ,उपमुखिया अनुराग बर्मन ,संजय पटेल, शरीफ अंसारी, रामकिशोर महतो रामलाल सोरेन, अनिल कसेरा , मुकेश महतो , छोटू हांसदा , प्रभु मुर्मू, राजू सोरेन समेत कई लोग मौजूद थे।





### सूर्य षष्ठी महायज्ञ को ले भूमि पूजन

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा-सौंदा डी नलारी नदी तट स्थित छठ मंदिर में 9 अप्रैल से होने वाले सात दिवसीय श्रीश्री सूर्य षष्ठी महायज्ञ को लेकर रविवार को भूमि-पूजन, ध्वजारोहण सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। इस दौरान अयोध्या के आचार्य पद्मनाभ दास और पंडित विपिन कुमार शुक्ला द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भूमि पूजन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। इसके बाद ध्वज की स्थापना की गई। पूजा के दौरान हर हर महादेव, जय छठी मइया सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं के गगनभेदी उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

### जय गुरुदेव जीव जागरण यात्रा पहुंची भुरकुंडा

भुरकुंडा (रामगढ़)। जय गुरुदेव के तत्वधान में रविवार को जीव जागरण यात्रा रामगढ़ से भुरकुंडा पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल थे। यह यात्रा रामगढ़ से चलकर थाना चौक भुरकुंडा, अरगड्डा, गिद्दी ए, रिवर साइड, भुरकुंडा बाजार, मतकाम चैक, चैनगडा और बरकाकाना होते हुए एमएमटी ग्राउंड में संपन्न हुआ। यात्रा का नेतृत्व प्रांतीय जिम्मेवार जीतलाल टुड्डू, जिला जिम्मेवार गणेश कुमार, योगेंद्र बेदिया, महेंद्र बेदिया और कृष्ण उरांव कर रहे थे। मौके पर मुख्य वक्ता गणेश कुमार ने बताया की परम संत बाबा उमाकांत जी महाराज के सानिध्य में यात्रा के माध्यम से नशा मुक्त समाज का निर्माण और शाकाहारी बनने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही मानव धर्म का पालन करना और बुरे कामों से दूर रहने की अपील की जा रही है। उन्होंने कहा की बाबा ने मानव धर्म को बचाने और सत्कर्म करने की बात कही है।

## झारखंड में एनडीए की जीत में किंग मेकर बनेगी आजसू : उमेश भोक्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

केरेडारी। केरेडारी पंचायत भवन में आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसमें पार्टी के केंद्रीय महासचिव व बड़कागांव विधानसभा चुनाव संगठन प्रभारी उमेश कुमार भोक्ता तथा केंद्रीय सदस्य सह केरेडारी प्रखंड प्रभारी संदीप कुशवाहा व नागेश्वर तुरी शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बैद्यनाथ महतो तथा संचालन प्रखंड सचिव मोहन कुमार महतो ने किया।

भोक्ता ने कहा कि आजसू पार्टी के केंद्रीय निदेर्शानुसार आगामी लोकसभा को देखते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी इकाइयों में पार्टी का हरेक स्तर पर मजबूती प्रदान करने हेतु प्रखंड से लेकर पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारियों की नियुक्ति कर पार्टी को सशक्त बनाना है और अबकी बार 400 पार के साथ अबकी बार फिर से मोदी सरकार बनाना है। इसके लिए पार्टी के हरेक कार्यकर्ता को कमर कसनी होगी। हरेक गांव का एक-एक कार्यकर्ता ही आजसू पार्टी का पीलर मेंबर है और इन्ही मजबूत पिलर के सहारे एनडीए को विशाल जीत दर्ज करनी है। इस बार आजसू पार्टी झारखंड में एनडीए की जीत में किंग मेकर की भूमिका में रहेगी। इसके लिए सभी कार्यकर्ता जमीनी





तह तक जा के एक एक व्यक्ति से संपर्क करेंगे। बैठक में मुख्य निर्देश देते हुए कहा कि सभी पंचायत प्रभारियों की नियुक्ति की गई है तथा चयनित सभी पंचायत प्रभारी 5 मार्च तक ग्राम प्रभारियों का चयन जिसमें एक महिला एक पुरुष को नियुक्त करने का निर्देश दिया गया है।6 मार्च को हजारीबाग लोकसभा अंतर्गत सभी प्रखंड प्रभारियों की बैठक होगी। वही 12 मार्च को आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो की सभा हजारीबाग में होगी। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य पंकज साहा,भोला महतो,अनिल राम,लीलाधान साव, जिला प्रवक्ता रविशंकर जायसवाल,जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार दीन्हा,प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमरंजन महतो,जिला सदस्य कौलेश्वर यादव, मुखिया झरीलाल महतो ,पंसस देवनारायण महतो,बिनोद महतो,सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### बलकुदरा में झामुमो की बैठक

भुरकुंडा (रामगढ़)। झामुमो बलकुदरा पंचायत कमेटी की बैठक रविवार को रिचीबंधा फुटबॉल ग्राउंड में हुई। इसकी अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष सुनील मुंडा और संचालन पंचायत सचिव सन्नी मुंडा ने किया। बैठक में कहा गया की बलकुदरा छाई-डैम में स्थानीय विस्थापित ग्रामीणो द्वारा अपने अधिकार को लेकर विगत वर्षो से पीभूयूएनएल प्रबंधन के खिलाफ लोकतांत्रिक ढंग से बैठक कर और जुलूस धरना-प्रदर्शन के माध्यम से कई एक बार प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा गया है। लेकिन पीभूयूएनएल प्रबंधन हम स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों की मांगों पर अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की है। जिससे विस्थापित ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है। मौके पर झामुमो युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह विस्थापित नेता योगेंद्र यादव ने कहा की हमेशा से पीभूयूएनएल प्रबंधन हम विस्थापितों को छलने का काम करती रही है। जिसे लेकर 12 मार्च को पीभूयूएनएल कंपनी पतरातू मेन गेट के समक्ष एक दिवसीय भूख हड़ताल करेगी। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में स्थानीय विस्थापित ग्रामीण शामिल होंगे। उन्होंने कहा की एक दिवसीय भूख हड़ताल के दौरान किसी तरह विधि-व्यवस्था भंग होती है, तो उसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन एवं प्रशासन की होगी। बैठक मे मुख्य रूप से योगेंद्र यादव, मनोज महली, अनिल मुंडा, रवि महली, कुणाल यादव, सुभाष यादव, अरविंद यादव, दिवाकर नाग, गुलचंद मुंडा, सतीश मुंडा, अरविंद यादव, रंजीत मुंडा, विकाश यादव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## प्रकृति के करीब हैं जनजातीय समुदाय : डॉ मिथिलेश

- जेएम कॉलेज में आदिवासी के विकास को लेकर सेमिनार में शामिल हुये कई दिग्गज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

भुरकुंडा (रामगढ़) ।पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज में झारखंड के आदिवासी समाज के विकास में समकालीन अनुसंधान पद्धति का प्रभाव विषय पर चल रहे दो दिवसीय सेमिनार शनिवार को संपन्न हुआ। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर सह डीन डॉ मिथिलेश कुमार ने कहा कि भारतीय समाज जनजातीय समुदाय से आज भी बहुत कुछ ले रहा है। कहने को तो हम स्वयं को प्रगतिशील व आधुनिक कहते हैं, लेकिन असल मायने में हमने जनजातीय समुदाय को कुछ दिया नहीं है। उनकी अपनी एक विशेष जीवनशैली रही है, जो प्रकृति के बेहद करीब है। आज भी जनजातीय समाज पर्यावरण व प्रकृति के लिए स्वयं को उसका संरक्षक मानता है। मूलतः आज के भौतिकवादी व उपभोक्तावादी समाज से उसने स्वयं को दूर रखा है। हालांकि इस समुदाय में भी एक मध्यवर्गीय वर्ग विकसित हो रहा है। लेकिन मूलरूप से आज भी जनजातीय समाज कई त्रुटियों से दूर है।

डॉ मनोज अगरिया ने कहा कि जनजातीय समाज के लोगों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार को झारखंड में एसटी कमीशन व आदिम जनजाति आयोग का गठन करने, झारखंड जनजातीय विश्वविद्यालय शुरू करने, झारखंड में बिरहोर, असुर, गौडी भाषा का संरक्षण करने, आदिम जनजातीय समुदाय को लोकसभा व राज्यसभा में आरक्षण देने, झारखंड के सभी



विश्वविद्यालय में आरक्षण रोस्टर का पालन करने की आवश्यकता है। सेमिनार के दौरान टूकैन रिसर्च एंड डेवलपमेंट बेंगलुरू के निदेशक केतन मिश्रा के द्वारा सभी लोगों को प्रमाण-पत्र दिया गया। सेमिनार में प्रो. डॉ एनके सिंह, डॉ लीला सिंह, डॉ विनोद कुमार सिंह, डॉ शीला सिंह, प्रो सावित्री विश्वकर्मा, डॉ शमा बेगम, डॉ जयदेव सिंह, डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह, डॉ नरेंद्र कुमार पाठक, डॉ शिवशंकर सिंह, डॉ रामप्रमोद सिंह, प्रो मनोज कुमार सिंह, प्रो महावीर प्रसाद कुशवाहा, प्रो विपुल कुमार सिंह, प्रो ज्ञानेंद्र दुबे, डॉ नरेंद्र प्रसाद सिंह, प्रो विजय मिश्रा, प्रो अनुज कुमार, डॉ अरुणजय सिंह, डॉ संतोष दांगी, प्रो सुब्रतो घोष, प्रो अवधेश कुमार सिंह, जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के प्राचार्य प्रो एनके तिवारी, डॉ विभा राय, डॉ एसएस पांडेय, प्रो सुरेश सिंह व दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थे।

## एक नजर में

### दौलत महतो मेमोरियल टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य विकास रत्न से हुये सम्मानित



विष्णुगढ़। रामनरेश सिंह एजुकेशनल फाऊंडेशन उत्तर प्रदेश के द्वारा दौलत महतो शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय बनासो हजारीबाग झारखंड के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुवेर्दी को विकास रत्न से से सम्मानित किया । सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए आईएस एजुकेशनल फाउंडेशन के अध्यक्ष सुनील कुमार संरक्षक प्रोफेसर एच के महासचिव डॉक्टर एस के सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि शिक्षा शास्त्र के प्रखर शिक्षाविद अभीप्रेरक वक्ता डॉ सुनील कुमार चतुवेर्दी को सम्मानित करते हुए फाउंडेशन अपने को गौरवान्वित अनुभव करता है तथा भविष्य में भी ग्रामीण विकास के लिए सराहनीय योगदान की अपेक्षा करता है। सम्मान पाकर बनासो स्थित अपने महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ सुनील कुमार चतुवेर्दी को महाविद्यालय के प्राध्यापक छात्र-छात्राएं कर्मियों तथा शिक्षा जगत से जुड़े व्यक्तियों द्वार स्वागत किया गया इस अवसर पर श्री चतुवेर्दी ने उपस्थित लोगों से कहा कि यह सम्मान आप सबों के प्रेरणा एवं गुणवत्ता पूर्वक कार्य करने के पश्चात प्राप्त हुआ है आप सभी धन्यवाद के पात्र हैं।

### चरही में मनीष जायसवाल का भव्य स्वागत



चरही। भाजपा के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को रांची से हजारीबाग लौटने के क्रम में रविवार को चरही चौक पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता द्वारिका सिंह,केपी ओझा,मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह, जिला अध्यक्ष, विवेकानंद सिंह,उपाध्यक्ष दामोदर सिंह,राजेश गुप्ता,महामंत्री सुमन कुमार पप्पू, मनोज गिरी,सेवालाल महतो,अनिल मिश्रा, कुंवर मनोज सिंह,राजेश गुप्ता,विनोद झुनझुनवाला,विजय वर्मा,रोशन कुमार,टोनी जैन,देवकी महतो,योगेंद्र साव,शशि कुमार,वीणा मिश्रा,आशा राय,सुनीता देवी,रोहित महतो,अजीत सिंह,फुलेश्वर महतो, गब्बर सिंह,गुड्डू बरनवाल,रणधीर पांडेय, शक्ति देवी, महादेव विश्वकर्मा, रमेश यादव, कमलदेव सिंह,रामराज सिंह,संजय सिंह देवेंद्र प्रसाद,गोपाल ठाकुर,मनजीत भुइयां समेत कई भाजपा कार्यकर्ता और नेता उपस्थित थे।

### चरही में राजपूत समाज की बैठक



चरही। चरही के दुर्गा मंडप प्रांगण में रविवार को राजपूत समाज की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता आनंद सिंह ने किया। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा किया गया।मौके पर द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, छोटन सिंह,गब्बर सिंह, धीरेंद्र सिंह, विश्वजीत सिंह,जितेंद्र सिंह ,रणधीर सिंह सुनील सिंह, चंदन सिंह, घनश्याम सिंह, अनुज प्रताप सिंह,अनिल सिंह, सुजीत सिंह,सुधीर सिंह, सुजीत कुमार सिंह ,धर्मेंद्र सिंह,विनय सिंह, अमित कुमार सिंह ,सुभाष कुमार सिंह ,विशाल सिंह, प्रकाश सिंह, नीरज सिंह, विश्वजीत सिंह, विक्की सिंह, मुकेश सिंह, प्रशांत सिंह, कुंदन सिंह, पप्पू सिंह,विवेक सिंह,कमल किशोर सिंह, अविनाश सिंह, अजीत सिंह, गौतम कुमार सिंह सहित समाज के कई लोग उपस्थित थे।

### जायसवाल के टिकट मिलने से विष्णुगढ़ में हर्ष

विष्णुगढ़ । भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के लिए हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल को भाजपा संगठन ने उम्मीदवार घोषित किया ।जिससे भाजपाइयों ने मनीष जायसवाल को बधाई देते जीत की अग्रिम बधाई दी ।भारतीय जनता पार्टी विष्णुगढ़ में नए उत्साह एवं जोश के साथ भाजपा प्रदेश नेतृत्व के अनुसार पूर्व आयोजित कार्यक्रम के तहत कृष्णा मेडिकल सात मिल में बैठक कर तैयारी की ।प्राप्त निदेर्शानुसार विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय में 04 मार्च 2024 सोमवार को झारखंड सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार,पेपर लीक,लूट खसोट, हत्या,बलात्कार एवं अबुआ आवास के नाम पर अवैध वसूली के खिलाफ वर्तमान झारखंड सरकार की जनविरोधी नीतियों तथा युवाओ के भविष्य के साथ खिलवाड़ को लेकर एकदिवसीय धरना दिया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता,उपाध्यक्ष महादेव मंडल,मंत्री राजेश सोनी,मीडिया प्रभारी जीवन सोनी,किसान मोर्चा अध्यक्ष अशोक कुमार,भाजयुमो मंत्री नीतीश कुमार बर्णवाल, कन्हाई यादव,झल्लू पंडित,अनुज कुमार पाण्डेय राकेश कुमार वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### पीएम बनते ही शहवाज ने उगला जहर

**गठबंधन का आभार जताया:** शहबाज शरीफ ने उन पर भरोसा जताने और उन्हें सदन का नेता बनाने के लिए गठबंधन सरकार के अपने सहयोगियों का आभार जताया। उन्होंने अपने विजयी भाषण में कहा, जब मेरे नेता (नवाज) तीन बार प्रधानमंत्री चुने गये तो देश में जो विकास हुआ, वह अपने आप में उदाहरण है। यह कहना गलत नहीं है कि नवाज शरीफ वह शख्स हैं, जिन्होंने पाकिस्तान का निर्माण किया है। पीएमएल-एन और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के संयुक्त उम्मीदवार शहबाज को 336 सदस्यीय सदन में 201 वोट मिले। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उनके प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को 92 वोट मिले।

### घोलप रमेश चतरा और कुमुद जामताड़ा के डीसी

इमरान अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ कार्यपालक निदेशक झारखंड राज्य आरोग्य समिति रांची के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे। डीसी जामताड़ा के पद पर स्थापित शशि भूषण मेहरा को स्थानांतरित करते हुए अपर सचिव वित्त विभाग के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं, राज्य परियोजना निदेशक झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद किरण कुमारी को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक निदेशक पशुपालन के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं, निदेशक पशुपालन आदित्य रंजन को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक राज्य परियोजना निदेशक झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद सर्व शिक्षा अभियान के पद पर नियुक्त किया गया है। श्री रंजन अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ निर्देशक मध्याह्न भोजन प्राधिकार झारखंड (एमडीएम) तथा निदेशक झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## स्पीड न्यूज

### लॉकेट चटर्जी ने शुरू किया चुनाव प्रचार



**हुगली।** हुगली लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार लॉकेट चटर्जी ने प्रचार शुरू कर दिया। लॉकेट चटर्जी पीपुलपाती इलाके में अपने समर्थकों के साथ दीवाल लेखन करती दिखीं। इसके बाद लॉकेट ने हुगली के कपासडांगा इलाके में कार्यकर्ताओं के साथ एक सांगठनिक बैठक की।

### 6 मार्च को दिल्ली कूच करेंगे किसान

चंडीगढ़। शंभू व खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने अब 6 मार्च को दिल्ली कूच व 10 मार्च को देशभर में चार घंटे के लिए रेलवे ट्रैक जाम करने का ऐलान किया है। यह जानकारी रविवार को किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने दी। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर खनौरी बॉर्डर पर मारे गए किसान शुभकरण की अंतिम अरदास के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देशभर के किसानों को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की बजाए रेलगाड़ियों, बसों तथा अन्य साधनों से 6 मार्च तक दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया गया है।

### पाक में तीन आतंकी मारे गए,चार घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनखा प्रांत में सुरक्षा बलों के साथ झड़प के दौरान तीन आतंकवादी मारे गए हैं और चार अन्य घायल हो गए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने रविवार को एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की कथित मौजूदगी पर प्रांत के करक जिले में तलाशी अभियान चलाया।

### राजनाथ सिंह आज करेंगे डिफकनेक्ट का उद्घाटन

नयी दिल्ली। उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए स्वदेशी नवाचार और साझीदारी को बढ़ावा देने के वास्ते सोमवार को यहां डिफकनेक्ट 2024 का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। डिफकनेक्ट 2024 देश के रक्षा नवाचार परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो सशस्त्र बलों, रक्षा उद्योग के प्रमुख उद्यमियों, स्टार्ट-अप, शिक्षाविदों और नीति निमार्ताओं सहित सभी महत्वपूर्ण हितधारकों को एक साथ लाता है। यह आयोजन रक्षा क्षेत्र में भारत के अग्रणी उद्योगों से बड़ी संख्या में नवप्रवर्तकों और निवेशकों को आकर्षित करेगा।

### डा. हर्षवर्धन ने लिया राजनीति से सन्यास

नयी दिल्ली। भाजपा नेता एवं पूर्व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा की है। हाल ही में भाजपा की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची में चांदनी चौक से उनके स्थान पर प्रवीण खंडेलवाल को टिकट दिया गया है। प्रधानमंत्री मोदी की वापसी की शुभकामनाओं के साथ उन्होंने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि उन्हें उनके साथ काम करने का अवसर मिला। साथ ही उन्होंने पार्टी कार्यकताओं, प्रशंसकों और आम नागरिकों के साथ-साथ पार्टी के नेताओं को धन्यवाद दिया।

### बिहार को एक और वंदे भारत की मिलेगी सौगात

पटना। बिहार को एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिलेगी। यह लोकसभा चुनाव से पहले होगा। 6 मार्च को पीएम मोदी बेतिया से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। यह ट्रेन पटना से कटिहार और किशनगंज के रास्ते पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी तक चलाई जाएगी। मोदी 6 मार्च को बेतिया में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। मोदी बिहार समेत देशभर को करीब 19 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसी कार्यक्रम से वे पटना-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना कर सकते हैं।

# छह मार्च को नौसेना के बेड़े में शामिल होगा सीहॉक्स एमएच-60आर

- नौसेना की आंख, कान बनकर लंबी दूरी तक दुश्मन का सफाया करेगा हेलीकॉप्टर
- बहुउद्देशीय हेलीकॉप्टर से भारत-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री युद्धक क्षमता होगी मजबूत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना 06 मार्च को कोच्चि के आईएनएस गरुड़ में शामिल किए गए अमेरिकी एमएच-60आर सीहॉक बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर को अपने बेड़े में औपचारिक रूप से शामिल करेगी। इस सीहॉक्स स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा। ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर का एक समुद्री संस्करण है, जिसे समुद्र में उड़ता फ्रिगेट कहा जाता है। भविष्य में भारतीय नौसेना की आंख, कान बनकर यह रोमियो हेलीकॉप्टर लंबी दूरी तक अपने दुश्मन का सफाया करने में सक्षम होंगे। साथ ही इससे भारत-प्रशांत क्षेत्र में भारत की समुद्री युद्धक क्षमता और मजबूत होगी।

अमेरिकी नौसेना के साथ हुए अनुबंध के तहत सभी 24 हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति 2025 तक पूरी हो जाएगी। अत्याधुनिक मिशन सक्षम प्लेटफार्मों को शामिल करने से भारतीय नौसेना की विभिन्न एएसडब्ल्यू क्षमता को काफी बढ़ावा मिलेगा। मल्टी रोल एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर मिलने से भारत को सतह-विरोधी और पनडुब्बी-रोधी युद्ध अभियानों को अंजाम देने की क्षमता मिलेगी। साथ ही भारतीय नौसेना की त्रि-आयामी क्षमताओं में वृद्धि होगी। भारत अपनी बढ़ी हुई क्षमता का उपयोग क्षेत्रीय खतरों से निपटने और अपनी मातृभूमि की रक्षा को मजबूत करने के लिए करेगा।



इस सीहॉक्स स्क्वाड्रन को आईएनएएस 334 के रूप में भारतीय नौसेना में शामिल किया जाएगा, जो भारत की रक्षा आधुनिकीकरण यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण है। बहुउद्देश्यीय अमेरिकी समुद्री हेलीकॉप्टर एमएच-60आर को पनडुब्बी रोधी युद्ध, सतह रोधी युद्ध, खोज और बचाव, चिकित्सा निकासी के लिए डिजाइन किया गया है।

एमएच 60आर हेलीकॉप्टर भारत की समुद्री क्षमताओं को बढ़ावा देने के साथ नौसेना की परिचालन पहुंच का विस्तार करेगा और विशाल समुद्री डोमेन में निरंतर नौसैनिक संचालन का समर्थन करेगा। आईओआर में सीहॉक की तैनाती भारतीय नौसेना की समुद्री उपस्थिति को मजबूत करेगी। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करेगी। उन्नत हथियार, सेंसर और एवियोनिक्स सूट से लैस सीहॉक भारतीय नौसेना की समुद्री सुरक्षा जरूरतों के लिहाज से बनाया गया है, जो पारंपरिक और असममित दोनों खतरों के लिए उन्नत क्षमताएं प्रदान करते हैं।

### 2.6 अरब डॉलर में अमेरिका से खरीद गया 24 हेलीकॉप्टर

भारतीय नौसेना अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन से 24 हेलीकॉप्टर 2.6 अरब डॉलर के उस सौदे के तहत खरीद रही है, जो फरवरी, 2020 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा के समय हुई थी। सौदे के तहत अब तक छह एमएच-60आर सीहॉक भारत आ चुके हैं। पहली खेप की आपूर्ति के दौरान भारतीय नौसेना के 18 कर्मियों की एक टीम अमेरिका में हेलीकॉप्टरों के उड़ान का प्रशिक्षण लेने के लिए गई थी। इन हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल एयर क्रू और तकनीकी चालक दल के पहले भारतीय बैच को अमेरिका के पेंसाकोला, फ्लोरिडा और सैन डिएगो में प्रशिक्षण देने के लिए किया गया।

# बदलाव का तूफान बिहार से शुरू होगा: राहुल गांधी

**जन विश्वास रैली**

- कहा-युवाओं और किसानों के साथ हो रहा है अन्याय
- बिहार और यूपी से बाहर जाने वाली है भाजपा : अखिलेश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** राजधानी पटना के गांधी मैदान में रविवार को महागठबंधन की जन विश्वास महारैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। राहुल गांधी ने आरोप लगाते हुए कहा कि देश के युवाओं और किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। उद्योगों पर चुनिंदा लोगों का अधिकार है।

राहुल ने कहा कि देश में विचारधारा की लड़ाई है। बदलाव का तूफान बिहार से ही शुरू होगा। राहुल गांध ने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने अमीरों का 16 लाख करोड़ रुपया माफ कर दिया लेकिन गरीबों पर उनका कोई ध्यान नहीं है। राहुल गांधी ने कहा कि हम लोग आरएसएस और बीजेपी से नहीं डरते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि पहले पब्लिक सेक्टर होता था जिसमे गरीबों को रास्ता, नौकरी मिलती थी। सेना में अग्निवीरों को लेकर कहा कि सेना में अब दो तरह के शहीद होंगे। एक शहीद को इज्जत मिलेगी, दूसरे शहीद अग्निवीर होंगे, जिसे शहीद का दर्जा तक नहीं मिलेगा।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी की 80 व बिहार की 40 यानी इन 120 सीटों पर भाजपा की 2024 में हार तय है। बिहार और यूपी से भाजपा बाहर जाने वाली है। उन्होंने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव में संविधान मंथन होने जा रहा है। एक तरफ संविधान बचाने वाले लोग हैं तो दूसरी ओर इसे खत्म कर देने वाले हैं।

### इधर चला मैं उधर चला, जाने कहां मैं किधर चला, तेजस्वी ने नीतीश कुमार पर कसा तंज

वहीं बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। तेजस्वी ने कहा कि हमारे नीतीश चाचा पर फिल्म अभिनेता रितिक रोशन का एक गाना बहुत सूट करता है, इधर चला मैं उधर चला, जाने कहां मैं किधर चला'। उन्होंने आगे कहा कि चाचा इधर चलिये या उधर चलिए और जब कुछ बचेगा ही नहीं तो फिसल जाइये। तेजस्वी कई बार यह कहते रहें कि हम अपने चाचा का सम्मान करते हैं। तेजस्वी ने कहा कि आज गांधी मैदान में दस लाख से ज्यादा पहुंचे हैं, जो कि एक रिकॉर्ड है। मैंने पिछले दस दिनों के भीतर 3500 किलोमीटर घूमने का काम किया। तेजस्वी ने सवालिया लहजे में जनता से पूछा कि आपने सबसे पहली बार दस लाख नौकरी देने की बात किसके मुंह से सुनी थी। गांधी मैदान में मौजूद भीड़ ने एक स्वर में तेजस्वी का नाम लिया। पूर्व डिप्टी सीएम ने एक बार फिर कहा कि आरजेडी केवल माई की नहीं बल्कि बाप की भी पार्टी है। तेजस्वी ने पिछले दिनों पाला बदलने वाले आरजेडी और कांग्रेस विधायकों पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ विधायक इधर-उधर करते हैं।

### आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ेंगे पवन सिंह



**कोलकाता।** भाजपा द्वारा पश्चिम बंगाल के कोयलांचल क्षेत्र आसनसोल से उम्मीदवार के तौर पर घोषित किए गए भोजपुरिया स्टार और मशहूर सिंगर पवन सिंह ने यू टर्न ले लिया है। शनिवार शाम जब उन्हें पार्टी ने उम्मीदवार बनाया तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के अन्य नेताओं का आभार जता रहे थे और कहा था कि वह आसनसोल की जनता पर भरोसा करते हैं। इसके बाद रविवार दोपहर उन्होंने घोषणा कर दी है कि वह अब चुनाव नहीं लड़ेंगे। सूत्रों ने बताया कि भोजपुरी गानों को लेकर हुए विवाद के बाद ही उन्होंने यह निर्णय लिया है। रविवार दोपहर पवन सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को दिल से आभार प्रकट करता हूं। पार्टी ने मुझ पर विश्वास करके आसनसोल का उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन किसी कारणवश मैं आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाऊंगा।

तृणमूल कांग्रेस ने पवन सिंह के इस पीछे हटने के कदम पर भाजपा पर निशाना साधा है। पार्टी ने कहा है कि खेला शुरू हो गया है। पार्टी के नेता अभिषेक बनर्जी ने पवन सिंह के चुनाव नहीं लड़ने के ऐलान पर कहा है कि यह पश्चिम बंगाल के लोगों की अदम्य भावना और शक्ति की जीत है।

# नकल माफियाओं की बाप दादा की संपत्ति होगी जब्त

- योगी बोले-जिंदगी भर जेल में सड़ेंगे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले
- स्मार्टफोन और स्मार्ट क्लास से जुड़कर पूरी दुनिया के सामने स्मार्ट युवा बनेंगे

**एजेंसी**

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि राज्य में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले लोग जीवन भर जेल में सड़ेंगे जबकि उनके बाप-दादा की संपत्ति जब्त कर ली जाएगी। आदित्यनाथ ने राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ह्व कोई भी युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता और यदि किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। उन्होंने कहा कि यही नहीं, उसके बाप-दादा की संपत्ति भी सरकार जब्त कर लेगी।

आदित्यनाथ ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17.35 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों तथा 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7.58 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 330प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास भी किया। चार इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को उन्होंने स्मार्ट क्लास का प्रमाण पत्र भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सिर्फ स्मार्ट शहर ही नहीं होंगे, बल्कि प्रदेश के युवा स्मार्टफोन और स्मार्ट क्लास से जुड़कर पूरी दुनिया के सामने स्मार्ट युवा बनेंगे। उन्होंने कहा कि नवंबर 2021 में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना का आगाज कर स्मार्टफोन और टैबलेट वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया। उनके मुताबिक, इसका उद्देश्य युवा शक्ति को डिजिटली सक्षम बनाना है ताकि भविष्य में कोरोना जैसी कोई महामारी पठन पाठन को बाधित न कर सके। आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना काल में जब भौतिक रूप से पठन पाठन ठप हो गया था तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तकनीक से जुड़ने का विजन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दो करोड़ युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए जाएंगे।





**मशहूर पॉप स्टार रिहाना ने अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग में मचायी धूम**

**मशहूर पॉप स्टार रिहाना ने अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट के विवाह से पहले प्री वेडिंग सेरेमनी में शानदार प्रस्तुति से धूम मचा दी। रिहाना ने डायमंड्स, हेयर हैव यू बीन, रूड बॉय और पोर इट अप जैसे हिट गाने गाए। इस सेरेमनी में शाहरुख खान-गौरी खान, रणवीर सिंह-दीपिका पादुकोण जैसी भारतीय फिल्म हस्तियां शामिल थीं।**

### अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में किंग खान ने लगाये जय श्री राम के नारे



**जामनगर।** मशहूर बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग सेरेमनी में शाहरुख खान ने अंबानी परिवार का खूबसूरत परिचय दिया। उन्होंने अपने भाषण की शुरूआत जय श्री राम के नारे से की। इस दौरान किंग खान ने कहा कि आप सभी ने डांस परफॉर्मेंस देखी। सभी भाइयों ने नृत्य किया, बहनों ने नृत्य किया... लेकिन इस समारोह की बात करें तो प्रार्थना और आशीर्वाद के बिना यह समारोह आगे नहीं बढ़ सकता। तो आइए मैं आप सभी को अंबानी परिवार की पावरपफ गर्ल्स से मिलवाता हूं, जो परिवार की त्रिमूर्ति हैं- सरस्वती, लक्ष्मी और पार्वती। इसके बाद शाहरुख खान ने कोकिलाबेन अंबानी, पूर्णिमा दलाल और देवयानी खिमजी का नाम लिया। रविवार को अनंत अंबानी-राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन का तीसरा और आखिरी दिन है।

# देश में अनुकूल माहौल, लेकिन लक्ष्य अभी दूर : भागवत

- संघ प्रमुख बोले-यह समय गति बढ़ाकर जीतने का है
- अपने पोषण की व्यवस्था स्वयं करता है स्वयंसेवक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत ने रविवार को कहा कि अनुकूल परिस्थितियों में विश्राम करने वाला हार जाता है जबकि अपनी गति बढ़ाकर कार्य करने वाले को विजयश्री मिलती है। उन्होंने कहा कि खरगोश और कछुआ की कहानी का सारांश यही है। आज देश में अनुकूल माहौल है। हमारा लक्ष्य अभी दूर है। यह समय अपनी गति बढ़ाकर जीत प्राप्त करने का है।

पटना के राजेंद्र नगर स्थित शाखा मैदान में प्रातः काल आयोजित गणवेशधारी स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरसंघचालक ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक गमले के पुष्प नहीं, बल्कि वन के फूल हैं जो अपने पोषण की व्यवस्था स्वयं करता है। हम लोगों को समाज ने सम्मान दिया है। स्वयंसेवकों को नहीं भूलना चाहिए कि हमारी दशा बदली है लेकिन दिशा नहीं। हमें विनम्रता और शील नहीं छोड़ना चाहिए। हम लोग बलशाली हो सकते हैं लेकिन उन्मुक्त नहीं। भागवत ने स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे अपने लिए चार काम सुनिश्चित करें। पहला कार्य शाखा की नित्य साधना। दूसरा कार्य शाखा से प्राप्त शिक्षा के आधार पर आचरण रखना। तीसरा कार्य जैसा समाज चाहिए उस अनुरूप अनुशासन के साथ प्रामाणिकता से आचरण और चौथा कार्य भोग नहीं, बल्कि त्याग का सिद्धांत व्यवहार में उतरना।



शताब्दी वर्ष का उल्लेख करते हुए सरसंघचालक ने कहा कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर पांच करणीय कार्य निश्चित किए गए हैं। पहला कार्य सामाजिक समरसता, दूसरा कार्य कुटुंब प्रबोधन, तीसरा स्वदेशी, चौथा पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और पांचवां कार्य नागरिक कर्तव्य बोध का जागरण है। कार्यक्रम में मंच पर दक्षिण बिहार प्रांत के संघचालक राजकुमार सिन्हा और महानगर के संघचालक डॉ. राजीव कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

### झलक दिखला जा-11 की विजेता बनीं मनीषा



**मुंबई।** पॉपुलर रियलिटी शो झलक दिखला जा-11 में वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी मनीषा रानी को विजेता घोषित किया गया है। मनीषा ने शोएब इब्राहिम सहित चार अन्य प्रतियोगियों को पछाड़कर ट्रॉफी पर कब्जा किया है। मनीषा को ट्रॉफी के साथ 30 लाख रुपये नकद का भी पुरस्कार मिला है। मनीषा ने फोटो को कैप्शन के साथ लिखा कि सपने सच होते हैं। आज आपकी सराहना करना काफी नहीं है...बिहार के एक छोटे से गांव की एक लड़की ने एक बड़ा सपना देखा और पूरा भारत उस सपने को पूरा करने के लिए एकजुट हो गया।


सूर्यांश वैदिक ज्योतिष कार्यालय

गिरधर गोपाल मिश्रा

ज्योतिषाचार्य



जन्म कुण्डली, रत्न विज्ञान व वैदिक अनुष्ठानों के द्वारा अपने समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान प्राप्त करें।

I S H103 Housing Colony Dhanbad Jharkhand 826001.
Mob. 9525504033

जय मां शक्ति सह होमियो चिकित्सा केंद्र

डॉक्टर आर के पाठक

होमियोपैथिक दवा के द्वारा सभी रोगों का इलाज (सुबह 10 से 12, शाम 5 से 8 बजे तक)

सम्पर्क : 8409363623

कुम्हारपट्टी मनईटांड़, धनबाद

VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !